वर्ष : 30 | अंक :169
प्रतापगढ़ | सोमवार , 22 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़ ,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

उलगुलान न्याय रैली

## मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट हुआ इंडिया गठबंधन

### जो जितना बड़ा भ्रष्टाचारी, वह उतना बड़ा पदाधिकारी- संजय सिंह




**रांची ,एजेंसियॉ।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के मतदान से पहले इंडिया गठबंधन ने झारखंड के रांची में उलगुलान न्याय रैली का आयोजन किया। बता दें, गठबंधन के कई बड़े नेता स्टेज पर मौजूद हैं। इन बड़े नेताओं में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, राजद नेता तेजस्वी यादव शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी समेत कई लोग शामिल है। इनके अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कविता सोरेन भी रैली के स्टेज पर मौजूद है। जानकारी के मुताबिक, अस्वस्थ होने की वजह से राहुल गांधी इस रैली में शामिल नहीं हुए हैं। उनकी जगह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गठबंधन का समर्थन करने रैली में पहुंचेंगे।शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने ह्ष्ठ्ठ ब्लॉक की उलगुलान न्याय महारैली में जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी लड़ाई जा रही है और उद्धव ठाकरे ने मुझ से कहा कि प्रियंका तूम झारखंड जाओ और हमारी दो बहनें एक दिल्ली में और एक झारखंड में जो लड़ाई लड़ रही हैं उनके साथ उनकी आवाज़ उठाओ। देश की जनता को बताओ कि किस प्रकार विपक्ष का गला घोंटने का काम कर रही है।रांची में उलगुलान न्याय रैली में आप नेता संजय सिंह ने कहा, यहां दो वीरांगनाएं बैठी हैं - कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल। जब वे बाहर आ सकती हैं, तो हमें भी बाहर आना चाहिए। जो लोग यहां एकत्र हुए हैं, वे पीएम मोदी को हराने के लिए एक संदेश देना चाहते हैं। मैं 6 महीने तक जेल में था, अरविंद केजरीवाल जेल में हैं, हेमंत सोरेन जेल में हैं. हम डरने वाले नहीं हैं।मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं. उन्होंने झूठे आरोप लगाकर हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया. जब वह भ्रष्टाचार पर बोलते हैं तो ऐसा लगता है मानो ओसामा बिन लादेन और गब्बर सिंह अहिंसा का उपदेश दे रहे हों। एक मोदी वाशिंग पाउडर आया है जो आपके सारे भ्रष्टाचार साफ़ कर देता है।

उनका नारा है जो जितना बड़ा भ्रष्टाचारी, वह उतना बड़ा पदाधिकारी। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन भारत के लिए काम करेगा और मोदी जी अडानी के लिए काम करेंगे। बीजेपी ने बंगाल में 400 पार, 200 पार, दिल्ली में 35 पार, झारखंड में 65 पार जैसे नारे देकर लोगों को गुमराह किया है। 400 पार का नारा फ़र्ज़ी है, इस बार आपको उन्हें तड़ी पार, तड़ी पार कहना चाहिए।

### जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल छूटेंगे-सुनीता




इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अपनी बात रखी। सुनीता केजरीवाल ने रैली में दिल्ली सीएम के स्वास्थ्य का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आम आदमी पार्टी के शब्दों को दोहराते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल को मारने की साजिश रची जा रही है।सुनीता केजरीवाल ने कहा, %अरविंद केजरीवाल को सत्ता की कोई इच्छा नहीं है। वह सिर्फ देश की सेवा करना चाहते हैं। वह देश को नंबर 1 बनाना चाहते हैं। बहुत से लोग कहते हैं कि ये मुश्किल है।% उन्होंने आगे नारा लगाया %जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन छूटेंगे।% आगे बोलते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा, %कई लोगों ने कहा कि राजनीति बहुत गंदी चीज है। वाकई बहुत गंदी चीज है। उनके खाने पर कैमरा लगाया हुआ है। उनके हर निवाले पर नजर रखी हुई है, कितनी शर्म की बात है।

### तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर लगाया जुमलेबाजी करने का आरोप

इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय रैली में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार को खूब खरी-खोटी सुनाई। पीएम मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने केवल देश में गरीबी बढ़ाई, महंगाई बढ़ाई, जुमलेबाजी की। इतना ही नहीं उन्होंने बीजेपी पर संविधान को खत्म करने का भी आरोप लगाया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान का जिक्र करते हुए तेजस्वी ने कहा, पीएम मोदी की 400 पार फिल्म पहले दिन ही फ्लॉप हो गई।

### राहुल गांधी बीमार, रांची की रैली में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिलहाल बीमार हैं और वे झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को आयोजित आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय रैली में शामिल नहीं हुए।कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी आज सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, लेकिन वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं।

## भाजपा संविधान बदलने की साजिश रच रही

### प्रियंका गांधीने पीएम मोदी पर लगाया दिखावे की राजनीति करने का आरोप



**बालोद,एजेंसियॉ।**कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर रविवार को आरोप लगाया कि वह देश के संविधान को बदलने की साजिश रच रही है। गांधी ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालोद जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''भाजपा के कई नेता जहां-जहां भाषण दे रहे हैं वहां कह रहे हैं कि हमको चार सौ सीट दे दो हम संविधान को बदल डालेंगे। यह क्यों कह रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''एक तरफ यह छोटे नेता और उनके कई मंत्री जगह-जगह जाकर कह रहे हैं कि हम संविधान बदल देंगे दूसरी तरफ मोदी जी और उनके बड़े नेता कहते हैं कि हम संविधान को नहीं बदलेंगे। आपको क्या लगता है कि भाजपा के नेता बगैर मोदी जी की इजाजत इतनी बड़ी बात कह सकते हैं। यह पूरी साजिश है।''प्रियंका ने लोगों से कहा, ''जिस संविधान ने आपको अधिकार दिया, आपको वोट करने का अधिकार दिया, आरक्षण दिया, जिसने आदिवासियों की संस्कृति को बचाकर रखा, दलितों को आगे बढ़ाने का काम किया, भाजपा इस संविधान को बदल कर आपके अधिकार को कमजोर करना चाहती है।''

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ''दिखावे की राजनीति'' करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग मोदी जी को ताकतवर बताते हैं लेकिन उन्होंने अपनी ताकत का इस्तेमाल कभी भी लोगों की समस्याएं कम करने में नहीं किया।कांग्रेस नेता ने कहा, ''कल मोदी जी धूमधाम से आएंगे बड़ी-बड़ी बातें की जाएंगी, आपके सामने बड़े-बड़े वादे करेंगे जैसे पहले किए थे।

आदिवासी संस्कृति की बात ही होगी लेकिन उसको बचाने का काम नहीं होगा।'' उन्होंने कहा, ''आपसे बेरोजगारी की बात नहीं करेंगे, महंगाई के बारे में बात नहीं करेंगे। आपको यही दिखाने की कोशिश होगी कि वह बहुत ताकतवर हैं। आप भरोसा करें सब कुछ ठीक हो जाएगा। मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि क्या पिछले 10 सालों में सब कुछ ठीक हो गया। यह दिखावे की राजनीति है।'' उन्होंने कहा, ''आपने इंदिरा जी (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) को बहुत आदर दिया। आज जब मैं उनकी पोती आपके सामने आती हूं आप मेरा सम्मान करते हैं क्योंकि उन्होंने दिखावे के लिए राजनीति नहीं की। आपके बीच आई आपकी समस्याओं को उन्होंने समझा।''कांग्रेस नेता ने कहा, ''आज इस देश में पूरी तरह से दिखावे की राजनीति चल रही है। आज तो यह स्थिति आ गई है कि नेता पूजा कर रहा है तो कैमरा होना चाहिए। इंदिरा जी भी पूजा करती थीं, लेकिन वह इसे एकांत में करती थीं।

राजनीति में धर्म का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए यह हमारी परंपरा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि धर्म का मतलब सेवा और सत्य है और यदि नेता मंच पर खड़े होकर झूठे वादे करें तो वह धार्मिक नेता नहीं है तथा वह सत्य के पथ पर नहीं है। उन्होंने मंच से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की भी तारीफ की और कहा कि भाजपा ने उन्हें परेशान किया और कई झूठे आरोप लगाए। प्रियंका ने इस दौरान जनता से कांकेर से कांग्रेस के प्रत्याशी बिरेश ठाकुर को वोट देने का अनुरोध किया।

## मैं यहां राजनीति में बने रहने, लोगों से जुड़े रहने के लिए आया हूं -यूसुफ पठान

**कोलकाता,एजेंसियॉ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ बहरमपुर लोकसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने कहा कि वह यहां राजनीति में बने रहने और शहर के लोगों से जुड़े रहने के लिए आए हैं जो उन्हें ''अपना मानकर पहले ही स्वीकार कर चुके हैं।'' क्रिकेट के सभी प्रारूपों से फरवरी 2021 में संन्यास लेने वाले पठान को लगता है कि बहरमपुर में हर बीतते दिन के साथ उनकी ताकत और आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा है। पठान ने कहा, ''मैं ऐसी जगह पर आकर धन्य हो गया हूं जहां लोग मुझे कह रहे हैं कि आपको हम यहां से जाने नहीं देंगे।'' उन्होंने कहा, ''यहां के लोग मुझे पहले ही अपना बेटा, भाई या मित्र मान चुके हैं। चुनाव का नतीजा चाहे कुछ भी हो, लेकिन मैं उनसे जुड़ा रहूंगा। मैं एक बेहतर भविष्य के लिए उनके साथ रहूंगा जिसके वे हकदार हैं। ये लोग मेरी ताकत हैं और 'इंशा अल्लाह', मैं जीतूंगा। मेरी इस समय जिस तरह की सकारात्मक सोच है, मैं हार के बारे में सोच भी नहीं रहा हूं।'' वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में तृणमूल के टिकट पर बहरमपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस के अनुभवी एवं निवर्तमान सांसद चौधरी को उनके गढ़ में चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अधीर चौधरी का बहुत सम्मान करता हूं जो कि एक वरिष्ठ नेता हैं।'' पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए गुजरात से यहां आए पठान ने कहा, ''लेकिन जब मैं लोगों को सुनता हूं तो मैंने कोविड-19 के दौरान जमीनी स्तर पर उनकी अनुपस्थिति को लेकर असंतोष सुना है। यहां के लोगों ने आरोप लगाया है कि चौधरी बुनियादी ढांचा विकसित करने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आवश्यक केंद्रीय निधि लाने में नाकाम रहे हैं। लोगों के लिए पर्याप्त काम नहीं किया गया और 25 साल से सांसद रहे नेता को लोगों को जवाब देना चाहिए कि वह नाकाम क्यों रहे।'' लोकसभा चुनाव लड़ने का विचार डेढ़ महीने पहले ही पठान के मन में आया जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक ने उनसे संपर्क किया। पठान ने कहा, ''यह 10 मार्च को पार्टी द्वारा अपने उम्मीदवारों की सूची घोषित करने वाले दिन से एक सप्ताह पहले हुआ। मैंने शुरुआत में इनकार कर दिया था।''



### राजौरी के थन्नामंडी में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**राजौरी, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के थन्नामंडी क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने रविवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। आतंकवादियों का यह ठिकाना घने जंगलों के बीच बनाया गया था। इस दौरान 08 आईईडी, जंग लगी गोली, बारूद और अन्य सामग्री बरामद की गई।अधिकारियों के अनुसार राजौरी जिले के थन्नामंडी के अजमताबाद इलाके में पुलिस और सुरक्षाबलों के संयुक्त दल ने विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने घने जंगलों के बीच बनाए एक आतंकवादी ठिकाने को ढूंढ़ निकाला। यहां से आठ आईईडी, दो वायरलेस सेट, एके47 की तीन मैगजीन, 102 गोलियां, चार्जर व अन्य सामग्री बरामद की गई। संयुक्त दल ने आसपास के इलाकों को भी खंगाला। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।वहीं इससे पहले रविवार को ही सुरक्षाबलों ने एक हेड मास्टर को पुंछ से गिरफ्तार किया

## स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो भाजपा आसानी से केंद्र की सत्ता में वापस नहीं आने वाली- मायावती

**गाजियाबाद,एजेंसियॉ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। बसपा प्रमुख ने रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन और गाजियाबाद में नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित किया। बसपा प्रमुख ने अमरोहा में भाजपा पर मुसलमानों के उत्पीड़न और गाजियाबाद में पश्चिमी उप्र में क्षत्रियों को टिकट न देकर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया। मायावती ने कांग्रेस, भाजपा और इनके अन्य सभी सहयोगी दलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''आजादी के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता ज्यादातर कांग्रेस के हाथों में रहीं, लेकिन अधिकांश मामलों में गलत नीतियों के कारण उसे केंद्र तथा राज्यों की सत्ता से बाहर होना पड़ा।'' भाजपा पर कांग्रेस की राह पर चलने का आरोप लगाते हुए बसपा प्रमुख ने कहा, '' पिछले कई वर्षों से भाजपा और उनके सहयोगी दल केंद्र तथा राज्यों की सत्ता में काबिज हैं लेकिन इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक, द्वेष पूर्ण नीतियों, कार्यप्रणाली और इनकी कथनी तथा करनी में अंतर होने के कारण लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली।'' उन्होंने कहा, '' बशर्ते अगर चुनाव इस बार स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए और ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई।'' मायावती ने कहा, '' वैसे भी इस बार चुनाव में इनकी (भाजपा) पुरानी और नयी नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी आदि काम नहीं आने वाले क्योंकि अब देश की जनता इन्हें समझ चुकी है।'' उन्होंने आरोप लगाया, '' इनकी (भाजपा) पार्टी ने देश के गरीब, कमजोर तबकों व अन्‍ य मेहनतकश लोग जिनसे उन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वादे किये, उसका एक चौथाई कार्य नहीं किया।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, '' इनका (भाजपा) ज्यादातर समय और ताकत बड़े पूंजीपतियों, धन्नासेठों को धनवान बनाने और उन्‍ हें छूट देने तथा बचाने में लगा।'' मायावती ने दावा किया कि अब ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा ने केंद्र की अधिकांश जांच एजेंसियों का ''राजनीतिकरण'' कर दिया है।

गाजियाबाद में बसपा उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में आयोजित जनसभा में मायावती ने भाजपा पर पश्चिमी उप्र में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिमी उप्र में उच्‍ च जाति के लोग काफी तादाद में रहते हैं लेकिन दुख की बात यह है कि भाजपा व अन्य पार्टियां, जो अपने को क्षत्रिय समाज की हिमायती समझती हैं, उन्होंने इस चुनाव में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है। मायावती ने कहा कि बसपा ने पश्चिमी उप्र में अन्‍ य समाज के साथ ही क्षत्रिय समाज को पूरा पूरा आदर सम्मान दिया है और टिकट बंटवारे में उनको उचित भागीदारी दी है।




## भाजपा रच रही केजरीवाल की हत्या की साजिश

### सौरव भरद्वाज ने केंद्र सरकार पर लगाए गंभीर आरोप




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इन सब के बीच रविवार को आम आदमी पार्टी ने एलजी विनय कुमार सक्सेना और तिहाड़ प्रशासन के खिलाफ बड़ा खुलासा किया। दिल्ली सरकार के मंत्री और आप के नेता सौरव भरद्वाज ने रविवार सुबह एक प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें उन्होंने गंभीर दावा करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार तिहाड़ जेल में दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश रची जा रही है।आप के नेता सौरव भारद्वाज ने कहा, %अरविंद केजरीवाल की शुगर लगातार बढ़ रही है। उन्हें इंसुलिन (ढ्ढठ्ठह्यह्वद्यद्बठ्ठ) की सख़्त जरूरत है। केजरीवाल जेल प्रशासन से इंसुलिन देने और अपने डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए बात करने के लिए कह रहे हैं। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार, जेल प्रशासन और श्वष्ठ ना ही इंसुलिन दे रहे हैं और ना ही डॉक्टर से बात करने दे रहे हैं।भारद्वाज ने सबूत पेश के तौर पर एक तिहाड़ जेल के डीजी का पत्र दिखाया और कहा, %अब तक जेल प्रशासन कह रहा था कि इनके पास सब कुछ उपलब्ध है। डायबिटीज़ स्पेशलिस्ट डॉक्टर है। अब जेल के ष्ठत्र ने कल ही ढ्ढद्बरूस् को पत्र लिखकर कहा है कि हमें एक डायबिटोलॉजिस्ट (डायबिटीज़ स्पेशलिस्ट डॉक्टर) की जरूरत है। आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार सबके सामने बेनकाब हो गयी। कल तक ये लोग कह रहे थे कि हमारे पास स्पेशलिस्ट हैं, सब कुछ जेल में मौजूद है। अरविंद केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं।% उन्होंने आगे कहा, %अरविंद केजरीवाल पिछले 20 दिनों से जेल में हैं तो अब तक उन्हें जेल का एक सामान्य डॉक्टर मॉनिटर कर रहा था। तो जेल प्रशासन किस आधार पर यह कह रहा था कि उनके पास सब सुविधाएं मौजूद हैं?

## रामनवमी पर गैर भाजपा शासित राज्यों में हिंसा 'तुष्टीकरण की नीतियों का नतीजा -योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में रामनवमी पर हुई हिंसा 'तुष्टीकरण की नीतियों' का नतीजा है। मुख्‍ यमंत्री योगी ने रविवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर जाने से पहले यहां अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर कहा, '' गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टीकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।'' उन्होंने कहा, '' तुष्टिकरण के नाम पर वोट बैंक की राजनीति ने इस तरह के सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। यह चिंता का विषय है और देश की जनता के लिए संदेश है।'' योगी ने सवाल किया, '' जब ये लोग रामनवमी पर शांतिपूर्ण जुलूसों को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकते तो वे बहनों और बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं।'' उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने वोट के जरिए उन ''तथाकथित धर्मनिरपेक्ष लोगों और पार्टियों'' को संदेश दें जो हमारी भावनाओं से खेलते हैं। योगी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में जनता-जनार्दन से संवाद करने और उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर मुझे प्राप्त होगा।



## मुंबई पुलिस गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से करेगी पूछताछ

**मुंबई,(हि. स.)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ करेगी। इस संदर्भ में मुंबई पुलिस जेल प्रशासन से उसे कस्टडी में लेने के लिए आवेदन देने वाली है। साथ ही लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई को भी क्राइम ब्रांच ने वांटेड सूची में शामिल किया है और जल्द ही अनमोल के विरुद्ध लुकआऊट नोटिस जारी करने वाली है। पुलिस के अनुसार अब तक की जांच में बिश्नोई के खिलाफ कुछ सबूत और गवाह मिले हैं। जिसके आधार पर बिश्नोई भाइयों को मामले में आरोपित बनाया गया है।उल्लेखनीय है कि सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल को दो लोगों ने फायरिंग की थी। इसके बाद एक फेसबुक पोस्ट वायरल हुआ था। जिसमें लॉरेंस बिश्नोई के अनमोल बिश्नोई ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। अनमोल बिश्नोई इस समय अमेरिका में रहता है। इस मामले में पुलिस दो आरोपितों को गुजरात के भुज से गिरफ्तार कर चुकी है। इन दोनों से गहन पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को मिली है।



## आईएनडीआईए की सरकार बनी तो सीएए को लिया जाएगा वापस: चिदंबरम

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनी तो नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को वापस लिया जाएगा। कांग्रेस ने भले ही अपने घोषणापत्र में इसका जिक्र नहीं किया लेकिन संसद से पहले सत्र में इसे वापिस लिया जाएगा।कांग्रेस के घोषणापत्र के जारी होने बाद कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि पार्टी ने आखिरी समय में इसे अपने घोषणा पत्र से हटाया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सीएए का उल्लेख नहीं होने से पार्टी वाम दलों के निशाने पर है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इसको लेकर पार्टी की आलोचना की थी।चिदंबरम ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा कि पार्टी कई कानूनों को वापिस लेगी। वे घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रहे हैं। घोषणापत्र में भले ही इसका उल्लेख नहीं किया गया लेकिन इसे वापिस लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इसका विरोध में संसद में भी किया था। तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने इसके खिलाफ संसद में पार्टी की ओर से पक्ष रखा था।



चिदंबरम ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने पर एक विशेष कानून लाया जाएगा। इसके तहत %जमानत नियम, जेल अपवाद होगा। केरल के महान सपूत जस्टिस कृष्णा के शब्दों में जमानत नियम है, जेल अपवाद है। निचली न्यायपालिका, मजिस्ट्रेट और जिला न्यायाधीशों में इस नियम का शायद ही कभी पालन किया जाता है। हर कोई जमानत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सीएए, कृषक उत्पादन, व्यापार और वाणिज्य संवर्धन सुविधा अधिनियम 2020, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) अधिनियम को निरस्त कर दिया जाएगा।

# शहर के विस्तारित क्षेत्र में पेयजल संकट से निपटने के लिए मेगा प्रोजेक्ट तैयार

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में आबादी में हो रही वृद्धि के साथ ही नगर निगम की सीमा का विस्तार हुआ है। इस बार के नगर निकाय चुनाव में 20 नए वार्ड नगर निगम प्रयागराज की सीमा में शामिल हुए हैं।

विस्तारित क्षेत्र में शामिल हुई इन 97 ग्राम सभाओं में पेय जल आपूर्ति और 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल की समस्या भी बढ़ जाती है।

प्रयागराज नगर निगम की सीमा में शामिल हुए 20 नए वार्डों की 97 ग्राम सभाओं में पेय जल का संकट न हो इसके लिए सरकार ने मेगा प्रोजेक्ट तैयार किया है।

प्रयागराज में जलकल विभाग के महा प्रबंधक कुमार गौरव बताते हैं कि क्षेत्र में पेय जल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए 400 किमी की पाइप लाइन डाली जा रही है तो वहीं नागरिकों को शुद्ध

**1100 करोड़ के बजट से होगा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, बिछाई जाएगी पाइपलाइन**

**पुराने वार्डों में पेय जलापूर्ति सुनिश्चित कराने पर भी जारी है कार्य**

**चुनाव के बाद धरातल पर उतरेगी शेष योजना**

पेय जल उपलब्ध कराने के लिए दो नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जा रहे हैं । इसी के अंतर्गत झूंसी में वाटर ट्रीटमेंट प्लान बनाने की प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू हो जाएगी।

विस्तारित क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरकार ` 1100 करोड रुपए से अधिक का बजट खर्च कर रही है।

### शहरी क्षेत्र के 80 वार्डों पर भी जारी है कार्य

**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम इस समय 100 वार्ड हैं जिसमे 80 पुराने और 20 इस बार के नगर निकाय चुनाव में शहर की सीमा विस्तार के लिए जोड़े गए वार्ड हैं। पुराने वार्डों में 1.90 लाख पेयजल के कनेक्शन हैं। यहां 1600 किलोमीटर पेयजल की पाइपलाइन भी है। शहर में प्रतिदिन पानी की खपत 402 एमएलडी है जिसमें 80 एमएलडी पानी वाटर ट्रीटमेंट प्लान से होती है। पेयजल आपूर्ति के लिए 569 नलकूप हैं जिसमे 227 बड़े और 342 छोटे नलकूप हैं।
इसमें से 90 एमएलडी पानी की आपूर्ति खुसरो बाग के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से की जाती है जबकि 312 एमएलडी पानी की आपूर्ति 619 नलकूप से की जाती है। महाप्रबंधक जलकल का कहना है कि शहर में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए 100 करोड़ की लागत से 63 नए नलकूप लगाए जाएंगे। जिसमे 15 नलकूप लग चुके हैं। इसी तरह पेयजल आपूर्ति में लो प्रेशर की समस्या को समाप्त करने के लिए 15 से 20 वर्ष पुरानी नलकूप की मोटर को बदलकर नई मोटर लगाई जाएगी। पानी की समस्या को दूर करने के लिए 12 घंटे की जगह 14 घंटे चला पूर्ति की जाएगी। 2 महीने के अंदर शहर में लो प्रेशर की समस्या का भी समाधान कर लिया जाएगा। लोक सभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद नए वार्डों में कार्य शुरू हो जाएगा।

## एसीए के संयुक्त संयोजक की माता निधन पर जताया शोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की एक शोक सभा यूपीसीए के निदेशक ताहिर हसन की अध्यक्षता में रविवार को 6, अशोक रोड, प्रयागराज में आयोजित की गई। शोक सभा में इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की अंपायर्स एवं स्कोरर्स समिति के संयुक्त संयोजक शिशिर मेहरोत्रा की माता उषा मेहरोत्रा (71 वर्ष) के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उनका निधन शनिवार देर रात कमला नेहरू अस्पताल में हुआ, वह अपने पीछे पति नरेंद्र कुमार मेहरोत्रा के अलावा दो पुत्र ऋषि एवं शिशिर को छोड़कर गई हैं। रविवार सुबह मीरापुर के ककरहा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। शोक सभा में आरपी भटनागर, डॉ. सुरेश द्विवेदी, एसडी कौटिल्य, यासर हसन, डॉ. जूली ओझा, नारायणजी गोपाल, राघव द्विवेदी, सत्यव्रत सहाय, अनुराग श्रीवास्तव, उत्पल दास, सलीम अहमद, एलबी काला, सोमेश्वर पाण्डेय, खुर्शीद अहमद,

अंकित पाण्डेय और प्रितेश सोनकर उपस्थित रहे।

## रेलवे को-ऑपरेटिव बैंक में प्रबन्ध समिति व मेंस यूनियन की साँठ-गाँठ से बड़ी साजिश का प्रयास

**प्रयागराज।** नार्दन रेलवे मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष प्रबन्ध समिति एवं प्रबन्ध निदेशक ने इंडियन रेलवे इम्प्लॉईज़ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज पाण्डेय की शिकायत पर केंद्रीय निबंधक सहकारी समितियां भारत सरकार व उप महाप्रबंधक रिजर्व बैंक को -ऑपरेटिव ने निर्देश पर बैंक उप विधियों के उल्लंघन के आरोप में प्रयागराज मंडल के पांच डायरेक्टर, सभी मेंस यूनियन के पदाधिकारी, को अयोग्य घोषित कर दिया था। डायरेक्टरों के अयोग्य घोषित होने के बाद कामरेड मनोज पाण्डेय ने उसी आधार पर बैंक उपविधियों के उल्लंघन करने के आरोप में रेलवे को -ऑपरेटिव बैंक के प्रयागराज मण्डल के 34 में से 30 डेलीगेटों पर लगते हुए उन्हें भी अयोग्य घोषित करने की मांग करते हुए तत्काल प्रयागराज मण्डल का चुनाव करने का मांग किया था क्योंकि बैंक के चुनाव का अभी दो वर्ष ही हुए है। चुनाव अप्रैल 22 में हुआ था। उक्त जानकारी देते हुए नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के महामंत्री एवं इंडियन रेलवे इम्प्लॉईज़ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड मनोज पाण्डेय ने बताया कि विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि अयोग्य घोषित पाँच में से तीन डायरेक्टरों अभय कुमार, रैदास एवं अरविन्द कुमार पांडेय ने यूनियन के पदों से त्यागपत्र देकर पुनः डायरेक्टर बनाये

**बैंक उपविधियों के उल्लंघन में अयोग्य किये गये पांच डायरेक्टर में तीन ने पुनः डायरेक्टर बनाने के लिए किया आवेदन**

**यूनियन के उच्च पदधिकारियों का बैंक में रहता है दखल**

जाने के लिए प्रबन्ध समिति को आवेदन दिया है जिस पर 26 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित प्रबंध समिति में निर्णय लिया जायेगा इसके लिए मेंस यूनियन के उच्च पदाधिकारियों ने बैंक प्रबन्ध समिति एवं प्रबन्ध निदेशक पर दबाव भी बना रहे है, इसकी शिकायत इंडियन रेलवे इम्प्लॉईज़ फेडरेशन के अध्यक्ष का. मनोज पाण्डेय ने केंद्रीय निबंधक, उप महाप्रबंधक रिजर्व बैंक एवं प्रबन्ध निदेशक रेलवे को-ऑपरेटिव बैंक लखनऊ मेल एवं पत्र के माध्यम से कर दिया है।इस विषय में कामरेड मनोज ने बताया कि बहुराज्यीय सहकारी समितियां अधिनियम 2002 संशोधित 2022 के आर्टिकल-30628 में स्पष्ट प्रावधान है कि अयोग्य घोषित बोर्ड सदस्य 3 वर्षो तक पुनः प्रबन्ध समिति सदस्य नहीं बन सकते। बैंक प्रबन्ध समिति के साथ प्रबन्ध निदेशक और यूनियन के उच्च पदाधिकारियों पर आरोप लगते हुए मनोज पाण्डेय ने कहा कि ये सब साँठ - गाँठ करके बैंक के अधिनियमों के साथ खिलवाड़ करने की साजिश कर रहे है जिसे बर्दास्त नहीं किया जायेगा यदि ऐसा कुछ हुआ तो न्यायलय का दरवाजा खटखटाएंगे। कामरेड मनोज ने केंद्रीय निबंधक को भेजे गए पत्र के माध्यम से मांग किया है कि प्रबन्ध समिति के रिक्त 5 स्थानों की पूर्ति संशोधित अधिनियम 2022 के आर्टिकल 45 6जे8 658 के प्रावधानानुसार निर्वाचन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश जारी करने का कष्ट करें जिससे बैंक कार्य सुचारु रूप से संचालित होता रहे।

## हमेशा खुले हैं घर के दरवाजे- कविता त्रिपाठी

### कविता त्रिपाठी ने कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

**प्रयागराज।** 52 लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की धर्मपत्नी कविता त्रिपाठी ने विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन शिशु संगम विद्या मंदिर कीडगंज में संबोधित किया। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने दी।
इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी, अतिथि प्रिंस गुप्ता लोक सभा विस्तारक शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता,राजेंद्र मिश्रा महानगर अध्यक्ष, कार्यक्रम का संचालन दक्षिणी विधानसभा संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला ने किया।
उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने भारत माता की जय के नारे लगाकर कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में जोश भरा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत एवं विकास कार्यो को प्रत्येक बूथ पर ले जाने का आह्वान किया।
महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कविता यादव त्रिपाठी ने कहा जैसे पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी के समय हमारा घर के दरवाजे हर कार्य कार्यकर्ताओं एवं आम जनता



के लिए के लिए खुले रहते थे वैसे ही अभी भी हर कार्यकर्ताओं के लिए एवं आम जनता के लिए खुले हैं और खुले रहेंगे। सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के पुराने समय को याद किया और कार्यकर्ताओं को पंडित जी से जुड़ी अनेक जानकारियां साझा कीं।
महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में नारी सशक्तिकरण चलाए जा रहे सरकार के कार्यो को कार्यकर्ताओं को बताया।
इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गिरजेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, वरिष्ठ पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर (गिरी बाबा), जिला मंत्री सितारा लाल, कार्यालय मंत्री राजन शुक्ला, बूथ प्रबंधन का कार्य प्रमुख दीप द्विवेदी, विवेक अग्रवाल, पांचो मंडलों के अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के अध्यक्ष एवं सोशल मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा प्रमुख अल्पसंख्यक मोर्चा प्रमुख एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मोदी की गारंटी पर कुँवर का विश्वास पड़ रहा भारी

### मोदी मैजिक के भरोसे जंग जीतना चाहती है भाजपा

**उज्जवल को चेहरा बनाने से चार दशक बाद कॉग्रेस खेमा गुलजार**

लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** राजनीति में सारे विकल्प खुले रहते हैं।सपा से कॉग्रेस में आए उज्ज्वल रमण सिंह की मौजूदा राजनीति इसी की पुष्टि कर रही है।सिंह के यूटर्न से चार दशक से हाशिए पर रहा कॉग्रेस खेमा गुलजार हो गया है और लोकसभा चुनाव में अब तक की स्थिति में वह सत्ता पक्ष के सामने कड़ीं चुनौती पेश कर रहे हैं।चर्चाओं पर गौर करें तो मोदी की गारंटी पर कुँवर परिवार के सम्बंध भारी पड़ रहे हैं।
इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में कॉग्रेस नेता के पी तिवारी ने वर्ष 84 में अंतिम बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद पार्टी का प्रदर्शन गिरता गया। इसकी वजह पार्टी की खेमेबाजी रही और पार्टी के नेता ही आत्मघाती बनते रहे और पार्टी संगठन बिखरता गया।चुनाव दर चुनाव पार्टी का प्रदर्शन गिरता गया और कभी एक नंबर की पार्टी रही कॉग्रेस को



जमानत बचाना भारी हो गया। इस बीच लोकसभा चुनाव में नंद गोपाल नंदी एक यैसे प्रत्याशी रहे जिन्होंने एक लाख मतों का आंकड़ा पार किया था।बीते चुनाव में योगेश शुक्ल मात्र 60 हजार मतों तक ही सीमित रह गए थे।यह 60 हजार मत पार्टी से अधिक योगेश के निजी संम्बंधों की वजह से ही मिले थे।कॉग्रेस प्रत्याशी उज्वल रमण सिंह के निजी सम्बन्ध और कार्यकर्ताओं की उनकी टीम से पार्टी में उत्साह नजर आ रहा है।
प्रचार अभियान के प्रथम चरण में उज्जवल रमण सिंह भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी से काफी आगे नजर आ रहे हैं।उनका चुनावी संयोजन वेहतर है और अपनी टीम की सक्रियता पर उन्हें भरोसा है।इसके पीछे उनके पिता लोकप्रिय नेता रेवती रमण सिंह की जमीनी पकड़ हैं। जिन्होंने 6 दशक तक जनपद की राजनीति में राज किया है और राजनीति के अहम पदों पर रहकर यमुनापार की सेवा की है।इस चुनाव में वह पूरी तरह सक्रिय हैं और संम्बंधों को जगाकर बेटे के लिए समर्थन मांग रहे हैं।जनता में उनकी विश्वसनीयता बनी है जो मोदी की गारंटी को चुनौती दे रही है।
भाजपा खेमे में संयोजन के अभाव का लाभ भी उज्वल रमण सिंह को नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का सक्रिय राजनीति से जुड़ाव ना होना भी इसकी एक बड़ी वजह है।साथ ही पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित नही होने से प्रचार अभियान में तेजी नहीं आ रही है।भाजपा खेमा मोदी के नाम पर चमत्कार की आस में भी ढीला पड़ा है। उनकी यह सोच कितना कारगर होगी, यह समय बताएगा।

## प्रयागराज में पारा 43 डिग्री के पार

### लू से बढ़ी मुश्किल, सुबह से तेज धूप



**प्रयागराज।** प्रयागराज में पिछले चार दिनों से लोग धूप और गर्मी से बेहाल है। आज रविवार को यहां तापमान 43 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। दोपहर में तेज धूप और लू के कारण सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। दूसरी ओर गर्मी बढ़ने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसके मद्देनजर शहर के सभी बड़े सरकारी अस्पतालों में वार्ड रिज़र्व कर दिए गए हैं, ताकि मरीजों की इलाज में सुविधा हो।मौसम विभाग के अनुसार अगले 10 दिनों तक इसी तरह गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। शनिवार को अधिकतर तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।
इन दिनों पर 40 डिग्री से अधिक होने पर जिला प्रशासन की ओर से भी अलर्ट जारी किया गया है। हीट वेव से कैसे बचाव करें इस संबंध में पूरा दिशा निर्देश भी जारी किया गया है। प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय 1070, जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर प्रयागराज कंट्रोल नंबर रूम नंबर 0532, 2641577 वह 0532, 2641578 है। जिलाधिकारी नवनीत कुमार चहल की ओर से भी गर्मी और लू से बचाव संबंधित सुझाव जारी किए गए हैं। उन्होंने गर्मी और लू से बचाव के लिए कहा है।

## रामधुन पर थिरकते निकले सैकड़ों कलश यात्री



लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** जलेसर गंज के पूरे बाक्सूराम निवासी पूर्व प्रधान अश्वनी कुमार पांडेय के आवास से रविवार को एक दर्जन घोड़ा,बग्घी व दो डीजे बाजा के रामधुन पर थिरकते हुए सैकड़ों भक्त कलश यात्रा में शामिल रहे। सोमवार यानी कल से श्रीमद्भागवत कथा होगी।कलश यात्रा मंडप से हरनाहर होते हुए श्रीपुर स्थित शिव मंदिर तक धूम धाम से निकाली गई। कलश यात्रा में कथा व्यास अतुल जी महराज,मुख्य यजमान मालती देवी एवं पूर्व प्रधान अश्वनी कुमार उपाध्याय के साथ माता प्रसाद पाण्डेय, अधिवक्ता अनिल पांडेय, हरि शंकर उपाध्याय,अरुण उपाध्याय, शिव शंकर उपाध्याय, सुशील उपाध्याय,सुभाष गिरी, राम प्यारे पांडेय आदि मौजूद रहे।

## कमला स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 का परिणाम 20 अप्रैल को घोषित किया गया जिसमें कमला स्मारक इंटर कॉलेज बालापुर का परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम रहा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों में दीपक पटेल 91.83त्न, राशिदेव सिंह 90.33त्न, शिवानी भारतीया 90त्न, अंकिता यादव 89.87त्न, आर्यन सिंह 89.16त्न,
निवेदिता पाण्डे 88.5त्न, प्रिया विश्वकर्मा 88.6त्न, मो0 रेहान 87.6त्न, इंटरमीडिएट में ऋचा भारतीया 87.33त्न, दीक्षा भारती 86त्न, सुदीक्षा यादव 86त्न, सौम्या साहू 88.2त्न, उत्कर्ष पटेल 86.6त्न, देवसिंह पटेल 86त्न, अमित यादव 83.6त्न, संजना साहू 81.8त्न, समीर गौतम 81.8त्न, समीर गुप्ता 79.8त्न, दीपांशु कुमार पाल 79.4त्न, सुनीला कुमार पाल 79.2त्न और हेमा गौतम 77.4त्न अंक लाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक अनिल विश्वकर्मा ने विगत 20 वर्षो से इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य अलका विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व और सभी अध्यापकों की कड़ी मेहनत और लगन को दिया। जिसके कारण विद्यालय से निकलकर छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में सफल होकर विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं आईआईटी एवं नीट जैसी सर्वोच्च परीक्षा में सफल होते हैं। पिछले वर्ष विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा राखी गुप्ता ने जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया था तथा विद्यालय के ही छात्रा भावना शर्मा ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

### यूपी बोर्ड की की परीक्षा में छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

**प्रयागराज।** गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में भूमिका 87.5त्न, सौरभ मिश्रा 86.5त्न, शिशु गिरी 86.5त्न, राहुल सिंह 86.17त्न, अंजली मौर्या 85त्न तथा इण्टरमीडिएट में सपना यादव 82.8त्न, किरन 75.2त्न, शिवेंद्र प्रताप सिंह 74.4त्न, जूली मिश्रा 72.4त्न, प्रतिभा मिश्रा 72त्न अंक लाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक तीर्थराज विश्वकर्मा एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने छात्र छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## बूथ लेवल प्लान: अपने दम पर लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतेगी भाजपा

### मतदाता से सीधे जुड़ाव के लिए भाजपा पोलिंग सेंटर स्तर पर टिफिन बैठक का करेंगे संचालन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए का 400 पार का संकल्प को सिद्ध करने के लिए बीजेपी अपने दम पर 370 सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चल रही है। देश में 370 सीटें जीतने के पीएम नरेंद्र मोदी के लक्ष्य के साथ यूपी की 80 सीटों पर बीजेपी का फोकस है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि बीजेपी ने हर बूथ पर 370 नए वोटर जोड़ने की रणनीति बनाई है। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर तैयारी और बैठक की जा रही है।
लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी 370 सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर चल रही है। देश में 370 सीटें जीतने के पीएम नरेंद्र मोदी के लक्ष्य के साथ यूपी की 80 सीटों पर बीजेपी का फोकस है। हर बूथ पर 370 नए वोटर जोड़ कर बीजेपी ने बूथ मैनेजमेंट के माइक्रो प्लान का काम शुरू कर दिया है। बूथ अध्यक्षों को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का धारा 370 को हटाने को लेकर दिया गया बलिदान और पीएम मोदी के द्वारा 370 सीटों के संकल्प को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सच्ची श्रद्धांजलि देने को लेकर याद दिलाया जा रहा है।
इसके लिए बूथ अध्यक्षों को उनके 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में पड़े वोट से 370 अधिक वोट लाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए बूथ अध्यक्ष गण अपनी बूथ समितियों के साथ नियमित बैठक करने और सदस्यों के घर से भोजन लाकर आपस में भोजन करने जैसी रणनीति से नए वोटर को जोड़ने की कवायद शुरू कर दी है। इसके अलावा संगठन की नई योजना के अनुसार 24 अप्रैल से फूलपुर लोकसभा के 858 एवं इलाहाबाद लोकसभा के 934 पोलिंग सेंटर स्तर पर टिफिन बैठक की शुरुआत की जा रही है। जिसके अंतर्गत पोलिंग सेंटर पर रहने वाले मतदाता बंधुओ से बूथ के कार्यकर्ता उनके साथ संपर्क संवाद स्थापित कर टिफिन के माध्यम से एक दूसरे का भोजन शेयर करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे और बूथ पर रहने वाले सभी प्रभावी नागरिकों को जोड़ा जाएगा।

## बच्चा पासी पर रंगदारी मांगने का केस दर्ज

### वाराणसी की महिला से मांगा 5 लाख रुपए

**प्रयागराज।** डी-46 गैंग के सरगना माफिया बच्चा पासी के खिलाफ बनारस की रहन वाली ने महिला ने पांच लाख की रंगदारी मांगने के मालमे में मुकदमा दर्ज कराया है। बच्चा के खिलाफ दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वह धूमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाराणसी के गोदाम रसूलपुर के रहने वाले जयकांत यादव की पत्नी गीता देवी ने धूमनगंज में माफिया डॉन बच्चा पासी और उसके चार गुर्गो पर पांच लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगने के मामले में केस दर्ज कराया है। महिला की तहरीर के मुताबिक उसे न सिर्फ अपनी जमीन दो मकान बनाने से रोका गया है, बल्कि उससे पांच लाख की रंगदारी भी मांगी गयी है।
गीता देवी के मुताबिक महिला के कुछ रिश्तेदार धूमनगंज में रहते हैं। जिनके कहने पर उमरपुर नीवा स्थित गांव में 60.11 वर्ग जमीन भूमि का लिखपढ़ी पिछले साल चार सितंबर को कराई गयी थी। उस भूमि पर जब मकान का निर्माण शुरु कराया गया तो वही के रहने वाले भूमाफिया बच्चा पासी और राधा नाम ओर एक महिला ने काम करने से मना कर दिया। इसके साथ पांच लाख की रंगदारी भी मांगी। न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी।
गीता ने पहले ही बच्चा पासी के एक गुर्गे मूलचंद पुत्र विदेशी को 50 हजार दिया था। जिसके बाद दो युवकों को लेकर राधा फिर पहुंच गई। राधा ने पांच लाख रंगदारी देने के बाद ही काम शुरु कराने की धमकी दी है। उन युवको में एक ने अभिषेक नाम बताते हुए धमकाया और रुपये की मांग की। मामले में धूमनगंज इंस्पेक्टर का कहना है कि इस प्रकरण की जांच की जा रही है।
डी-46 गैंग के लीडर बच्चा पासी पर दो दर्जन मामले दर्ज हैं। वह प्रदेश के चिह्नित 66 माफिया की सूची में से एक है। 2006 में मुंबई के काला घोड़ा शूटआउट केस में बच्चा पासी का नाम छोटा राजन गिरोह से भी जुड़ा था। इस घटना में बच्चा का नाम आया था। इस गैंग में दिलीप मिश्रा, जावेद उर्फ पप्पू गंजिया, राजेश यादव, गणेश यादव, कम्मू उर्फ कमरुल हसन, जाबिर हुसैन और गोतस्कर गिरोह सरगना मुजफ्फर शामिल है। माफिया अतीक अहमद भी इस सूची में शामिल था।

## धूमधाम से मनाया गया तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** सत्य अहिंसा के प्रेरक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर की 2623 जन्म जयंती नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी एवं 8ः30 बजे मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण हुआ।
विशाल शोभायात्रा जीरो रोड स्थित दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, प्रयाग के तत्वाधान में शुरू हुई जिसमे अनेक बैंड बाजे, ऐरावत हाथी, झाकियां आदि समलित रहीं। रथ में महावीर की प्रतिमा विराजमान थीं । रथ में मुकुट माला आदि इंद्रों के वेश में केसरिया वस्त्रों में चवर चला रहें थे। सौधर्म इंद्र के वेश में श्री अजय जैन भगवान की प्रतिमा को लिए हुए थे और सारथी के वेश में अमन जैन सुशोभित रहे।
रथयात्रा में अनेकों श्रद्धालु केसरिया वस्त्र पहने ÷जियो और जीनों दो÷ , ÷अहिंसा परमो धर्म÷ आदि नारे लगा संदेश दे रहे थे। डीजे की धुन पर बच्चे महिलाएं एवं पुरुष भक्ति नृत्य कर रहे थे। शोभायात्रा के मार्ग में भक्तों ने जगह जगह आरती एवं पुष्प वृष्टि की और पानी, फल आदि वितरण किया। रथयात्रा में महापौर गणेश केसरवानी, नीरज त्रिपाठी, डॉ. बी बी अग्रवाल, पूर्व विधायक उज्ज्वल रमण, हर्षवर्धन वाजपाई, जीरो रोड़ सभासद नेम यादव, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के ज़िलाअध्यक्ष लालू मित्तल आदि अनेक विद्वान गण सम्मलित रहे।
रथयात्रा में सैकड़ों की संख्या में बंद पंछियों को मुक्त किया गया। जैन विद्यालय के बच्चों का बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। रथयात्रा की समाप्ति पंडित नितिन शास्त्री एवं सुनील जैन के निर्देशन में विधि विधान से 108 कलश से भगवान का अभिषेक हुआ जिसमें प्रथम कलश अभिषेक जैन ने किया।

## भाजपा ने किसानों, नौजवानों सहित आम आदमी के साथ छल किया- अमरनाथ मौर्य



**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से सपा उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज सोरांव विधानसभा क्षेत्र कलंदरपुर में जनसम्पर्क के दौरान भाजपा पर वादा खिलाफ़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राज में सर्वाधिक किसानों और नौजवानों के साथ छल किया गया।
सपा प्रत्याशी को क्षेत्रीय लोंगो ने जनसम्पर्क के दौरान, छुट्टा जानवरों से होने वाली फसलों के नुकसान, छोटे व्यापारियों के उत्पीड़न, बेरोजगारों के नौकरी के पर्चे लीक होने आदि की समस्याएं बताते हुए इण्डिया गठबंधन को अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया।
अमरनाथ मौर्य ने कलंदर पुर तिराहे पर स्थापित फाफामऊ के पूर्व प्रमुख स्व. श्रीनाथ सिंह पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।
जनसम्पर्क के दौरान एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह यादव बच्चा, राजू पासी, सुशील यादव, सुभाष पटेल, दान बहादुर मधुर, कुलदीप यादव, विनोद गौतम, कमर आलम, जंगबहादुर मौर्य, शिव शंकर वर्मा, राकेश वर्मा, अखिलेश सरोज आदि मौजूद रहे।

## कल्याणपुर के हाई स्कूल में 98 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** श्री गांधी स्मारक इण्टर कॉलेज कल्याणपुर के हाई स्कूल में 98त्न बच्चों ने परीक्षा पास किया। हाई स्कूल में रचित ने 90.34त्न , मंगल ने 89.34त्न, आयुषी ने 88.34त्नअंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।साथ ही तनू ने 87.34त्न, हिना ने 84.17त्न, प्रभाष ने 82.17त्न, रेशमा ने 82त्न, पायल ने 80.33त्न, प्रिया ने 76.66त्न, प्रिंस ने 70.34त्न अंक प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अजय विक्रम सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब चंद्र और समस्त स्टाफ ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। कमोवेश इसी प्रकार बीपी ओझा इंटर कालेज रामदासपुर में हाई स्कूल के कुल बच्चे 600 में 400 बच्चे 85 प्रतिशत से लेकर 96 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किया।जबकि यहां इंटर के कुल बच्चे 500 में 300 बच्चे 80 से लेकर 92 प्रतिशत अंक हासिल किया है।प्रधानाचार्य करुणा शंकर ओझा ने बताया कि हाई स्कूल में शिल्पी को 96 प्रतिशत और इंटर में सृजन राय ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## प्रधान पुत्र को मिला विद्यालय में सर्वोच्च अंक

लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** ग्राम प्रधान कल्याणपुर अर्चना पत्नी रबीन्द्र कुमार उर्फ राजा के तीसरे नंबर के पुत्र मनदीप गौतम ने हाई स्कूल की परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च अंक हासिल किया है।मनदीप को 558 अंक अर्थात



93 प्रतिशत मिला है।मनदीप को हिंदी में 96,अंग्रेजी में 94,संस्कृत में 96,गणित में 97,विज्ञान में 83 और समा0 विज्ञान में 92 अंक मिला है। एस आर सिंह इंटर कालेज देवापुर में सर्वोच्च अंक मिलने की खुशी में प्रधानाचार्य राजेश सिंह,बच्चू लाल यादव,सज्जन प्रधान,सुजीत शर्मा,सूर्य प्रसाद धुरिया आदि ने मनदीप को लड्डू खिलाकर सम्मानित किया।

# सोशल मीडिया पर अवैध असलहा वायरल करने वाले आरोपी को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक चन्दन सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध असलहा वायरल करने वाले आरोपी धर्मेन्द्र सरोज निवासी गिरिया खालसा थाना पिपरी को मुखबिर की सूचना परमखऊपुर मोड़ के पास से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर साथ गिरफ्तार किया गया।

## 376 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक जमील अहमद मय हमराह पुलिस बल द्वारा मानसिंह निवासी मीरनपुर मजरा व थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक नन्दू यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अन्तू निवासी खोजवा मजरा पथरावा थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 27 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना मो0पुर पइंसा पुलिस उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा हुन्दला निवासी ऐमावारी थाना मो0पुर पइंसा जनपद कौशाम्बी को 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक शिव चरन राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा रामप्रताप निवासी भटवरिया थाना करारी जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक राकेश राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिनेशवा निवासी व थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक जनार्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अशोक कुमार निवासी बेरुआ थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा रामफल निवासी फकीराबाद थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक राजकुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा साहिल निवासी सिहोरवा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा उमेश कुमार निवासी जरैनी थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक अतुल रंजन तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा राकेश उर्फ गोरेलाल निवासी औधन थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को 22 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा राजेश सरोज निवासी कस्बा चायल थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक विजय शंकर मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा गुण्डी देवी निवासी मकदूमपुर थाना पिपरी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक शकील अहमद मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विक्रम सिंह यादव निवासी राला थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 12 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा पल्लू निवासी मुरादपुर रोही थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक नीरज कुमार उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा शिवकुश पाल निवासी रामपुर सुहेला थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 18 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक कमलेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा सोहनलाल सरोज निवासी व थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 12 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक मिश्रीलाल चौधरी मय हमराह पुलिस बल द्वारा विरेन्द्र सरोज निवासी रसीदमई थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक समरजीत वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा भौकल निवासी अलीपुरजीता थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 73 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे छः गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना चरवा से 01, थाना सैनी से 02, थाना कड़ाधाम से 02, थाना मो0पुर पइंसा से 01) कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# 10 वर्षों में देश की दिशा व दशा बदलने का काम हुआ है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में- विनोद सोनकर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** लोकसभा कौशांबी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा मंझनपुर के अवाना आलमपुर, चौपुरवा , विजया चौराहा,ढोकसाहा, धावड़ा , व बरौली में नुक्कड़ सभा कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन जुटा रहे ।तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने विधानसभा मंझनपुर के आधा दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभा व नगर पंचायत पश्चिम शरीरा में नगर भ्रमण कर भाजपा के पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए सरकार की नीतियों को बताया। तथा नुक्कड़ सभा में सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की दशा और दिशा पूरी तरह से बदल गई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है चाहे आर्थिक व्यवस्था हो या विकास की बात हो ।मानवीय संवेदनाओं की बात हो या कोविद के कठिन दौर का काल रहा हो। हर चुनौतियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व में सफल साबित किया ।और देश के गांव गरीब ,किसान, मजदूर युवा ,छात्र, महिलाओं के विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर देश को विकसित राष्ट्र की ओर ले जाने को अग्रसर हैं ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक लाल बहादुर ,पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पा देवी ,नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेंद्र सरोज फौजी ,संगीता सरोज, अजय पांडे ,पिंटू त्रिवेदी ,बबलू गर्ग ,अरुण पटेल ,यशपाल सिंह ,संजय जयसवाल ,राजू पांडे ,दीप नारायण पांडे ,कल्लू करवरिया ,प्रदीप सिंह ,प्रवीण सिंह पटेल ,दुर्गेश गुप्ता ,अजय त्रिपाठी, भूपेंद्र सिंह पटेल आदि सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

# कान्हा वेलफेयर सोसाइटी ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

## प्रतापगढ़ से आई चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय से सटे ओसा चौराहा की कान्हा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शनिवार को ओसा स्थित संस्था के कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में बीमार हो रहे लोगो के अच्छे स्वस्थ्य के लिए संस्था द्वारा स्वास्थ्य शिविर में दूर दराज गांवों से आए हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आयुर्वेदिक दवाइयो की जानकारी देते हुए उपचार की जानकारी दी गई।

शनिवार को कान्हा वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में प्रतापगढ़ से आई हुई चिकित्सकों की टीम द्वारा टीम में आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर आशीष सिंह की मौजूदगी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दूर दराज व ग्रामीण अंचलों से आए हुए बीमार लोगों की आधुनिक मशीनों द्वारा जांच कर उन्हें आयुर्वेदिक दवाइयो से इलाज करने के बारे में बताये गए उपाय । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रामराज शर्मा, सचिव गणेश प्रसाद मौर्य, एवं कोषाध्यक्ष रवि शंकर विश्वकर्मा, ने उपस्थित रहकर बीमार लोगो एव उनके परिजनों से बात कर जाँच कराने में पूरा सहयोग प्रदान किया संस्था की टीम लीडर सीमा सिंह ने बताया कि आगे भी संस्था द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर संस्था के सदस्यों द्वारा इस कार्य को पूरा करते हुए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ्य रखने हेतु प्रयास करते रहेंगे। संस्था के इस कार्य की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है।

# सराय अकिल कस्बे में महावीर जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

## जैन समुदाय के लोगों ने जियो और जीने दो का दिया संदेश दिया शोभायात्रा में डॉ0 आशीष श्रीवास्तव रहे शामिल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में महावीर जयंती पर कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो कस्बा के समस्त नागरिक शोभा यात्रा में शामिल रहे शोभा यात्रा में माताएं बहने बुजुर्ग बच्चों आदि लोग शामिल रहे शोभायात्रा में जियो और जीने दो का संदेश दिया।बता दे, कस्बे में महावीर जयंती पर 1008 दिगंबर जैन जयंती पर कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो बड़े धूमधाम से पूरे कस्बे में भ्रमण किया गया रविवार को महावीर नगर से जैन समुदाय के लोगों ने भव्य सुंदर शोभा यात्रा निकाली जो शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल रहे दिगंबर जैन मंदिर से अध्यक्ष रविंद्र उर्फ कल्लू जैन की देखरेख में शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा में जगह-जगह लोगों ने जलपान कराए कस्बे के चावल मंडी में गांव से चलकर आए डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव ने शोभायात्रा के सभी लोगों को जलपान कराया जैन समुदाय के लोगों ने डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव का धन्यवाद दिया तथा नगर अध्यक्ष अनूप सिंह बस स्टॉप के पास कोल्ड ड्रिंक शोभायात्रा में सभी लोगों को बटवाया, लोगों ने जगह-जगह कोल्डिंग शरबत छोला चावल फल फरूट कई चीजे शोभायात्रा में लोगों को खिलाकर विदा किया शोभायात्रा में भगवतीगंज में मोतीलाल स्वर्णकार ने प्रसाद वितरण किया ,शोभायात्रा में पुलिस बल तैनात रहें,थाना अध्यक्ष विनीत सिंह ने शोभायात्रा महिला कांस्टेबल पुलिस फोर्स लगाएं शोभायात्रा महावीर नगर से चलकर रामलीला मैदान होते हुए गल्ला मंडी चावल मंडी भगवती गंज फकीराबाद पटेल चौराहा से होते हुए पून रूमहावीर नगर में कार्यक्रम समापन हुआ लोगों ने बताया कि इस महावीर जयंती पर जैन समुदाय के लोगों ने सभी लोगों से जियो और जीने दो का संदेश दिया शोभायात्रा में शामिल रविंद्र उर्फ कल्लू जैन नरेश जैन महावीर जैन लोहा प्रदीप जैन डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव जगदीश बधिक नगर अध्यक्ष अनूप सिंह वरिष्ठ पत्रकार नरोत्तम दास अग्रहरि शिव बाबू केसरवानी पूर्व न्यायिक सदस्य सभासद प्रतिनिधि चुन्नीलाल त्रिपाठी भरत केसरवानी अखिल रस्तोगी विकास गुप्ता ओमप्रकाश अग्रहरी व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष राकेश अग्रहरी गौरी शंकर मोदनवाल बबलू अग्रहरि पत्रकार अजय कुमार अग्रहरी पत्रकार मोतीलाल स्वर्णकार अरुण कुमार जायसवाल पत्रकार रवि शंकर अग्रहरी बनारसी जैन विजय जैन सामुदायिक केंद्र रिटायर कर्मचारी कृष्ण नारायण रस्तोगी हरिश्चंद्र जैन धर्मजन जैन करमचंद जैन रमाकांत पांडे टावर वालेआदि लोग मौजूद रहे।

# बैजनाथ अंबिका प्रसाद विद्यालय के छात्रों ने रचा इतिहास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**टेवां, कौशाम्बी।** बैजनाथ अंबिका प्रसाद मिश्र इंटर कॉलेज गंगापारी का पुरवा टेन के छात्रों ने एक बार पुनः नया इतिहास रचा है। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने और टॉपर बनने के लिए बधाई। आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण सचमुच सफल हो गया है। इंटरमीडिएट के प्रतिभाशाली छात्र, छात्राएं महेश कुमार 92 प्रतिशत, कामता मौर्य 90 प्रतिशत, प्रांशी मिश्रा 85 प्रतिशत, तनु पाण्डे 84 प्रतिशत, रंजना देवी 82 प्रतिशत, श्रेया मिश्रा 82 प्रतिशत, शिव कुमार सोनकर 82 प्रतिशत, प्रदीप कुमार 81 प्रतिशत, संतोष कुमार 81.8 प्रतिशत, आशिक जायसवाल 81.8 प्रतिशत व हाईस्कूल के प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं में राघवेन्द्र त्रिपाठी 90 प्रतिशत, लक्ष्मी मिश्रा 87 प्रतिशत, विकास कुमार 86 प्रतिशत, कामिनी सिंह 84 प्रतिशत, तनु त्रिपाठी 81 प्रतिशत, दीपा 78 प्रतिशत, विजय सिंह 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार के द्वारा आज गर्व के इस क्षण में सभी प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया एवं मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण







**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद मे प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद कौशाम्बी में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। (08) सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्रो मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पश्चिम शरीर, कनैली, नेवादा, पुरखास सरसवा का निरीक्षण किया एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एच0पी0 मणि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर, टेवा का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.के.डी. सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है।

अन्य उप मुख्य चिकित्सा ध् अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 43 चिकित्साधिकारी व 122 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लागायी गयी थी । आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (1024) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं (25) मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ साथ मेले मे कुल (049) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

# यूपी एसटीएफने पुलिस भर्ती आरओ एआरओ पीपर लीक मामले में 4 को किया गिरफ्तार

## पकड़े गए लोगों के कब्जे से लाखो की नगदी,दो लग्जरी गाड़ी बरामद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस भर्ती परीक्षा आरओ एआरओ पीपर लीक मामले में यूपी की एसटीएफने 4 शातिर युवकों को गिरफ्तार किया है,शातिर युवकों के पास से दो लाख रुपए से अधिक नगद मोबाइल,लग्जरी गाड़ी हुंडई वरना कार और फोर्ड ईको स्पोर्ट कार व महत्वपूर्ण कागजात बरामद हुए है। एसटीएफने सभी आरोपियों को मंझनपुर कोतवाली पुलिस को सौप दिया,जिसके बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने चारो आरोपियों के विरुद्ध लिखापढ़ी कर न्यायालय में पेश किया जहा से सभी को जेल भेज दिया गया।

यूपी एसटीएफ ने शरद कुमार सिंह,निवासी चुनार जनपद मिर्जापुर,अभिषेक शुक्ला राजा बाग लखनऊ,कमलेश पाल झूंसी प्रयागराज,अर्पित विनीत जसवंत म्योराबाद कैंट प्रयागराज को लखनऊ के वृंदावन कालोनी के पास से गिरफ्तार किया है टीम ने सभी आरोपियों के पास से नगद 02लाख,2हजार,4,50,रूपया,09 मोबाइल,लग्जरी गाड़ी हुंडई वरना कार और फोर्ड ईको स्पोर्ट कार व महत्वपूर्ण कागजात बरामद किया है।पुलिस ने सभी को न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया।

# दबंग कोटेदार से आजिक विकलांग महिला ने पुलिस से की शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** सदर ब्लाक के गुलामीपुर गांव ग्राम सभा के चर्चित कोटेदार की दबंगई से आजिज एक विकलांग महिला ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप लगाया है कि गांव का कोटेदार उसे राशन नहीं देता है। राशन लेने जाने वाले से गाली गलौच करता है। विरोध करने पर मारपीट पर अमादा हो जाता है। विकलांग महिला ने आरोपी कोटेदार के खिलाफ पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।करारी थाना क्षेत्र के गुलाम नूर का पूरा गांव की रेशमा बानो विकलांग है। वह मजदूरी कर अपना पेट पालती है। बताया कि गांव का कोटेदार दिलीप यादव है। कोटे का संचालन उसका भाई भोला यादव करता है। जो दबंग किस्म का है। आरोप लगाया कि उसे पात्र गृहस्थी का राशन नहीं मिलता है। जब भी वह राशन लेने जाती है। तो उसे गाली गलौच कर भगा देता है। मारपीट पर उतारू हो जाता है। पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत कर इंसाफकी गुहार लगाई है। गौरतलब है कि उक्त कोटेदार की दबंगई के चार्चेआम है। वह आएदिन राशन लेने जाने वाले ग्रामीणों को राशन न देकर भगा देता है। गरीबों के राशन को ब्लैक में बेच देता है। आरोपी भोला यादव काफी दिनों से गरीबों के निवाले पर डकैती डाल रहा है। कार्रवाई के नाम पर विभागीय जिम्मेदार मौन बने हुए है। इससे आरोपी कोटेदार के हौसले बुलंद है।

# महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज मनौरी प्रयागराज की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी




**चायल, कौशाम्बी।** महर्षि दयानंद बालिका इंटर कॉलेज मनौरी प्रयागराज के बोर्ड परीक्षा 2024 का परिणाम कक्षा 10 का 97.4 प्रतिशत और कक्षा 12 का 98.5 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10 में प्रथम प्रियंका पटेल 88.6, द्वितीय खुशबू यादव 87.3 व तृतीय श्रेया प्रसाद 85.33 प्रतिशत तथा कक्षा 12 कला वर्ग में प्रथम शिखा विश्वकर्मा 72.5ः ,द्वितीय अतिया समीम 70.4ः तृतीय शिफा बानो 68.6 तथा कक्षा 12 साइंस साइड में प्रथम सारिका पटेल 91.8ः, द्वितीय अनामिका दिवाकर 88.8 और तृतीय शिवानी 88.2 स्थान प्राप्त किया विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार केसरवानी, प्रधानाचार्या मोनिका केसरवानी, उप प्रधानाचार्या सीमा चक्रवर्ती एवं विद्यालय के समस्त टीचर्स एवं उपस्थित अभिभावको ने सभी बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और विद्यालय के कक्षा 10 एवम् 12 टॉपर्स छात्राओं को माला पहनाकर

# विधायक मोना के जन्मदिन को लेकर तहसील समेत क्षेत्र में हुए विविध आयोजन, अधिवक्ताओं ने केक काटकर मनायी खुशियां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन को लेकर शनिवार की शाम तहसील परिसर के लाइब्रेरी हाल में अधिवक्ताओं ने सशक्तीकरण परिचर्चा का आयोजन किया। वहीं जन्मदिन को लेकर अधिवक्ताओं ने केक काटकर विधायक मोना के जनसेवा के क्षेत्र में सफलता की कामना भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि देश के बहुमुखी विकास में एक प्रगतिशील विधायक के रूप में आराधना मिश्रा मोना ने महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में आदर्श प्रेरणा दे रखी है। उन्होंने विधायक मोना द्वारा जागरूक महिला समूह के लिए गांव में नारी शक्ति केन्द्रों के संचालन को रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सार्थक चिन्तन करार दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संयोजन गीता सिंह ने किया। संचालन पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुड्डू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा विधिक जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह बघेल, ज्ञानप्रकाश वर्मा, सिंटू मिश्र, शेष तिवारी, राजेश सरोज, राजीव तिवारी को अंगवस्त्रम तथा साल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इधर कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की हुई संगठनात्मक समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं द्वारा जन्मदिन पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा मिली बधाई पर इन राष्ट्रीय नेताओं के प्रति आभार भी जताया गया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, लालगंज प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्रा, कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र, छोटे लाल सरोज, लालजी यादव, दृगपाल यादव, रघुनाथ सरोज, रिंकू सिंह परिहार, सुधाकर पाडेय, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, आशुतोष मिश्र, त्रिभू तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ल, भूपेन्द्र त्रिपाठी काजू, पप्पू तिवारी, राजू मिश्रा, प्रभात ओझा आदि रहे।

## प्रमोद व मोना ने यू0पी0 बोर्ड परीक्षा में मेधावियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सराहा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने यू0पी0बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश एवं जिले खासकर रामपुर खास में सफल मेधावियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सराहा है। रविवार को विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बोर्ड की परीक्षा में रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के सांगीपुर के रामा इण्टर कालेज सराय दलपति के मेधावी अर्पित तिवारी ने प्रदेश में तीसरा स्थान तथा जिले में टॉप कर रामपुर खास की मेधा शक्ति का शानदार परचम लहराया है। वहीं क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अर्पित की सफलता से पूरे प्रदेश रामपुर खास के शिक्षा के हब की मजबूती का डंका बजा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने यू0पी बोर्ड की परीक्षा में मेरिट में स्थान हासिल करने वाले क्षेत्र की मानसी वर्मा, सपना द्विवेदी, वैदिक कुमार वैश्य, कृष्णा सोनी, आंशी द्विवेदी, मृत्युंजय पाण्डेय, नवनीत शुक्ल को भी बधाई देते हुए कहा कि इन मेधावियों की सफलता में शिक्षा का दान देने वाले शिक्षकों व अभिभावकों की मेहनत अभिनंदन योग्य है। नेता द्वय का संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से रविवार को यहां निर्गत हुआ।

# स्टेशन पर विजिलेंस टीम का छापा, मची अफरातफरी

### आरक्षण काउंटर के अभिलेख चेक किए, कुछ हाथ नहीं लगा दो दिन बाद फिर से विजिलेंस का आना चर्चा बना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** दिल्ली विजिलेंस कॉमर्शियल विभाग की टीम ने रविवार को मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन पर छापे की कार्रवाई की। इस दौरान आरक्षण दफ्तर उनके टारगेट पर था। दफ्तर में घुसकर टीम के सदस्यों ने कैश, टिकट और फार्म इत्यादि चेक किया। सबसे संतुष्ट होकर स्टेशन पर आकर बैठ गए। दो दिन बाद दुबारा विजिलेंस का छापा का मतलब दाल में कुछ काला जरूर है। इसके पहले टीम ने दिल्ली से आने वाली पद्मावत एक्सप्रेस में छापे की कार्रवाई की थी।

उसने सीआईटी और टीटीई को अतिरिक्त कैश के साथ रंगे हाथ पकड़ा था। उनके खिलाफ अभी विभागीय कार्रवाई चल रही है। रविवार को दुबारा टीम ने आरक्षण काउंटर पर छापा मारा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां के कॉमर्शियल विभाग की शिकायतें मुख्यालय पहुंची हैं। उनकी तह तक जानने के लिए विजिलेंस टीम को लगाया गया है। आरक्षण में घुसने से पहले टीम ने बाहर अपनी फिल्डिंग लगाई थी। ताकि दलालों को पकड़ सके। लेकिन कोई मिला नहीं। टीम अंदर दाखिल हुई और उसने अपने स्तर से पड़ताल की। लेकिन इस बार उसे कुछ नहीं मिला।

# हाईस्कूल परीक्षा में नौंवा स्थान प्राप्त कर बढाया जनपद का गौरव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़–** विकासखंड बिहार क्षेत्र के मंलावाछजईपुर गांव निवासी त्रिलोकीनाथ यादव की बेटी क्षेत्र के शाहदा हबीबी इंटर कॉलेज अहलादगंज में हाईस्कूल की छात्रा रही। माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल परीक्षा में 96प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय ही नही जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। शाहदा हबीबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद दानिश ने छात्रा मान्शी यादव के घर पहुंचकर छात्रा मान्शी के इस कामयाबी पर माल्यार्पण कर व मिठाइयां खिलाकर अभिनन्दन किया। छात्रा निधि यादव के 93प्रतिशत अंक पाने पर सम्मानित किया। छात्रा मान्शी के पिता त्रिलोकीनाथ यादव व मां गीता देवी ने भी बेटी मान्शी को मिठाइयां खिलाकर अभिनन्दन किया।क्ष इस मौके पर शिवधन संतोष तिवारी वीरेंद्र यादव कमलेश सुशील अनुज किशन शुक्ला पारसनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# संदीप त्रिपाठी को मिली कांग्रेस की बड़ी जिम्मेदारी कांग्रेस मीडिया कम्युनिकेशन के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर बने

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** हीरागंज निवासी कॉग्रेस नेता व टीवी पैनलिस्ट संदीप त्रिपाठी को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। आल इंडिया कॉंग्रेस कमेटी की तरफ से कॉंग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व मीडिया चेयरमैन पवन खेरा की संस्तुति में संदीप त्रिपाठी को कॉन्ग्रेस मीडिया कम्युनिकेशन राष्ट्रीय र कोऑर्डिनेटर लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया है। जिसको लेकर संदीप त्रिपाठी ने मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। जिसके बाद उनके समर्थकों ने बधाई



देते हुए लड्डू खिला कर मुंह मीठा कराया।संदीप त्रिपाठी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अदानी अंबानी की मोदी सरकार लगातार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहीं है। बेरोजगारी के आंकड़े लगाकर अपने रिकार्ड बना रहें है। महंगाई किसानों गरीबों मध्यमवर्गीय लोगों की रसोई में आग लगा रही है। त्रिपाठी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लगातार मजबूती से मुकाबला कर रहें है। हम जनता के मुद्दो की बात की बात कर लोगों के बीच में जा रहें है। जिसको लेकर बीजेपी जनता के बीच हाफ रही है। त्रिपाठी ने कहा कि हम प्रतापगढ़ और कौशाबी की सीट को भारी आंकड़े के साथ जीत दर्ज़ करेंगे।

## जमीनी विवाद में मारपीट ,चार पर मुकदमा दर्ज

**उदयपुर प्रतापगढ़** – स्थानीय थाना क्षेत्र के चाहिन गांव निवासी संजय यादव पुत्र माताफेर यादव ने रविवार को थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि शनिवार को मैं दीवाल बनवा रहा था द्य शाम लगभग आठ बजे गांव के राम फल पुत्र लोधई, शनि पुत्र सुख बिंदर राम,रेनू पत्नी सुख बिंदर राम, सुख बिंदर राम की पुत्री गुड्डी दरवाजे पर आकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे तथा दीवाल गिराकर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए द्य पुलिस ने जाँच कर चारों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है

# अहिना गांव के एक ही परिवार की दो मासूमों सहित तीन लोगों की दिल्ली में हुई निर्मम हत्या

**लोकमित्र ब्यूरो**

**देल्हूपुर प्रतापगढ़** –मानधाता थाना क्षेत्र के अहिना गांव के रहने वाले एक ही परिवार के दो मासूमों सहित पिता की हत्या बीते शनिवार कर दी गई थी । मां गंभीर हालत में एम्स में भर्ती है। सूचना मिलते ही अहिना गांव से छोटे भाई दूधनाथ चौरसिया माता पिता को साथ लेकर साथ दिल्ली रवाना हो गए।घर पर दूधनाथ की पत्नी लक्ष्मी अकेली हैं।मृतक श्याम लाल चौरसिया पांच भाइयों में तीसरे नंबर के थे। भोले, दूसरे राम जी तीसरे नंबर पर मृतक श्याम लाल,चौथे भाई श्यामू, सबसे छोटे दूधनाथ हैं। इनके तीन और भाई दिल्ली में ही रहते हैं। एक भाई दूधनाथ चौरसिया व वृद्ध माता-पिता सहित गांव रहते हैं। पिता सीता राम



चौरसिया 80 वर्ष के बिल्कुल जर्जर स्थिति में हैं।घटना की सूचना मिलने पर शनिवार को तीन बजे माता-पिता को साथ लेकर दूधनाथ दिल्ली के लिए रवाना हो गए । घर पर दूधनाथ की पत्नी लक्ष्मी अकेली हैं। उन्होंने बताया कि अभी शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा। वहीं पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना कैसे हुई अभी इसकी कोई जानकारी लक्ष्मी को नहीं है।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना के चाहिन गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव के माताफेर यादव के पुत्र संजय यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि शनिवार की शाम वह दीवाल का निर्माण करा रहा था। इसी समय गांव के लोधई के पुत्र रामफल, सुखविंदर के पुत्र शनि तथा सुखविंदर की पत्नी रेनू व बेटी गुड्डी दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे।

## समाजसेवी ने उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी



**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी वर्तमान ग्राम प्रधान ढिगवश राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी ने यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के विद्यार्थियों के घर पहुंच कर कहा की आप जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें और राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे। उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराते हुए शुभकामनाएं दी।

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मजदूर की झुलस कर मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़।** हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से टेंट हाउस मजदूर की झुलस कर मौत होने की घटना को जेठवारा पुलिस ने ऐसे मैनेज किया की लोगों को खबर भी नहीं लग सकी।जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे तोरई गांव का निवासी छोटू गौतम पुत्र जीतलाल कटरा गुलाब सिंह बाजार के रवि टेंट हाउस में मजदूर का काम करता था। शनिवार को क्षेत्र के नागपुर गांव में टेंट लगाने गया था। टेंट लगाने के लिए लोहे की पाइप ऊपर उठाते ही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आ गया।

और वह बुरी तरह झुलस गया।गंभीर हालत में उसे स्थानीय चिकित्सालय ले गए, लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । सूचना के बाद भी स्थानीय पुलिस हरकत में नहीं आई और मजदूर की मौत को पैसे से मैनेज करा दिया।बेहद गरीब मृतक के परिजन भी हालत के आगे बेबस होकर लोगों के समझने में आ गए । लेकिन पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराना भी आवश्यक नहीं समझा।

## लाइनमैन झुलसा, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अचानक विद्युत करंट की चपेट में आने से लाइन मैन गंभीर रूप से झुलस गया। गम्भीर स्थिति में प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज में उसका इलाज जारी बताया गया है। लालगंज तहसील के रानीगंज अजगरा विद्युत उपकेन्द्र में विजय धुरिया लाइनमैन है। लीलापुर थाना के सरांय संसारा निवासी विजय धुरिया 35 पुत्र रामसजीवन रविवार की सुबह करीब नौ बजे उपकेन्द्र से शटडाउन लेकर सण्डवा सोमवंशियान गांव में पहुंचा। यहां वह ट्रांसफार्मर के पास एलटी लाइन में आई कमी दुरुस्त कर रहा था कि अचानक विद्युत सप्लाई आ गई। अचानक विद्युत सप्लाई आने से लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रुप से झुलस गया। ग्रामीण झुलसे लाइनमैन को आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ लेकर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक मेडिकल कालेज में घायल लाइनमैन की स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और इलाज के साथ ही हर संभव मदद का लाइनमैन के परिजनों को भरोसा दिलाया है।

## आशीर्वाद मिश्रा ने जनपद में आठवां स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़** बिहार विकासखंड क्षेत्र के चकवड़ गांव में स्थित घनश्याम गिरि कालेज आफ एजूकेशन के हाईस्कूल के छात्र आशीर्वाद मिश्र निवासी पांडेयकपुरवा होलागढ़ प्रयागराज ने 96प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया है। पिता अशोक मिश्र शिक्षक मां लक्ष्मी मिश्र ने मिठाइयां खिलाकर अभिनन्दन किया। प्रबंधक घनश्याम गिरि व प्रधानाचार्य पुष्पेन्द्र तिवारी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# बीआरडी पब्लिक स्कूल एंड गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा गुलाब सिंह,प्रतापगढ़ ।** बीआरडी पब्लिक स्कूल एंड गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज गम्भीरा, कटरा गुलाब सिंह क्षेत्र के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में माना जाता है। यहां केवल शिक्षण कार्य ही नहीं खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां भी सराहनीय होती है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस विद्यालय की छात्रा प्राची यादव ने हाई स्कूल परीक्षा में 93.16 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार श्रेयांश साहू ने 91.5 प्रतिशत,कृतिका मौर्य ने 90.16 प्रतिशत, आस्था श्रीवास्तव ने 88.6 त्न नेहा पटेल ने 87.16त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यालय के प्रबंधक विनोद पटेल एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शुक्ल ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के समस्त सफल छात्र एवं छात्राओं को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। बच्चे आगे भी ऐसे ही विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपने माता - पिता , गुरुजनों एवं देश का नाम रोशन करते रहें। बच्चों की सफलता के लिए प्रबंधक ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को भी बधाई देते हुए कहा कि इन्ही के मार्गदर्शन में बच्चों ने सफलता अर्जित किया है।.

# केशव देवी शिवनन्दन सिंह पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिणाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड कौशाम्बी म्योहर केशव देवी शिवनन्दन सिंह पब्लिक स्कूल के इंटर मीडिएट के तन्वी त्रिपाठी 85.8, उजाला यादव 85.6, प्रिया यादव, स्वेच्छा अग्रहरि 83.6, फिज्रा बेगम 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया, विद्यालय मे अव्वल आने वाले टाप बच्चों को विद्यालय के प्रबन्धक सहित विद्यालय स्टॉफ ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनको सम्मानित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया।



## कोचिंग सेंटर के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

कौशाम्बी। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश कौशाम्बी जिले के सैनी स्थित उज्जवल कोचिंग सेंटर इंटरमीडिएट व हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रचा इतिहास हिमांशु विश्वकर्मा 89.56 प्रतिशत, सचिन पटेल 88 प्रतिशत, महिमा सोनकर 83 प्रतिशत, आनंद मौर्य 85.66 प्रतिशत, यश 87.66 प्रतिशत, कयनात बनो 74 प्रतिशत, खुशबू 73 प्रतिशत अलीशा बनो 71 व हाई स्कूल में शिवम अग्रहरी 88 प्रतिशत, शिवम यादव 86 प्रतिशत, युवराज 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर उज्जवल कोचिंग सेंटर के संचालक व अभाविप काशी प्रांत के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनूप पटेल, अभिषेक, मतेश, राजेश, सुशील, जितेंद्र ने बच्चों को मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया व उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## कपिल द्विवेदी के निधन पर प्रमोद व मोना हुए दुःखी, कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर रविवार को कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कपिल द्विवेदी के आकस्मिक निधन पर शोक जताया गया है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कपिल द्विवेदी के आकस्मिक निधन को पार्टी संगठन की क्षति के साथ पारिवारिक दुखद की भी अनुभूति कहा है। प्रतिनिधि भवगती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्रा, छोटे लाल सरोज, अभिनव शुक्ला, अतुल शुक्ला, प्रभात ओझा, त्रिभू तिवारी, भूपेन्द्र तिवारी, सौरभ शास्त्री ने भी बैठक के जरिए कपिल द्विवेदी के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# प्रशिक्षण से आत्मबल बढ़ता है और नये रोजगार स्थापन में आसानी होती है



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आरसेटी, प्रतापगढ़ द्वारा प्रशिक्षण के मध्य प्रशिक्षणार्थियों को स्थलीय भ्रमण कराया गया। जहां सुप्रसिद्ध ब्यूटीशियन प्रमिला शुक्ला, फैमिली ब्यूटी पार्लर एवं ट्रेनिंग सेंटर ने विद्यार्थियों को ब्यूटीशियन क्षेत्र में टिप्स देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया संगीता मिश्रा, सत्यम शिवम ज्वैलर्स द्वारा वर्तमान में आर्टिफिशियल ज्वेलरी की उपयोगिता, बनाने के तरीके एवं इसकी नियमित उपयोग पर जानकारी प्रदान की।

ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट के प्रशिक्षणार्थियों में अत्यंत उत्साह देखा गया और उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी विशेषज्ञ द्वारा दिया गया।इस अवसर पर निदेशक जितेंद्र प्रसाद, शिवम मिश्रा, फैकेल्टी अमृता दुबे, संजीव कुमार, शांतनु शेखर सिंह, प्रशिक्षिका बबीता सिंह आदि उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से वित्तीय सलाहकार एवं ऋण समन्वयक शिशिर खरे ने कहा कि ब्यूटी पार्लर आज की विशिष्ट मांग है और उचित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं इससे स्वयं का रोजगार स्थापित कर स्वावलंबन की दिशा में बढ़ते हुए, अपने परिवार की आय में वृद्धि कर सकती हैं।

# किशोरी के आत्महत्या को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मानसिक प्रताड़ना के जरिए किशोरी को आत्महत्या के लिए विवश करने को लेकर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे ब्रम्हचारी मोठिन गांव में बीती अट्ठारह अप्रैल को सुबह किशोरी ने छत के चुल्ले से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घटना को लेकर गांव के बाबूलाल की पत्नी रानी देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव के धुन्नी के पुत्र प्रमोद व गुलशन ने इसकी चैदह वर्षीय बेटी खुशी से घटना के पूर्व छेड़खानी व अश्लील हरकत कर परेशान किया था। तहरीर में कहा गया है कि छेड़छाड़ की घटना को लेकर मृतका किशोरी ने परेशान होकर आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी प्रमोद व गुलशन के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ जांचकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का किया नाम रोशन



**दिलीपपुर-प्रतापगढ़ –** क्षेत्र स्थित राज कुमारी मेमोरियल इण्टर कालेज में दसवीं कक्षा के छात्र अगम मिश्र ने 91.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर के घर,विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रीय लोग अगम मिश्र के परिश्रम और लगन की सराहना करने के साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे है।

## लालगंज में नेत्र शिवर आज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में आज सोमवार को प्रातः दस बजे निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने दी है।

# परिवारवाद नही कौशाम्बी की जनता राष्ट्रवाद को चुनेगी- विनोद सोनकर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** विजिया चौराहा में नुक्कड़ सभा कार्यक्रम के संयोजक भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष योगनेद्र त्रिपाठी के अगुवाई में का आयोजन किया गया जिसमे नुक्कड़ सभा में सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर जनता विकसित राष्ट्र का निर्माण करेगी रविवार को भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने अवाना आलमपुर,विजिया चौराहा में नुक्कड़ सभा में मोदी सरकार द्वारा 10 वर्षो में गांव गरीब किसान मजदूर के लिए किए गए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को बताया तथा सांसद अपने द्वारा 51 संकल्प पत्र पर भी चर्चा किया और लोकसभा कौशाम्बी में हुए विकास कार्य पर चर्चा के साथ साथ कौशाम्बी खास में हुए भाजपा सरकार में हुए कार्य प्रयागराज से उत्खनन तक फोरलेन सड़क, यमुना नदी में महिला घाट और कोसम इनाम में बन रहे पुल, 55 बीघा जमीन अधिग्रहण कर बौद्ध थीम ,18 घंटे बिजली,मुफ्त राशन,पेंशन,सम्मान निधि जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भाजपा द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा किये और लोगों से अपील किये और जनता जनार्दन से फिर से देश में मोदी सरकार बनाए जाने की अपील किये कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र त्रिपाठी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष, अमर सिंह पटेल विधानसभा संयोजक, अरविंद द्विवेदी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष , यशपाल सिंह,अरुण कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा,संजय शुक्ला , रोहित मिश्रा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, जगन्नाथ मंडल अध्यक्ष ,कलीम हसन अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष कौशाम्बी,चंद्रमा त्रिपाठी,शंकर शुक्ला, अंशू त्रिपाठी,शशिकांत त्रिपाठी,राहुल मिश्र,कौशिक अग्रहरि,विकास अग्रहरी,संगीता सरोज,पुष्पा देवी,बिरेंद्र फौजी नगर पंचायत अध्यक्ष मंझनपुर,इंद्र नारायण केशवानी,मोहन लाल सेन,शिव नरेश निषाद,सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से कुबरी घाट किनारे रखी तख्त जली



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कुबरी घाट किनारे रखी तख्त बीती रात अज्ञात कारणों से जल गई, लोगो की माने तो अराजकतत्वों ने तख्त में आग लगाई है।शक्तिपीठ कड़ा धाम के कुबरी घाट किनारे गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा की लिए पुरोहित द्वारा तख्त रखी गई है। बीती रात कुछ अराजकतत्वों ने तख्तो में आग लगा दिया जिसमे कई तख्त जलकर राख हो गए रविवार की सुबह घाट गए पुरोहितों ने देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी।

# शार्ट सर्किट से आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के काजू गांव में रविवार सुबह शार्ट सर्किट से गेंहू के खेत में आग लग गई। आग की लपटों को देख मौके पर जुटे ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से किसानों की लगभग आठ बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई।

चायल तहसील के काजू गांव के किसानों ने अपने खेतों में गेंहू की फसल लगा रखी है। रविवार सुबह शार्ट सर्किट से खेत में खड़ी फसल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटें आसमान को छूने लगी। आग की लपटों को देख मौके पर जुटे ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की आग पर काबू पाने से पहले गांव निवासी मातादीन, राम संवारे, सुखलाल, रामचंद्र, राजकिशोर, कुलदीप आदि किसानों की आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बदहवास हालत में पहुंचे किसानों ने मामले की सूचना राजस्व विभाग को दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक ने जांच कर नुकसान का आकलन किया।

## क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने कुबरी घाट का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी? कौशाम्बी।** शक्तिपीठ कड़ा धाम के कुबरी घाट में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने श्रद्धालुओ की व्यवस्था सहित अन्य चीजों का जायजा लिया। इस दौरान गंगा गोमती संस्था के अध्यक्ष ने घाट पर होने वाली समस्याओं को जानकारी देते हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने जल्द से जल्द समस्या से निजात दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# दहेज के लिए बेटी की हत्या करने का लगाया आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मलाक मोहीउद्दीन पुर गांव में ब्याही विवाहिता का शव शनिवार को घर के समीप दुधारा रेलवे ट्रैक पर मिला था। मायके पक्ष वालो ने दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी का हत्या करने का आरोप लगाया है। रविवार को मृतका के पिता ने संदीपन घाट कोतवाली पहुंच पति और ससुर के खिलाफ दहेज हत्या की तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

सैनी कोतवाली के लुटिया गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र जग्गू ने अपनी बेटी रेनू (24) की शादी संदीपन घाट कोतवाली के मलाक मोहीउद्दीन पुर गांव निवासी भोला के बेटे राजू पासी के साथ चार साल पहले की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालियों ने दहेज में एक लाख नकदी व एक बाइक की मांग करने लगे। इंकार करने पर दामाद और ससुर उसको प्रताड़ित करते थे। शनिवार सुबह साढे दस बजे के करीब फोन कर उसने बताया था कि पति राजू और ससुर ने दहेज के लिए उसे बुरी तरह मारे पीटे हैं। कह रही थी कि वह उसे जान से मारना चाहते हैं। देर शाम रेनू का शव गांव के बाहर रेलवे ट्रैक पर मिला। उसकी जेठानी ने फोन कर बताया कि उसकी बेटी का शव गांव के बाहर रेलवे लाइन पर पड़ा है। जानकारी पिता ने संदीपन घाट कोतवाली पहुंच दहेज की मांग पूरी न होने पर दामाद राजू और ससुर भोला पर रेनू की हत्या करने का आरोप लगया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष भुवनेश चौबे का कहना है कि तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब में उतरता मिला लापता बालक का शव

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के तियरा गांव में शनिवार को पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए बालक का शव रविवार की सुबह तालाब में उतराता हुआ मिला। बालक के शव मिलने की जानकारी लोगों को हुई तो सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया लेकिन परिजन इसके लिए राजी नहीं हुए तो पंचनामा भर कर शव उनको सौंप दिया गया।

तियरा गांव निवासी शमशेर सरोज मेहनत मजदूरी करके स्वजनों का भरण पोषण करते हैं। शनिवार को उनका पांच वर्षीय बेटा अप्पू गांव के अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी बीच वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। अनहोनी की आशंका करते हुए परिजनों ने उसकी खोज बीन करना शुरू किया। तलाश के दौरान ही रविवार की सुबह करीब आठ बजे अप्पू का शव घर से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित पानी भरे तालाब में उसका शव उतरता हुआ मिला। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजने का प्रयास किया तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इस संबंध में एयरपोर्ट इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि खेलते समय बालक तालाब में डूब गया है। फिलहाल स्वजनों ने भी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। बरहाल जांच की जा रही है।

## अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, दो युवक जखमी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के शरीफाबाद गांव के समीप एक तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी।हादसे में बाइक सवार दो युवक गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने जख्मी बाइक सवारों को अस्पताल में भर्ती कराया।

कड़ाधाम थाना क्षेत्र के औरैनी निवासी मंगेश पुत्र हरिश्चन्द्र 32 वर्ष रविवार की दोपहर अपने साथी अजय पुत्र किशन 28 वर्ष के साथ देवीगंज बाजार जा रहा था।बताते हैं कि बाइक सवार दोनों युवक जैसे ही शरीफाबाद गांव के समीप पहुंचे अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी।हादसे में बाइक सवार दोनों युवक जख्मी हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

# कौशाम्बी के दो लाल ने मेजर सर्वेश कुमार त्रिपाठी और सब इंस्पेक्टर आशुतोष का सरहनीय कदम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अवाना आलमपुर, कौशाम्बी।** कौशाम्बी के लाल की कहानी हर किसी की जुबान पर इन दोनो चर्चा बनी हुई है आपको बतादे कि मंगलवार को एक लखनऊ के पेपर में दिल को हिलादेने वाली खबर आती है की बबलू तिवारी निवासी गोंडा हजरतगंज नेशनल इंटरकालेज के पास रोड पर मृत है और कंधा देने वाला कोई नहीं है उसकी पत्नी सपना तिवारी और दो बच्चे रो रहे है। और उसका दाह संस्कार हजरत गंज के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने किया पेपर को पढ़ते ही मेजर एसके त्रिपाठी ने अपने मित्रो को संपर्क किया जिसमे खबर की पुष्टि करने के लिए इंस्पेक्टर आशुतोष पांडे और सहायक कमांडेंट अतुल शुक्ला उस जगह पर गए और पाया कि अत्यंत गरीब स्थिति है और फूट पाथ पर जीवन कट रहा परिवार है। मेजर एसके त्रिपाठी ने स्वयं बात किया और पता चला की उनकी एक चाय की दुकान जो पति के मृत्यु के बाद जो बंद हो गई है इंस्पेक्टर आशुतोष ने और अतुल



शुक्ला ने बताया कि हम इसको एक महीने का सामान एवम चाय की दुकान का सामान दे देते है जिससे उसको आर्थिक सबलता मिले। इन लोगों ने अपने मित्रो से बात किया जिसमे 55000ध् इकठ्ठा किया गया और इंस्पेक्टर आशुतोष को मार्केटिंग की जिम्मेदारी दिया गया, इंस्पेक्टर आशुतोष पांडे, रिद्धिम द्विवेदी और अभय त्रिपाठी ने अपने सरकारी कार्य के बाद समान की खरीद दारी किया तथा एक महीने का समस्त राशन, बच्चो और सपना के कपड़े, चाय की दुकान का सामान और 6000 नगद दिया। साथ ही उनको एक ठेला भी दिया जिससे वह दुकान चला सके । इस तरह इन अधिकारियों ने मिलकर अपनी सरकारी ड्यूटी से हटकर समाज का कार्य किया और मदद किया। मेजर एसके त्रिपाठी वही अधिकारी है जिसने कोविड 19 के समय अपने ग्राम सभा को सेना को गोद दिलाया और दो महीने तक लोकीपुर ग्राम सभा में मेडिकल कैंप, वैक्सीनेशन कैंप और साफ सफाई का कार्य कराया था। इन्होंने ग्राम सभा के प्राइमरी हेल्थ सेंटर में पौधारोपण कराया था।

साथ ही एक परंपरा की शुरुवात किया था की गांव में जो भी नई बहू आयेगी पौधा रोपण करके ही घर में कदम रखेंगी। मेजर सर्वेश कुमार त्रिपाठी इंस्पेक्टर आशुतोष तथा अतुल शुक्ला जी को जोड़ी आए दिन अपने दोस्तो के साथ मिलाकर ऐसी घटनाओं में मदद करते रहते। सर्वेश कुमार त्रिपाठी मूरत गंज के लोकीपुर के रहने वाले है और आशुतोष पांडेय सरसवां के नाग चौरी का पूरा के रहने वाले है दोनो के सराहनीय कार्य की चर्चा सभी के जुबान पर बनी हुई है।

## दबंग ने सिंघाड़ा की बेहन किया नष्ट, शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगो ने तालाब में लगे सिंघांडा की बेहन को उखाड़कर कर नष्ट दिया , उलहाना देने पर दबंगो ने पीड़ित के साथ अभद्रता करते हुए झगड़े पर आमादा हो गए , पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के वार्ड नं एक तिलक नगर के रहने वाले पंचमलाल पुत्र स्व शुकरू ने कड़ा धाम पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की मोहल्ले में स्थित उसका तालाब में मत्स्य पालन का पट्टा हुआ था जिसमें वह सिंघाडा लगाए था , पंचमललाल का आरोप है की आचार संहिता लगने की वजह से पट्टे का नवीनीकरण नही हो सका इस दौरान मोहल्ले के कुछ दबंग अपने परिवारीजनों के साथ मिलकर तलाब में बोए सिंघाडा की बेहन को उखाड़कर नष्ट कर दिया , जिसका उलहाना देने पर दबंग गाली गलौच करते हुए झगड़े पर अमादा हो गया और धमकी देने लगा। पीड़ित ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# शादी में पटाखे छुड़ाने के दौरान बाराती घराती भिड़े

## आपसी कहासुनी के बाद हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक बराती चोटहिल, वाहनों के टूटे शीशे



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात आई बारात में द्वाराचार के दौरान पटाखे छूटने के बाद बराती व घरातियो में आपसी कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिसमे आधा दर्जन से अधिक बाराती चोटहिल हो गए साथ ही आधा दर्जन के करीब वाहनों के शीशे टूट गए घटना की खबर पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करा कुछ लोगो को थाना ले आई और आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के लुकीया गांव निवासी रमेश चंद्र की पुत्री सपना की शादी महेवाघाट थाना क्षेत्र के गरौली गांव निवासी खुन्दन के पुत्र रवि करन के साथ तय हुई थी । शनिवार की रात सपना की बारात गांव आई थी बारात गांव के बाहर बेनी पुत्र राम खेलावन के ट्यूबवेल ने रुकी थी जहां लड़की पक्ष के लोगो ने बारातियों को नाश्ता आदि कराने के बाद द्वारचार की तैयारी चल रही थी तभी वर पक्ष की ओर से पटाखा छूटने लगे तो ट्यूबवेल में बंधी भैंस खुल गई जिसके बाद बारातियों व घरातियो में आपसी कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी जिसमे बारातियों में विजय प्रकाश पुत्र खुदून 30 वर्ष , अनुराग पुत्र सतेंद्र 16 वर्ष , बजरंगी पुत्र हरिश्चंद्र , हिमांशु पुत्र कुलदीप सहित दर्जनों बराती चोटहिल हो गए , इस दौरान वधु पक्ष के लोगो ने वर पक्ष की लगभग आधा दर्जन चार पहिया की शीशे वगैरह तोड़ दिए । हादसे के बाद गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया । घटना की सूचना पर पहुंची सैनी पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर झगड़े को शांत कराया और कुछ लोगो को थाने ले आई और आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### क्या कहते है क्षेत्राधिकारी

इस मामले में क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा का कहना है की बारातियों व घरातियों में मारपीट की सूचना मिली थी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया कुछ लोगो को कस्टडी में लेकर पूछताछ की जा रही है
तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अपर निदेशक व नोडल अफसर ने गौशाला का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** अपर निदेशक व नोडल अधिकारी डा राजेश कुमार ने विकास खंड कड़ा के उंचरावा व विकास खंड चायल के शेखपुर रसूलपुर में स्थित गोशाला का निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाएं देखी।

शासन ने गोशालाओं की स्थिति और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए नोडल अधिकारी नामित किए हैं। नोडल अधिकारी के रूप में पहुंचे डा राजेश कुमार ने उंचरावा व शेखपुर रसूलपुर में गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने मवेशियों के रखने की व्यवस्था, उनकी संख्या, भूसे का स्टॉक, पेयजल व्यवस्था सहित पौधरोपण का कार्यों को देखा। उन्होंने मौजूद कर्मचारियों से बात कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने गोबर डंप को खाद बनाने एंव खाली जगह पर हरा चारा उगाने के साथ गोशाला की आय बढ़ाने के लिए जिम्मेदारों को आदेश दिया। साथ ही प्रतिदिन पशुपालन विभाग की टीम गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करने का निर्देश दिया । इस दौरान पशु चिकित्साधिकारी अजुहा डा विवेक सिंह , पशुधन प्रसार अधिकारी संजय कुमार , प्रधान प्रतिनिधि रवि विश्वकर्मा सहित गौशाला के कर्मचारी मौजूद रहे।

## चंद्रशेखर फार्मेसी के चिकित्सा शिविर में 52 रोगियों ने उठाया लाभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कोइलहा में स्थित चंद्रशेखर सिंह आयुर्वेदिक संस्थान एवं चिकित्सालय ने चायल के उजिहिनी खालसा में चिकित्सकों की टीम भेजकर एक चिकित्सा शिविर लगाकर गांव में मरीजों की जांच कर उन्हे निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। इसके साथ ही चिकित्सक डा. टी एस शुक्ला ने गर्मियों के मौसम संबंधित बीमारियों से बचाव और देखभाल की जानकारी प्रदान किया। चिकित्सक दल में डा. शुक्ला के साथ डा . अरविंद कुमार यादव व कई प्रशिक्षु चिकित्सकों में अपना योगदान दिया। संस्थान के प्राचार्य प्रो. विनोद कुमार ने बताया की शिविर में कुल 52 रोगियों का परीक्षण किया गया।

# हाजी अब्दुल खालिक इंटर कालेज में लड़कियों ने मारी बाजी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी किया गया । विकास खंड कड़ा के परास में स्थित श्री हाजी अब्दुल खालिक इंटर कालेज की हाईस्कूल की छात्रा नादिया परवीन ने 93.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनी। वही अरीबा फत्मा 92.2 दूसरा, अनाबिया रूकसार 90 प्रतिशत के साथ तीसरा, सिमरा हया 86.6 चौथा व उज्मा परवीन 85.3 के साथ विद्यालय में पांचवा स्थान हासिल किया इसी तरह इंटरमीडिएट में जुलेखा परवीन 90.6 के साथ विद्यालय में पहला स्थान, करन सिंह यादव 88ः दूसरा स्थान , रिया तिवारी 87ः तीसरा स्थान , सुरभि मिश्रा 81ः चौथा स्थान , फरहा नाज 79.8ः अंक के साथ विद्यालय में पांचवा स्थान हासिल किया विद्यालय के प्रबंधक व जिला पंचायत सदस्य मुंसब अली उस्मानी ने टॉपर छात्रा को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

इसी तरह अजुहा कस्बे में स्थित दयानंद सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज मे इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम में अंजली देवी 92 प्रतिशत पाकर पहला स्थान प्राप्त किया, गीता देवी 89.2 को दूसरा, प्रियका जयसवाल 89.2 को तीसरा, कशिश अग्रहरी 84, नीतू चौरसिया 84.2, शिवानी देवी 85 एवं हाई स्कूल में रिया मिश्रा 87 के साथ पहला स्थान, मो0 जिशान 86.5, सेजल यादव 86.33, मोनिका देवी 84 व अदिति अग्रहरी 84.16, निधि मौर्या 84 अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# अराजकतत्वों ने गोमती में लगाई आग, लाखो का सामान खाक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति छप्पर डालकर गोमती में किराना की दुकान चलाता था जिसमे गांव के कुछ अराजकतत्वों ने बीती रात आग लगा दिया , आग की विभीषिका में लगभग लाखो रुपए का सामान जलकर खाक हो गया , पीड़ित ने मामले की लिखित सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के औरैनी गांव के रहने वाले मो महबूब पुत्र वहीदउद्दीन ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की वह छप्पर डालकर लोहे की गोमती में कोल्ड ड्रिंक व किराना की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। मो महबूब का आरोप है की गांव के कुछ अराजकतत्वों ने उसकी गोमती में आग लगा दिया जिसके चलते गोमती ने रखा लगभग डेढ़ लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया और छप्पर वगैरह जल गए , घटना की जानकारी पर ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की छानबीन ने जुट गई है।

## सम्पादकीय

# जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया।इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है।विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं।पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती।न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे 'महादेश' को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड़ने पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की 'गारंटी' हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।




**मेष राशि:** आज आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। छोटे बच्चे अपने दोस्तों के साथ पार्क में खेलने जाएंगे। घर-वार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा। इस राशि के जिन लोगों का रेस्टोरेंट है, उनके धन में वृद्धि होने की संभावना है। आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**वृष राशि:** आज परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर रहेगा। सेहत के लिहाज से आज आप स्वस्थ्य बने रहेंगे। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही आईटी से जुड़े स्टूडेंट्स को भी लाभ मिलेगा। आज आपकी बातों का लोगों पर प्रभाव दिखेगा।

**मिथुन राशि:** आज आपको आर्थिक रूप से अपने रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको टहलना चाहिए। इससे आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। आज सकारात्मक सोच आपको कार्यों में सफलता दिलाएगा। परिवार के साथ किसी टूर का प्लान बनायेंगे।

**कर्क राशि:** आज आपको मित्रों से कुछ बेहतर सलाह मिलेगी। आज आपको थोड़ा आलस महसूस होगा, जिससे काम में मन कम ही लगेगा। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आप जरूरतमंद लोगों की तरफ मदद का हाथ बढ़ायेंगे । जो छात्र फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे हैं, उन्हें आज कुछ नया डिजाईन करने को मिल सकता है, उनकी मेहनत रंग लाएगी। दांपत्य रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। व्यापार में लाभ होने की संभावना है। ऑफिस में आपकी कार्य क्षमता से सहकर्मी प्रभावित होंगे।

**सिंह राशि:** आज आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। साथ ही आपको तरक्की के कई अवसर भी मिलेंगे। आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे। आपको व्यापार में मुनाफा होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। कोई नया काम करने के लिए सोचेंगे। दांपत्य जीवन में सलाह-मशविरा से आगे बढ़ने से अंडरस्टैन्डिंग बढ़ेगी। कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने सब्जेक्ट में आ रही प्रॉब्लम्स का हल आज मिल जायेगा। जीवन में आपकी तरक्की सुनिश्चित होगी।

**कन्या राशि:** आज आपका खुशनुमा व्यवहार घर में बहुत ही अच्छा माहौल बना देगा। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे।जीवनसाथी के साथ डिनर का प्रोग्राम बनेगा। सामाजिक स्तर पर आप लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके शानदार रहने वाला है। आज कारोबारियों को धन लाभ होने की उम्मीद है। ऑफिस के काम की गति अच्छी रहेगी, आप अपने सारे रुके हुए काम पूरा करने में सफल होंगे। आज जीवनसाथी को उनकी पसंद का कोई गिफ्ट देंगे। आज किसी वजह से दोस्तों के साथ घूमने का प्रोग्राम टल जाएगा। कोई जरूरी चीज आज आप कहीं रखकर भूल सकते हैं। आपको अपने सामान का खास ध्यान रखना चाहिए। आपको तली:भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि:** आज आप माता-पिता के साथ मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। जीवनसाथी से आपको खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा बन रहेगा। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। आज आप कामकाज में बहुत बिजी हो सकते हैं। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद होगी। आप उन उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**धनु राशि:** आज आप कोई जरूरी काम निपटाने में सफल रहेंगे। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाने से आपको खुशी मिलेगी। धन से जुड़ी चिंताएं दूर हो जाएगी, साथ ही रुके हुए धन की प्राप्ति भी होगी। कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। नींद पूरी होने के कारण आप बेहतर महसूस करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। करियर में सफलता सुनिश्चित होगी। जीवनसाथी को आज कोई बड़ी सफलता हाथ लगेगी। बच्चे खेल:कूद में व्यस्त रहेंगे।

**मकर राशि:** आज आपको बच्चो से कोई अच्छी खबर मिलेगी। जीवन मे आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। इस राशि के जो लोग फ्रीलांसर हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आपको अपनी मेहनत के हिसाब से फल की प्राप्ति जरूर होगी। नए व्यापार के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपका मन उत्साह से भरा रहेगा। अगर आपका बुक्स की शॉप है, तो आज आपकी बिक्री में बढ़ोतरी होगी। आज आप ऑनलाइन कोई नया बिजनेस शुरू करने का मन बनाएंगे।

**कुंभ राशि:** आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट्स स्टूडेंट्स को टीचर्स का पूरा:पूरा सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से किसी विषय में आ रही समस्या आज आसानी से सॉल्व हो जायेगी। वर्क आउट शुरू करने से आप चुस्त:दुरुस्त बने रहेंगे। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**मीन राशि:** आज जीवनसाथी के सहयोग से कोई काम पूरा हो जायेगा। साथ ही उनकी बेहतर सलाह मिलने से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ी अनबन हो सकती है, लेकिन जल्द ही सब ठीक भी हो जायेगा। टीचर्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी काम में सफलता मिलेगी। आप खुद को ऊर्जा से भरा हुआ फील करेंगे।

# पहले चरण के मतदान में मध्यप्रदेश की तासीर क्या

**पोलट्रिक्स/जयराम शुक्ल**

लोकसभा चुनाव, मध्यप्रदेश में पहले चरण के महासमर में मौसमी लू-लपट के साथ वोटों की छीन-झपट का जोर चरम पर है।पेंच, कान्हा, बांधवगढ़, संजय टाईगर रिजर्व में सियारों की हुआ-हुआ, चिड़ियों की चहचहाहट और बाघों की दहाड़ पर मैदानी इलाकों में पार्टी कार्यकर्ताओं की तू-तू मैं-मैं और नेताओं की हुंकार भारी पड़ रही है। विन्ध्य की दो सीटों सीधी, शहडोल और महाकोशल की चार सीटों मंडला, जबलपुर, छिन्दवाड़ा, बालाघाट लोकसभा सीटों के लिए आज मत पड़ रहे हैं। यह इलाका कभी %ग्रेट गोड़वाना% का हिस्सा रहा। मुगलों से भिड़ने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती से लेकर अंग्रेजों से मोर्चा लेने वाले संग्राम शाह- रघुनाथ शाह के पराक्रम की गाथाएं अभी भी लोगों की जुबान पर हैं। एक तरह से चुनाव के इस पहले चरण का नियंता विशाल वनवासी वर्ग है जिसे रिझाने के लिए भाजपा के पास मोटे पैकेज हैं तो कांग्रेस के पास भावनात्मक और सामाजिक मुद्दे।छिन्दवाड़ा में छीना-झपटी.. !इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है उसमें छिंदवाड़ा पर देश की निगाहें टिकी हैं। कमलनाथ का सबकुछ दांव लगा है। बेटे नकुल नाथ चुनाव मैदान में हैं। बड़ा सवाल यह है कि छिंदवाड़ा कमलनाथ का पर्याय बना रहेगा यह इस बार निजाम बदलेगा। भाजपा ने विवेक साहू बंटी पर दांव खेला है। केन्द्रीय नेतृत्व और रणनीतिकार हर कदम पर इनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस बार न इन्हें संसाधन की कोई कमी और मनोबल तो जामसांवली के मंदिर के शिखर तक। पर चर्चा के केन्द्र में सिर्फ और सिर्फ कमलनाथ हैं, न नकुलनाथ और न बंटी।बाघ जब बूढ़ा हो जाता है तो जंगल के वन्यजीव उसकी अवहेलना करने लगते हैं। न उसकी गुर्राहट काम आती और जंगल के राजा होने का रसूख। कमलनाथ के साथ कुछ ऐसा ही ही। एक एक करके सभी विश्वसनीय साथ छोड़ते जा रहे हैं। सबसे बड़ी चोट अमरवाड़ा के विधायक कमलेश शाह ने दी। कांग्रेस की टिकट पर पच्चीस हाजार मतों से जीतने वाले कमलेश गोड़वाना के शाही वंशज हैं। उनका टूटना दांए हाथ के कट जाने जैसा है। नकुलनाथ के पिछले चुनाव में अमरवाड़ा ने 22 हजार की लीड न दी होती तो जीतना ही मुश्किल था। छिन्दवाड़ा शहर में भी विपरीत हवा है। सबसे पुराने साथी दीपक सक्सेना और महापौर विक्रम अहाके ने बगावत करके छिन्दवाड़ा की मांद को भाजपा के लिए सुभेद्य बना दिया है।विधानसभा में जिस छिन्दवाड़ा जिले की सभी सीटें कांग्रेस ने जीती हों उसके हर विधानसभा में नेताओं कार्यकर्ताओं की पतझड़ है। यहां वनवासी वोटों का प्रतिशत 35 से ऊपर है। तामिया के भारिया वनवासी हैं तो मैदानी इलाके में गोंड। अबतक कांग्रेस का साथ देते आ रहे थे इस बार जन-मन में क्या है..? कोई समझ नहीं पा रहा।बालाघाट में कंकर का बंकर !छिन्दवाड़ा की जोड़ीदार सीट है बालाघाट। मध्यप्रदेश में नक्सलियों का बड़ा ठिकाना। खौफ इतना कि एक बार नक्सलियों ने दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के मंत्री लिखीराम कांवरे को कुल्हाड़ियों से काट डाला था। हिना कांवरे यहीं से कांग्रेस विधायक हैं। बालाघाट की सीमा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से लगती है। नक्सलियों का यह एक कॉरीडोर भी है। लगभग 38 प्रतिशत वनवासी बाहुल्य यह लोकसभा क्षेत्र पिछले छह बार से भाजपा के कब्जे में है। लेकिन विधानसभा में भाजपा एक बार भी क्लीनस्वीप नहीं कर पाई। पारंपरिक वनवासी भाजपा की ओर झुकें हैं। नक्सली सत्ता के खिलाफ रहते हैं सो इनका जहां असर होगा वे भाजपा के खिलाफ ही अपना फरमान देंगें।इस बार एक बड़ा फैक्टर हैं कंकर मुंजारे। कभी ये फायर ब्रांड विधायक हुआ करते थे। एक बार निर्दलीय तो एक बार सपा से। ये बालाघाट से एक बार सांसद भी रहे चुके हैं। इस बार बसपा से प्रत्याशी हैं। पिछड़े लोधी वर्ग से आते हैं जो कि यहां की प्रभावी जमात है, जन-धन-बल तीनों से। पिछली बार बसपा को यहां से 6.5 प्रतिशत वोट मिले थे। इतने प्रतिशत वोटों की घट-बढ़ सारे समीकरण बिगाड़ देती है। कंकर मुंजारे की पत्नी अनुभा मुंजारे कांग्रेस की विधायक हैं और कांग्रेस के लिए जी जान से जुटी हैं। जाति से बिंधी राजनीति को साधने के लिए भाजपा ने यहां से भारती पारधी को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने सम्राट सिंह सरस्वार को।नक्सली आतंक एक बड़ा मुद्दा है। भाजपा सरकार ने उसपर काबू पाया है। वनवासियों ने अति गरीबों के लिए भाजपा की जन-मन योजना असर दिखा रही है। भाजपा के पुराने स्टालवार्ट ढाल सिंह बिसेन, गौरीशंकर बिसेन और दादा देशमुख क्या कर रहे हैं, खबरें कुछ भी बयान नहीं करतीं पर अब इतना माद्दा भी नहीं बचा कि टिकट कटने के बाद सहानुभूति के जरिए पार्टी का कुछ बिगाड़ सकें। गोंगपा भी कभी एक बड़ा कारक रहा करती थी लेकिन अब तितर-बितर है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड फिलहाल उसके साथ है.. और इस चुनाव में उन्नीस के मुकाबले बीस ही रहने वाला।

मंडला का मन डोला.. !मंडला से अबतक जो खबरें आ रही हैं वो भाजपा की पेशानी पर बल डालने वाली हैं। फग्गन सिंह कुलस्ते छठवीं बार जीत के इरादे से मैदान पर हैं। उन्हें कांग्रेस विधायक ओंकार सिंह मरकाम से खासी टक्कर मिल रही है।फग्गन केन्द्र में बरसों से मंत्री रहे हैं तो ओंकार पिछले तीन बार से अच्छे खासे मतों से विधायकी जीत रहे हैं। वे कांग्रेस की सर्वोच्च समितियों में भी है। पिछले विधानसभा चुनाव में मंडला का रुख कांग्रेस के पक्ष में रहा है। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से पांच कांग्रेस के पास है। कुलस्ते स्वयं चुनाव हार चुके हैं वह भी ठीक-ठाक मार्जिन से।जनमत कुलस्ते के खिलाफ क्यों है..? वहां के एक स्थानीय पत्रकार से यह टटोला तो जवाब मिला कि कुलस्ते वनवासियों के बीच अब इलीट क्लास के है। उनका रहन-सहन अंदाज सबकुछ बदल गया। केन्द्रीय मंत्री रहते हुए वे जन सामान्य से कटते गए। महत्वाकांक्षी इतने कि कभी प्रदेश अध्यक्ष की रेस में खुद को खड़ा कर देते हैं तो कभी मुख्यमंत्री के।चुनाव हारने के बाद उन्हें उम्मीदवार बनाकर क्या भाजपा ने गलत किया- नहीं लोकसभा का दायरा और मुद्दे अलग होते हैं और फग्गनसिंह गोड़वाना के सबसे चमकदार चेहरे हैं, भाजपा के एक जिला पदाधिकारी ने जवाब दिया।दरअसल मंडला और डिंडोरी में मिशनरीज का गहरा असर है। नई पीढ़ी के लड़के जो इनकी स्कूलों से पढ़कर निकले और नौकरियों में हैं वे मूलतः भाजपा के खिलाफ है। एक तरह से वे टूल की भांति इस्तेमाल होते हैं, समाज में उनका असर गहरा है। गोड़वाना के इस गढ़ को बचाने के लिए भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।जबलपुर लड़ाई जीत के मार्जिन के लिए !जबलपुर भाजपा के लिए शुभंकर है। भाजपा की टिकट पर देश का पहला सांसद जबलपुर ने ही दिया।

दरअसल 1980 के चुनाव में यहां से कांग्रेस मुन्दर शर्मा जीते थे। शर्मा जी का बीच कार्यकाल में ही निधन हो गया तो उपचुनाव में दादा बाबूराव परांजपे यहां से भाजपा की टिकट पर चुनकर गए। भाजपा के गठन के बाद यह पहला चुनाव था। कांग्रेस यहां से 1991 के बाद कोई चुनाव नहीं जीत सकी। पर एक ट्रेंड यहां से और शुरू हुआ। वह यह कि भाजपा की जीत का अंतर 2004 से लगातार बढ़ता जा रहा है।जबलपुर एक तरह से भाजपा का वैसा ही मजबूत गढ़ है जैसा कि इंदौर। टिकट अपने आप में जीत की गारंटी है जो इस बार आशीष दुबे को मिली है। दुबे जिला भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं और जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं।जबलपुर शहर लोकसभा में बरहमेश भाजपा के साथ रहा है। 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने यहां से चार में से तीन सीटें जीतीं थी, लेकिन अगले साल हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हर विधानसभा में बहुत पीछे रही। इस बार सिर्फ एक सीट लखन घनघोरिया की है। कांग्रेस पहले लखन को ही चुनाव मैदान पर उतारना चाहती थी। लेकिन जातीय पेचीदगियों के चलते दिनेश यादव को यहां से उतारना पड़ा। लखन अजा वर्ग सुरक्षित से विधायक हैं और जबलपुर सामान्य सीट है। कांग्रेस ने इस बार टिकट के मामले को पिछड़े वर्ग में फोकस रखा है। पहले चरण में जहां - जहां चुनाव हो रहे हैं वहां सामान्य सीट से पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को उतारा है। यद्यपि व इस बात को कैश नहीं कर पाई कि पिछड़ों की कितनी बड़ी हिमायती हैं। पहले चरण के चुनाव वाली सीटों में जबलपुर क्षेत्र में वनवासी वोटर सबसे कम हैं यानी कि 18 से 20 प्रतिशत। यहां भाजपा का सबसे बड़ा वोट बैंक रक्षा प्रतिष्ठानों के कर्मचारी और फौज पलटन के जवान, उनके परिजन हैं। अटलजी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से रक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों का बड़ा वर्ग भाजपा से जुड़ा है। जबलपुर भाजपा का गढ़ भी इन्हीं की बदौलत है।सीधी-शहडोल का आसान भूगोल सीधी और शहडोल में वनवासी वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत के आसपास है।

शहडोल लोकसभा क्षेत्र में आठ में से सिर्फ एक और सीधी क्षेत्र में आठ में से तीन विधानसभा क्षेत्र सामान्य हैं शेष आरक्षित। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां नियंता और नियामक कौन वर्ग होगा। भाजपा की दृष्टि से देखें तो शहडोल लोकसभा में तब तक अड़चन रही जब तक यहां के सबसे लोकप्रिय नेता दलबीर सिंह का परिवार कांग्रेस में रहा। 2009 में राजेश नंदनी सिंह यहां से सांसद रही हैं। कांग्रेस से एक चुनाव लड़कर हारने के बाद हिमाद्री सिंह भाजपा में शामिल हो गई तब से यहां मामला आसान हो गया। पूरे शहडोल क्षेत्र में यदि कोई इलाका मुश्किल का माना जाता रहा है तो अनूपपुर का पिछले विधानसभा चुनाव में यहां से तीन सीटें कांग्रेस ने जीतीं थी। पर बिसाहू लाल के भाजपा में आने का बाद ने समीकरण बने और इस बार पुष्पराजगढ़ सीट को छोड़कर कर सभी सीटें भाजपा के पक्ष में गई। इत्तेफाक है कि कांग्रेस ने जिन फुंदेलाल मार्को को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया वे यहीं से विधायक हैं और हिमाद्री सिंह का भी यही गृह क्षेत्र है। फुंदेलाल की पहचान एक जमीनी व परिश्रमी नेता की है वे तीसरी बार विधायक हैं जबकि हिमाद्री के साथ विरासत का सम्मान है। शहडोल क्षेत्र में बैगा की संख्या निर्णायक है, गोंड यहां के अपेक्षाकृत संपन्न जन हैं। प्रधानमंत्री की जन-मन योजना जिसमें बैगाओं को आवास देना शामिल हैं खासा असर कर रही है। बैगा सीधी में भी निर्णायक हैं। ये सीधे सादे सज्जन लोग जरा सी मदद मिलने पर भी अहसानमंद हो जाते हैं। भाजपा यहां से लगातार जीतती आ रही है जब से यह सामान्य हुई। इस बार भाजपा के डा. राजेश मिश्रा को सामने कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल हैं। दोनों पहली बार लोकसभा के चुनाव मैदान पर हैं। अनुभव में कमलेश्वर भारी हैं वे कांग्रेस की सर्वोच्च समिति सी डब्ल्यू सी के सदस्य हैं और इन्द्रजीत कुमार जैसे सम्माननीय नेता की विरासत साथ में हैं। मुकाबला कांटे का तो नहीं कह सकते बस ऐसे है कि पूर्ववर्ती रीती पाठक का रिकॉर्ड बचा रहे यही बहुत है।और अंत मेंप्रथम चरण के चुनावी दौर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभाएं, रैलियां और रोड शो हो चुके हैं तो राहुल गांधी की शहडोल और बालाघाट में सभा।हां एक बात दिलचस्प रही, शहडोल में राहुल गांधी महुआ बीनने वाली वनवासी महिलाओं के बीच गए। जमीन से उठाकर महुआ का एक फूल चखा और बोले- नाट सो बैड!एक दुभाषिए ने महिलाओं को बताया - राजकुंवर कह रहे हैं कि महुआ का स्वाद -- खास खराब भी नहीं!

# राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश

देश में राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश है, जहां की 80 सीट देश का भाग्य तय करती हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें से आधे उत्तर प्रदेश से रहे। पिछले दो चुनावों में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के लिए आधार का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से बनारस से सांसद हैं।इस बार उत्तर प्रदेश बहुत खामोश है। यह खामोशी सभी दलों को बेचैन किए हुए है। राजनीतिक पंडितों का मानना है की अगर मतदाता का रु झान सत्ता की तरफ होता है तो वो चुनाव शुरू होने के साथ ही दिखाई देने लगता है। ज्यों-ज्यों चुनाव उठान लेता है, सत्ता समर्थक मतदाता ज्यादा मुखर होता जाता है। इस बार वो या तो खामोश है, या अलग-अलग खांचे में सत्ता से जुड़े प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी जता रहा है। भाजपा ने अपने काफी सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इनमें से अधिकांश जीतने के बाद लौट कर अपने क्षेत्र में गए ही नहीं या जिस केंद्रीकृत तरीके से भाजपा की सत्ता चल रही है, और उसमें केंद्र तथा प्रदेश के चंद लोगों को छोड़ कर किसी की भी प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां तक कि मंत्री, सांसद और विधायक का अधिकारी या दरोगा फोन तक उठाने की जहमत नहीं करते। जनप्रतिनिधि जनता या कार्यकर्ता की आवश्यक मदद करने में असफल रहे हैं, और इसलिए भी लोगों से कटे रहे। इसलिए उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध है। एक दूसरा विरोध, जो बड़े पैमाने पर हाल में दिखा, सहारनपुर में हुआ जब क्षत्रिय समाज ने विशाल सम्मेलन किया जिसमें भाजपा का विरोध करने का फैसला किया गया। कुछ राजनीतिक पंडित मानते हैं कि अज्ञात कारणों से एक हवा चल गई है कि यदि केंद्र में दुबारा मोदी सरकार आ गई तो उसमें न तो राजनाथ सिंह के लिए स्थान होगा और न गडकरी के लिए और उससे भी ज्यादा चर्चा व्यापक है कि उस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मोदी और अमित शाह तुरंत हटा देंगे क्योंकि योगी इन लोगों के सामने मजबूत विकल्प के रूप में उठ खड़े हुए हैं। इस अफवाह का असर भी मतदाता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित करता दिख रहा है।इस बार के चुनाव को अचानक उठ खड़े हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के बवंडर ने भी ग्रहण लगा दिया है। इसके उजागर होने के बाद पीएमकेयर फंड को लेकर शंका के बादल घुमड़ने लगे हैं। देखा गया है कि जब भी कोई सत्ता नौकरशाही और व्यवस्था को सारी ताकत सौंप कर खुद को सुरक्षित समझने लगती है, दरअसल तभी वो ज्यादा असुरक्षित हो जाती है क्योंकि राजनीति नेता या कार्यकर्ता, कैसा भी हो, को जनता का लिहाज करना ही होता है। दरवाजे पर आए व्यक्ति के लिए निकलना ही होता है। नौकरशाही के साथ ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। जनता के साथ उनके व्यवहार का खमियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति इस बार नासूर जैसी दिख रही है।उत्तर प्रदेश में कैराना से इकरा हसन, सहारनपुर से इमरान मसूद, आजमगढ़ से धर्मेद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र, मैनपुरी से डिंपल यादव, बांदा से शिवशंकर पटेल, बिजनौर से यशवीर सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिकी, फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबू लाल के पुत्र रामेर सिंह, अलीगढ़ से बृजेंद्र सिंह, लालगंज से दरोगा सरोज, मछली शहर से तूफानी सरोज, फरूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, रामपुर से विपक्षी प्रत्याशी, अमरोहा से दानिश अली, कानपुर से आलोक मिश्र, उन्नाव से अनु टंडन, गाजीपुर से अफजाल अंसारी, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, गोंडा से श्रेया वर्मा, घोसी से राजीव राय, बासगांव से सफल प्रसाद, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, संभल से जियाउर्रहमान वर्क सहित मुलायम सिंह यादव के परिवार वाली अन्य सीट तथा अमेठी और रायबरेली सहित करीब 45 सीटें ऐसी हैं, जो सत्ताधारियों के लिए कठिन डगर साबित हो रही हैं, और ये विपक्षी उम्मीदवार चुनौती देते दिख रहे हैं

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## आज़ादी के गीत

नहीं, आज़ादी के गीत है बस लिखनी  
लिखनी, कैसे मिली गुलामी है  
नहीं है लिखनी बस प्रेम कहानी  
लिखनी, राष्ट्र की बलिदानी है  
नहीं विरह के गीत है बस लिखनी  
लिखनी है, गुलामी की कहानी है  
गाथा पृथ्वीराज की लिखनी  
लिखनी जयचंद्र की गद्दारी  
लिखनी प्रताप की वीरता  
कायर अकबर की किरदारी  
पद्मिनी का जौहर लिखनी  
खिलजी की निर्दयता लिखनी  
बाबर की बर्बरता लिखनी  
टीपू की निष्ठुरता लिखनी  
नहीं आज़ादी के गीत है बस लिखनी  
लिखनी, कैसे मिली गुलामी है।।

**मोनिका लखनऊ**



## गरीब का बचपन

कहीं खो गया चहकते आजाद परिंदों का, सुहाना ÷आनंद÷ भरा बचपन,  
गुमसुम हो गया मुस्कुराता, हंसता खेलता वो गुदगुदाता लड़कपन ।  
शिक्षा प्राप्ति की उम्र में, गली-गली बेसहारा ही घूम रहे हैं,  
दो जून की जीवकोपार्जन के लिए, अपनी मासूमियत खो रहे हैं,  
जिन हाथों में होनी चाहिए तूलिका, गुब्बारे, खिलौने पतंगे,  
अधनंगे ही कूड़े कटरे में से प्लास्टिक, कांच की बोतल ढूंढते ।  
विद्यालय जाने का सपना तो है, उनके लिए बहुत बड़ा और दूर,  
पारिवारिक जिम्मेदारियां संग, पेट भरने के लिए है वे मजबूर,  
कहीं भिखारी बन तो कहीं, बाल मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे,  
अपने बचपन को वह यूं, जिंदगी का बोझ बन इस कदर ढो रहे ।  
कभी-कभी दाना पानी बिना ही, गगन तले राते गुजारते हैं,  
अपनी इच्छाओं को घुट घुट कर, एक-एक कर यूं मारते हैं,  
वर्तमान में खुशियों से अभावग्रस्त, व भविष्य चिताओं से भरे,  
मौसम की मार को भी झेल जाते, अश्रु बहते पर वे कुछ न कहते ।  
उचित शिक्षा व स्वास्थ्य की आवश्यकता, हर बच्चे को एक समान है,  
हर एक बच्चे का देश के, सुनहरे भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान है ।

**- मोनिका डागा ÷आनंद÷ , चेन्नई , तमिलनाडु**



## बाल गीत

मुझे सजा दो कान्हा जैसे,  
मैं कृष्ण तुम्हारा बन जाऊँ।  
दे दो माँ मुझे एक मुरली,  
जिससे तुमको गीत सुनाऊँ ।।  
माखन मिश्री भी रख देना,  
चख कर स्वाद खूब मैं खाऊँ।  
संग - संग मैं अपने दोस्तों ,  
को भी मैया स्वाद चखाऊँ ।।  
मोर पंख मुझको पहना दो,  
कृष्ण कन्हैया मैं बन जाऊँ।  
दे दो माँ मुझे एक मुरली,  
जिससे तुमको गीत सुनाऊँ ।।  
शीश हमारा सहला देना,  
तेरे आँचल में सो जाऊँ।  
जब रुठ जाओगी मुझसे माँ,  
तब तुझको मैं खूब मनाऊँ ।।  
प्रेम करूँगा जिस राधा से,  
उससे ही मैं ब्याह रचाऊँ।  
दे दो माँ मुझे एक मुरली,  
जिससे तुमको गीत सुनाऊँ।।

**ज्ञानन्द चौबे ज्ञान**



## हवा

ऐ! हवा तू है जीवनदायिनी,  
तू नही तो विसर्जित प्राण।  
मानव, पशु, परिंदे हों या,  
हों वृक्ष लता या पतिकाऐं  
सभी हैं तेरे मुरीद;  
तू नही तो सभी हैं मृतप्राय।  
ईश्वर का तू है अनमोल वरदान,  
जन्म दिया ईश ने हमें व जग को।  
किन्तु हमें जीवित रखने का-  
अधिकार तूझे दिया।  
तेरा उग्र रूप हमें भयभीत करता है  
धरती व आकाश को धूल धूसित  
करता।  
आंधी तूफान सकल ब्रम्हांड को  
कपकपा देता है।  
यह तेरा भयावह रूप हमें नही  
सुहाता है,  
तुम हो जीवनदाता अपना शीतल  
सुवास स्वभाव बनाये रखना।  
ऐं! हवा तू ही जीवनदायिनी -  
बनी रहना।

**श्रीमती उमेश नाग**  
**जयपुर राजस्थान**



## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर रचना

पवन तनय हैं सबके अति प्यारे,  
मारुतिनदंन हैं अंजनिपुत्र दुलारे।  
बाँके ठुड्डु, तपन निगल जो डारे,  
अतिबज्र देहि,अतुलित बल वारे।  
सियारामजी के हैं सुत वो न्यारे,  
राम नाम कण्ठमाल हैं गल धारे।  
संकटमोचन जन जन नाम उचारे,  
श्री हनुमत ही सबके कष्ट निवारे।  
सकल गुणनिधान हनुमंता प्यारे,  
श्री रघुराई के परमभक्त वो न्यारे।  
हर्षित जन जन्मोत्सव महिमा गा रे,  
जयश्री कपीश शरणागत हम सारे।

**उषा शर्मा**  
**जामनगर (गुजरात)**



## ... जिंदगी कटती नहीं

अब तो लगते हैं बेचारे जिंदगी कटती नहीं।  
अब तुम्हारे बिन सहारे जिंदगी कटती नहीं।1  
दिन महीने साल कैसे कट सकेंगे या खुदा,  
दो ही पल कैसे गुजारे जिंदगी कटती नहीं।2  
है कहां पर साथ सबका है कहां सबका विका%स,  
खोखले निकले ये नारे जिंदगी कटती नहीं।3  
दौलतें दुनियां की हासिल आपको कुछ कीजिए,  
भूख के कितने हैं मारे जिंदगी कटती नहीं।4  
तू मिला खुशियों से दामन तूने उसका भर दिया,  
कोई मुझको भी सॅवारे जिंदगी कटती नहीं।5  
फिर से आये पांच सालों बाद वापस जाइए,  
झूठ थे वादे तुम्हारे जिंदगी कटती नहीं। 6  
थाम लो प्रेमी का दामन साफ़ ये कह दीजिए,  
दिल में बस जाओ हमारे जिंदगी कटती नहीं।7

**सत्य कुमार प्रेमी**  
**नोएडा, उत्तर प्रदेश**





# धूमधाम संग मनी भगवान महावीर की जयंती




लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। श्री दिगम्बर जैन मंदिर कटरा मेदनीगंज में आज रविवार को जैन धर्म के अंतिम तीर्थकर भगवान महावीर की जयंती परम्परागत ढंग से मनायी गई। सुबह भगवान महावीर का अभिषेक मंगल मंत्रो वाद्य मंत्रो एवं जयकारो के बीच सम्पन्न हुआ।

इसके पश्चात भगवान महावीर की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के साथ उनकी शिक्षाओ का प्रचार प्रसार करते हुए कटरा चौराहा स्थित पाण्डुक शिला तक गया। वहां भगवान की आरती के पश्चात शोभायात्रा जैन मंदिर वापस आयी। इसके बाद सभागार में भगवान महावीर का 108 कलशो से महामस्तकाभिषेक शुरू हुआ। भक्तो ने अपने अपने आरक्षित कलशो से भगवान का महाभिषेक किया। संरक्षक ध्रुव कुमार जैन ने भगवान महावीर का जीवन त्याग तपस्या एवं संयम का साकार निर्देशन है। इस दौरान प्रदीप जैन, सुनील जैन, संदीप जैन, संजीव जैन, सधीर जैन, राजीव जैन, आकाश जैन, अंकुर जैन आदि रहे।

## शादी समारोह मे दो पक्षो मे चले लाडी डंडे व ईंट पत्थर, कई घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी चौकी अन्तर्गत खलीलाबाद में नसीम अहमद की बेटी की थी सादी चित्रकूट से आई थी बारात निकाह पढाते समय निकाह ने मौजूद लड़कियों से छेडखानी के कारण हुई घटना से दोनो पक्ष से चले ईंट पत्थर व लाठी डंडे कयी लोग घायल हो गये शादी मे बिना दावत शामिल होने आये युवको कार्यक्रम मे मौजूद लड़कियों पर पब्दिया कसने लगे जिसका विरोध वहा पर मौजूद लडको ने किया लेकिन अपनी हरकत से बाज नही आए और देखते जी देखते दोनो पक्षो मे मारपीट की नौबद आ गयी जिसमे दोनो पक्ष से कयी लोग घायल हो गये घर वालो का आरोप है कि प्लाट की घटना स्थल पर जो प्लाटिंग है उसकी देख रेख कर रहे सैता गांव के युवक के रिश्तेदार बताये जा रहे है मौके पर भरवारी पुलिस पहुंच कर कयी लोगो साथ ले गयी।

# रंग कर्म के विभिन्न आयामों पर वृहद चर्चा

## भारतीय रंगमंच के उत्थान में रंग संस्थाओं की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** आज स्वर्ग रंगमंडल के कार्यालय में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं ग्रो फंड के सहयोग से शहर की प्रतिष्ठित 50 रंग संस्थाओं के संस्था प्रमुखों की उपस्थिति में ÷भारतीय रंगमंच के उत्थान में रंग संस्थाओं की भूमिका÷ विषय पर एक संगोष्ठी एवं पर चर्चा आयोजित की गई।संगोष्ठी के आधार वक्तव को स्वर्ण रंगमंडल के निदेशक अतुल यदुवंशी ने प्रस्तुत करते हुए सभी का स्वागत किया।

परिचर्चा की अध्यक्षता अभिनव रंगमंडल के निदेशक शैलेश श्रीवास्तव ने की साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में बैकस्टेज के प्रवीण शेखर ने अपने विचारों से सबको समृद्ध किया।युवा रंगकर्मी और राष्ट्रीय नाटक विद्यालय स्नातक असगर अली ने सर्वप्रथम वक्तव्य रखते हुए रंग संस्था के रूपरेखा और उसकी आवश्यकता के साथ एक संस्था के निर्माण और सतत




क्रियाशील रहने पर बल दिया साथ ही रंगमंच में आधुनिक संसाधनों यथा थिएटर, लाइट प्रोशेनियम थिएटर की जानकारी और समझ को उन्नत करने को रेखांकित किया।

संगोष्ठी में गोल्डन अवेक संस्था के निदेशक जुबेर मुस्ताक, तेजिंदर सिंह, नाजिम अंसारी, द थर्ड बिल के निदेशक आलोक नायर, अजय मुखर्जी, मधु शुक्ला और डॉ. श्लेष गौतम ने अपने विचार व्यक्त किये।

प्रवीण शेखर ने संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के तौर पर ऐसे संवादों की उपादेयता और सार्थकता पर प्रकाश डाला और रंगकर्मियों की सोच और समझ को सुदृढ़ करने के लिए उनकी क्षमता वृद्धि पर जोड़ दिया।

सेमिनार के अध्यक्ष के रूप में शैलेश श्रीवास्तव ने लगभग चार दर्जन संस्थाओं के एकत्रित होने पर हर्ष व्यक्त किया और नए कथानक तथा नए समय को दर्ज करने वाले और अपने सरोकारों से जुड़ने वाले नाटकों को करने की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि दर्शक नाटक का अभिन्न अंग है और रंग संस्था को अपने दर्शक बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

उक्त गोष्ठी में डॉ. उमा दीक्षित, पंकज गौड़ ,

सचिन चंद्र, सिद्धार्थ पाल, कृष्ण कुमार मौर्य, राकेश वर्मा, विनय श्रीवास्तव, सनी कुमार, गुप्ता, तेजेंद्र सिंह, मिताली शर्मा ,ज्ञान यादव प्रिया मिश्रा देशराज पटेरिया, मेवा लाल बिंद, दीपचंद प्रजापति, संजू साहू, रमेश कश्यप, कमलेश चंद्र यादव, गुलाब चंद्र मौर्य, अजीत बहादुर, श्यामलाल राजबली, अजय मुखर्जी, अजय केसरी, अनीश, जमील वरुण कुमार, रितिक अवस्थी, उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संस्था स्वर्ग रंगमंडल के सहयोगी संस्था के रूप में समर्पित संस्था, इंडियन फोक एंड मॉडर्न आर्ट अकादमी तथा स्नेह आर्ट एन्ड कल्चर सोसायटी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सार्थक योगदान किया।

# मेनका की पहल पर बंधक 92 मछुआरों की रिहाई जल्द

## मेनका गांधी के ट्रंप कॉर्ड से सपा-बसपा की बढ़ी बेचौनी

लोकमित्र ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद मेनका गांधी के ट्रंप कॉर्ड से सपा-बसपा बैकफुट पर आ गई है। मुंबई में 14 बोटों के साथ करीब 92 मछुआरे बंधक बनाए गए हैं। इसको संज्ञान में लेकर मेनका गांधी और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद आगे आए हैं, उन बंधक मछुआरों को रिहा कराने का जतन शुरू हो गया है। साथ ही मेनका अब इस मुद्दे को चुनावी कैंपेन में उठा रही जिससे सपाइयों और बसपाइयों की नींदें उड़ गई हैं।

इस बाबत पड़ताल में मछुआ समुदाय से जुड़े राजेश से फोन पर वार्ता हुई। राजेश जिले के चांदा थाना अंतर्गत मुरार चक गांव के निवासी हैं। वे बताते हैं कि बीते वर्ष मैं सितंबर माह में महाराष्ट्र आया था। मेरे अलावा जिले के अन्य करीब 150 साथी जुलाई-अगस्त माह में यहां आए



थे।तीन माह पहले हमारे सेठ की बोट यहां के लोकल सेठ की बोट से टकरा गई। जिसके बाद विवाद हुआ। हमारा सेठ अवैध रूप से समंदर से मछ्ली मरवाने का कार्य करा रहा था। ऐसे में लोकल सेठ ने अधिकारियों से वार्ता कर कार्रवाई कराया और हम 150 लोग 20 मार्च हिरासत में लिए गए हमें 24 मार्च से रेववाड़ा खाड़ी पर बंधक बनाकर रखा गया है।

यहां कुछ साथी जिनका सेठ के पास पैसा कम फंसा था वो चोरी चुपके निकल गए। लेकिन जिनका ज्यादा पैसा फंसा था वो रुके रहे। हमने ये मामला जिले के सोनू निषाद और योगेश निषाद को बताया तब इस मामले में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद व सांसद मेनका गांधी ने हमसे संपर्क किया। बीते शुक्रवार से हम लोगों की रिहाई के लिए कागजी कार्रवाई शुरू हो गई है।

वही अब इस मामले को सांसद मेनका गांधी ने अपना चुनावी मुद्दा बना दिया है। वो भी तब जब सपा ने पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बनाया है। मेनका गांधी कल से सभी मंच पर कह रही हैं कि महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में 92 मछुआरों को अकारण 29 दिनों तक अवैध रूप से बंधक बनाए रखा गया।

पीड़ित मछुआरों के परिवारीजनों ने हमसे अपना दुखड़ा रोया इस पर मैने महाराष्ट्र सरकार को मामले से अवगत कराया।संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी ने मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए कस्टडी में रखे गए सभी 92 मछुआरों को छोड़ने की बात कही है। इसी मामले में मोस्ट कल्याएन संस्थान के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद ने कहा पीड़ित राजेश से बात हुई है यदि कल तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो हम आगे आएंगे।

## मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के कुशल निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे मतदान कार्मिकों में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम का तीसरे दिवस के साथ प्रथम प्रशिक्षण पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय अमहट सुलतानपुर में सम्पन्न हुआ। प्रत्येक दिवस यह प्रशिक्षण दो पालियों व 25 कमरों में संचालित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी (मतदान कार्मिक) अंकुर कौशिक द्वारा तीनों दिन सभी प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण करते हुए प्रतिभागियों से सी.आर.सी.कब करेंगे, वीवीपैट का नाब परिवहन व वर्किंग के समय किस स्थिति में रहेगा, टेण्डर वोट कैसे पड़ेगा , टेस्ट वोट में कौन सा अनुलग्नक भरायेंगे, नियम 49(ओ), 49 (एम),49 एम ए (डी) आदि पर प्रश्न - उत्तर करते हुए मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि जनपद स्तर पर तैयार हैंड

# सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता हुई संपन्न

**सुल्तानपुर।** भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता में रामरती इंटर कॉलेज कटका के मैदान पर 14 वर्षीय मैच में थंडर फुटबॉल क्लब सुलतानपुर और भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें भूलियापुर फुटबॉल एकेडमी प्रतापगढ़ ने थंडर फुटबाल क्लब को 6-0 से हराया। भूलियापुर की ओर से मोहम्मद कशान ने चार गोल दागे और मुजाहिद उल इस्लाम और नावेद ने एक एक गोल किया। थंडर क्लब की ओर से कैप्टन प्रांजल गौतम, गोपाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरा मैच अवध और थंडर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें अवध फुटबॉल क्लब ने 4-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ और तक्षशिला अकादमी अंबेडकरनगर के बीच खेला गया जिसमें तक्षशिला अकादमी ने भूलियापुर फुटबॉल अकादमी को रोमांचक मैच में 1-0



से परास्त किया।

वही अंडर 12 आयु वर्ग में सिर्फ दो मैच खेला गया पहला मैच तक्षशिला अकादमी अंबेडकर नगर और भूलियापुर फुटबॉल एकेडमी के बीच खेला गया दोनो टीमों ने गोल रहित ड्रॉ खेला। दूसरे मैच सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी और भूलियापुर फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया जिसमें भूलियापुर फुटबॉल अकादमी ने 2-0 के अंतराल से सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी को हराया। अंडर 12 अयुवर्ग के दोनो मैचों में अच्छे खेल देखने को मिला। सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी की ओर से शिवेंद्र सिंह, साहिब सिद्दीकी, शौर्यवीर ने अच्छा प्रदर्शन किया। लीग के आयोजक कोच अशुतोष गुप्ता ने बताया कि अंडर 12 अयुवर्ग में लीग में टॉप दो टीमों के बीच खेला जाएगा। सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी अंडर 12 अयुवर्ग में फाइनल में पहुंचने के लिए अगला मैच बड़े अंतराल से जीतना होगा। अंडर 14 अयुवर्ग में थंडर फुटबॉल क्लब ने सभी मुकाबलों में एक जीत न दर्ज कर पाने की वजह से बाहर हो गई। अंडर 14 अयुवर्ग में टॉप चार में आने वाली टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

इस मौके पर राजेश कनौजिया, राजीव यादव (अयोध्या), शारीरिक शिक्षक मयंक श्रीवास्तव उपस्थिति रहे। आयोजक अशुतोष गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। रेफरी की भूमिका स्वप्निल युवराज सिंह, सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने निभाई।

# विकसित भारत के लिए मोदी हैं जरूरी-नीरज त्रिपाठी



लोकमित्र ब्यूरो

**कोरांव (प्रयागराज)।** भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने रविवार को कोरांव के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता से अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान बसहरा, जोकहाई, बभन पट्टी, सेमरी बाघराय, के साथ नगर पंचायत के गोविंद नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए नीरज त्रिपाठी ने कहा की मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा की मेरे पिताजी स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी ने हमेशा सिद्धांतो की राजनीति की उन्होंने राजनीति का व्यापारीकरण नही किया

उनके पदचिह्नों पर चलकर आम जनता की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य है प्रयागराज के सर्वांगीण विकास और भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा।

इस दौरान उनके साथ विधायक कोरांव राजमणि कोल, नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुधाकर पांडेय, विधानसभा संयोजक राकेश पांडेय ने आए हुए लोगो व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह वर्धन किया। इसके उपरांत भाजपा प्रत्याशी ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के पौत्र कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह से मुलाकात कर चुनाव में उनका समर्थन प्राप्त किया।

इस दौरान उनके साथ जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, तुलसी दास राणा, राम नवल सिंह पटेल, सुमित पांडेय, घनश्याम सोनी सहित पार्टी के सभी मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी सेवा-न्यायमूर्ति चौहान

## मां शारदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के बच्चों को मुख्य अतिथि ने दिए कई टिप्स






**प्रयागराज।** न्यायमूर्ति श्रीमती मंजू रानी चौहान ने कहा है कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह सेवा को अपना सबसे बड़ा कर्म और धर्म समझे। पैरा मेडिकल स्टॉफ पर यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि एक तरह से वे चिकित्सक के नाक, कान और हाथ-पैर होते हैं। इस पेशे से जुड़े लोग जब सेवा के बजाय पैसे को अपना धर्म समझने लगते हैं तो न सिर्फ इंसानियत खत्म हो जाती है बल्कि पेशा भी बदनाम हो जाता है।श्रीमती चौहान रविवार को गौहनिया स्थित मां शारदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के लैंप लाइटिंग एंड ओथ टेकिंग सेरीमनी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कॉलेज की व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की। कहाकि यहां जो माहौल है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि यहां से निकलने वाले बच्चे निश्चित रूप से कॉलेज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहाकि अगर आपमें प्रतिभा है तो आप बेरोजगार नहीं रहेंगे। इसलिए सभी बच्चे मन लगाकर ज्ञान हासिल करें।

आयुर्वेदिक कॉलेज हंडिया के पूर्व प्राचार्य डॉ. जीएस तोमर ने कहाकि डॉक्टर और नर्सेज का काम सेवा का है। कोरोना काल में इसे उन्होंने साबित किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह ने कहाकि ज्ञान और सेवा बहुत जरूरी है। ज्ञान बड़ी चीज है। यहां पढ़ने वाले बच्चों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे किसी परिवार की मुस्कराहट का कारण बनें। विधान परिषद सदस्य डॉ. केपी श्रीवास्तव ने कहाकि यहां से निकलने वाले बच्चों को यह तय करना है कि वे डॉक्टर नहीं बल्कि डॉक्टर के निर्देश पर उन्हें काम करना है। यह शिक्षा पैसा कमाने का नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम को प्रयागराज के सीएमओ डॉ. आशु पांडेय, चित्रकूट के सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, संयुक्त चिकित्सा निदेशक डॉ. विवेक मिश्रा, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डा. वत्सला मिश्रा, डॉ. बीबी अग्रवाल, डॉ. कमल सिंह आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व पैरामेडिकल स्टाफ (जीएनएम, एएनएन और बीएससी नर्सिंग सेकेंड बैच के विद्यार्थियों) ने लैंप लाइटिंग के साथ सेवा की शपथ ली।कॉलेज की निदेशक श्रीमती प्रीती अग्रवाल और डॉ. आरके अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया। निदेशक द्वय ने आश्वासन दिया कि उनकी कोशिश होगी कि यहां से निकलने वाले बच्चे पूरे देश में कॉलेज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात पैरामेडिकल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉ. मुरारी वर्मा, डॉ. एनके अग्रवाल, डॉ. भगवत पांडेय, डॉ. नीता साहू, डॉ. सविता अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक और कॉलेज के छात्र मौजूद रहे।

## कमला स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**नैनी(प्रयागराज)।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में कमला स्मारक इंटर कॉलेज बलापुर का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा 7 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यालय के प्रबंधक अनिल विश्वकर्मा ने विगत 20 वर्षो से इस सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व और सभी अध्यापकों की कड़ी मेहनत और लगन को दिया जिसके कारण विद्यालय से निकलकर छात्र, छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में सफल होकर विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन कर रहे हैं 7 विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं आईआईटी एवं नीट जैसी सर्वोच्च परीक्षा में सफल होते हैं। पिछले वर्ष विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा राखी गुप्ता ने जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया था तथा विद्यालय की ही छात्रा भावना शर्मा ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

## दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**दिलीपपुर प्रतापगढ़-** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना दिलीपपुर से उ0नि0 सुरेश कुमार यादव ने मय हमराह हे0का0 राजेन्द्र वर्मा द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त एवं विवेचना के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत समु0अ0सं0 189/2023 धारा 363, 366, 376(3), 504, 506 भादवि 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5ए, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना दिलीपपुर से संबंधित वांछित अभियुक्त अविनाश यादव पुत्र ददन उर्फ श्री चन्द्र निवासी ग्राम गनईडीह थाना दिलीपपुर, को सराय गनई चौराहे से पिपरी खालसा जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया ।

## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037

## पिकअप से उच्चको ने पार किया नकदी

लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कड़ा में खड़ी पिकअप से उच्चको ने दिनदहाड़े नकदी पार कर दिया , गाड़ी से नकदी गायब देख मालिक ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

बताते चले की फतेहपुर जनपद के खागा के नई बाजार निवासी जुगेश तिवारी पुत्र चुन्नीलाल तिवारी पानी भरे पाउच की सफ्लाई करते है। जुगेश रविवार को अपने पिकअप में पानी का पाउच लादकर कड़ा गया था , जुगेश ने बताया की कड़ा धाम चौराहे पर एक दुकान में पानी दे रहा था तभी उच्चको ने गाड़ी में रखा पांच हजार की नकदी पार कर दिया , जिसके बाद मामले की सूचना कड़ा धाम पुलिस को दी।

## चोरी के आरोपी दो वांछित गिरफ्तार

### दो वारंटी भी अरेस्ट,थाना कोरांव पुलिस की कार्यवाही से हड़कंप



**कोरांव(प्रयागराज)।** थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार भारती की सक्रियता और पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी केस में निरुद्ध दो मुलजिम हरिपाल सिंह पुत्र छोटेलाल सिंह,और अंकित सिंह पुत्र हरिपाल सिंह ग्राम बड़ोखर को मुकद्दमा अपराध संख्या 83/2024 धारा 379आईपीसी में चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

ज्ञात हो कि हरिपाल सिंह पर क्राइम नंबर 86/2024 धारा 4/5, विस्फोटक एक्ट,में गिरफ्तार किया गया। इन पर दर्जनों मुकदमे पूर्व में भी थाना कोरांव में दर्ज है जिसका आपराधिक इतिहास रहा है।

इसी तरह कोराब पुलिस ने वारंटी मंगला प्रसाद पुत्र शंकर लाल कोराव कस्बा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी कार्यवाही में दरोगा प्रदीप कुमार अस्थाना, हेड सिपाही विजय शंकर यादव,और सिपाही चंद्र शेखर यादव थाना कोराव प्रयागराज शामिल रहे।

## मेनका गांधी निषादों की हमदर्द तो दिला दें आरक्षण-पूर्व मंत्री राम भुआल

**सुल्तानपुर।** इंडिया गठबंधन के रूप में सपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद भाजपा और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी पर आक्रमक दिखाई दिए हैं। मेनका द्वारा 92 मछुआरों को आजाद कराने के मुद्दे पर मीडिया से बातचीत में राम भुआल निषाद ने कहा कि बहुत निषादों का भला चाहती हैं तो निषादों को आरक्षण दिला दें। राम भुआल निषाद ने ये भी कहा है कि बालू खनन का पट्टा, उनके (निषादों) बच्चों की शिक्षा और नौकरी की बात (मेनका) करती तो समझ में आता। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि का नाम लिए बगैर उन पर भी राजनैतिक हमला बोला। पूर्व मंत्री राम भुआल ने कहा यहां उनके लोग बिहार से आकर जमीन का व्यवसाय कर रहे हैं। लोगों की अर्जी फर्जी से जमीन लिखवाकर जमीन का कारोबार कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि आज डर और आतंक है, इसलिए बैनर नहीं लगा रहे। लेकिन अंदर-अंदर विरोध है। यहां ये लोग सुल्तानपुर का विकास करने नहीं आए हैं लोग अपना विकास कर रहे हैं। वही मछुआरों को मुंबई में आजाद कराने के मामले में उन्होंने ये



भी कहा चोर-चोर मौसेरे भाई वाली कहानी है। यही पकड़वाए होंगे यही छुड़वाए होंगे। उनकी बातों में सच्चाई नहीं है। निषाद के असली हमदर्द तब होते जब निषाद को आरक्षण दे देते। उन्होंने कहा सारे लोग इस चीज को समझ गए हैं भारतीय जनता पार्टी के नेता झूठ बोलते हैं। और झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं। उन्होंने कहा था पंद्रह लाख सबके खाते में देंगे, दो करोड़ नौकरी देंगे। वो सब कहां गया। अब गारंटी किस चीज की दे रहे हैं।

# जिला स्तरीय सम्मेलन में बसपा कार्यकर्ताओं को दिया गया जीत का मंत्र

## बसपा मुखिया ने चित्रकूट को दिया था जिले का दर्जा- मयंक



**चित्रकूट ब्यूरो:** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के मंडल प्रभारी अभिषेक गौतम ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मंडल प्रभारी अधिवक्ता कौशलेंद्र कुमार, अयूब खान व बल्देव प्रसाद वर्मा ने बूथ से जिलास्तरीय तक के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को आगामी एक माह पूरी निष्ठा और मनोयोग के साथ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी की विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी लोग पूरी ताकत झोंक दें।बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती ने हमेशा सर्व समाज के हित की बात की है। बसपा सरकार में प्रदेश से गुंडे माफियाओं का सफाया किया गया। खासतौर से चित्रकूट जनपद में ददुवा और ठोकिया जैसे दुर्दांत बदमाशों का सफाया बसपा सरकार के गठन के कुछ दिन बाद ही कर दिया गया था। जिससे दशकों से पाठा क्षेत्र में कायम भय और आतंक का खात्मा हो गया था। इसके अलावा चित्रकूट को जनपद का दर्जा भी तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं बसपा मुखिया बहन मायावती ने ही दिया था। चित्रकूट समेत पूरे बुंदेलखंड में बसपा सरकार में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए गए थे, किंतु बाद की सरकारों ने इन विकास कार्य को रोक दिया। मऊ के महिला घाट का अधूरा पुल इसका उदाहरण है। इस पुल को बसपा सरकार ने वर्ष 2010 में स्वीकृत कराकर कार्य शुरू करिए दिया था, किंतु इसके बाद बनी सपा और भाजपा सरकार की कार्यशैली के चलते लगभग 14 साल में भी यह पुल पूरा नहीं बन सका है। ऐसे सभी विकास कार्यों को पूर्ण कराया जाएगा।इस मौके पर बसपा नेता अरुणपाल, सुरेश तिवारी, राम अभिलाष पाल, विनय कुमार पाल, जमुना पाल, शिवऔतार त्रिपाठी, बी डी पाल, जगदीश यादव, वीरेंद्र पाण्डेय, नफीस खान, दरबारी लाल, दुर्गा प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, कपिल देव वर्मा, विनोद पाल, सादिक मंसूरी, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार रैकवार, शिवबाबू गर्ग, अतुल कुमार द्विवेदी, नत्थू प्रसाद वर्मा, सी एल भारती, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष रावेंद्र कुमार वर्मा, चित्रकूट विधान सभा सोनपाल वर्मा, राजकुमार विमल, राजेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

### गायपालक ने की जांच की मांग

**चित्रकूट:** जिला मुख्यालय में वार्ड नं आठ के निवासी गुरुदीन शुक्ला ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वह अपनी गायों की सेवा कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। बीती 16 अप्रैल को एक गाय के बीमार होने पर वह जिला कचहरी परिसर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचा। जहां मिले पशु चिकित्सक को उसने अपनी गाय के बीमार होने के सम्बन्ध में जानकारी दी और चिकित्सक ने एक मोबाइल नंबर देकर उसे बात करने को कहा जिसके बाद मोबाइल से हुई बात के आधार पर एक व्यक्ति उसके घर गया और बाहर से दवाएं मंगाने के बाद इलाज की फीस भी मांगी। इसके बाद फीस और दवा की कीमत ज्यादा होने के कारण वह फिर से राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचा, किंतु पशु चिकित्सक गाय के इलाज को लेकर टाल-मटोल करते रहे। गाय की हालत खराब होने पर बीती 18 अप्रैल को एक व्यक्ति को पशु चिकित्सालय से भेजा गया और वह दवा के रूप में एक पाउडर देकर चला आया। इसके बाद बीती 20 अप्रैल को उसकी गाय ने दम तोड़ दिया। पीड़ित गाय पालक ने मामले की जांच कराकर इलाज में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैम्पेन के सम्बन्ध में दी जानकारी

## प्राधिकरण सचिव ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**चित्रकूट ब्यूरो:** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देशानुसार प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने रविवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजित किए गए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उन्होंने बंदियों को विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। जिला कारागार में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैम्पेन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेल में कुछ ऐसे बंदी भी निरुद्ध रहते हैं, जिनकी जमानतें हो जाती हैं। इसके बावजूद वह लोग जेल से नहीं रिहा हो पाते हैं।

ऐसे लोगों की रिहाई के लिए जमानतदार एवं अन्य बिंदुओं पर उन्होंने विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही कहा कि ऐसे बंदी जिनके पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, उनको निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए चित्रकूट कारागार अधीक्षक बंदियों से प्रार्थना पत्र प्राप्त कर लें। साथ ही आवश्यक कार्यवाही करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेज दें। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, चितरंजन श्रीवास्तव, ब्रज किशोरी, प्रमोद कुमार कनौजिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रामानुजम, डॉ विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

# वैवाहिक कार्यक्रम में बहन की ससुराल आया युवक यमुना में डूबा

## एनडीआरएफटीम कर रही तलाश



**मऊ, चित्रकूट:** वैवाहिक समारोह में बहन की ससुराल आया युवक यमुना नदी में डूब गया। स्थानीय मल्लाहों द्वारा प्रयास के बावजूद युवक को नहीं ढूंढा जा सका। जिसके बाद प्रशासन ने एन.डी.आर.एफ को बुलाकर युवक को ढूंढने का प्रयास किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के रीवा जिले के अतरैला थाने के पटेहरा गांव के निवासी आशीष केशरवानी (24) पुत्र कृष्ण प्रसाद की बड़ी बहन पिंकी की शादी मऊ कस्बे में द्वारिका प्रसाद पुत्र अमृतलाल के साथ हुई थी। आशीष अपनी बहन पिंकी के घर में होने वाले वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए मऊ आया था। रविवार को सबेरे वह यमुना तट पर नहाने गया और वहां नहाने के दौरान गहराई वाले स्थान पर जाने के कारण पानी में डूब गया। इसकी खबर मिलते की परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर मऊ उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, थाना प्रभारी अजीत कुमार पाण्डेय भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद स्थानीय मल्लाहों ने कई घंटों तक युवक को यमुना नदी में खोजने का प्रयास किया, किंतु कोई सफलता नहीं मिली।

इसके बाद उपजिलाधिकारी ने एन.डी.आर.एफ टीम को मौके पर बुलाया और पानी में डूबे युवक की तलाश करने के निर्देश दिए है।

# क्षेत्राधिकारी ने अर्दली रुम कर दिए निर्देश

**मऊ, चित्रकूट:** मऊ क्षेत्राधिकारी जय करन सिंह द्वारा थाना बरगढ़ में थाना बरगढ़ के विवेचको का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा सम्मन तामिला, बीडब्ल्यू, एनबीडब्ल्यू, 82 सीआरपीसी/83 सीआरपीसी की तामिला, आरोप पत्र, अंतिम पत्र एवं विशेष अभियान चलाकर विवेचकों को गुण दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद क्षेत्राधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# हाईटेंशन तार की चिंगारी से दो दर्जन के लगभग किसानों की फसल में लगी आग

## एसडीएम ने दिया सहायता का आश्वासन

**राजापुर, चित्रकूट:** हाईटेंशन तार के घर्षण से निकली चिंगारी से 100 बीघे में खड़ी लगभग दो दर्जन किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जल्द ही सर्वे कराकर अग्निपीड़ितों को सहायता का आश्वासन दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल हाईटेंशन विद्युत तार के घर्षण से निकली चिंगारी से जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौके पर पहुँचे और दमकल कर्मियों की सहायता से आग को बुझाया। अग्निपीड़ित किसान माताबदल ने बताया कि दोपहर में तेज हवा चलने के कारण हाईटेंशन विद्युत तार आपस में टकरा गई। जिससे निकली चिंगारी से लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल में आग लग गई।

बताया कि अग्नि की चपेट में कुछ ऐसे किसान भी हैं जिनके पास मात्र इतनी ही गेहूँ की फसल थी कि परिवारों के भरण-पोषण में भी संकट आ सकता है।

राजापुर उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लेखपालों को लगाकर जली हुई फसल का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने के बाद अग्निपीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। अग्निपीड़ितों में ग्राम पंचायत गढ़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के माताबदल, मातादीन, भोला सिंह, शिवकुमार, शकुन्तला देवी, सुधा पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, अवधनरेश, रमेश, शिवप्रताप, सन्तोष, साधुराम, रामबाबू सहित दो दर्जन के लगभग किसान शामिल है।

# बाइक चोरी का आरोपी अवैध तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार

**मानिकपुर, चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मानिकपुर पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये चोर को चोरी की बाइक व अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।




गौरतलब है कि बीते शनिवार को वादी रोहित कुमार सतनामी पुत्र कमलेश कुमार सतनामी निवासी सितपुरा ऊथवाँ टोला नई बस्ती थाना नागौद जिला सतना (मप्र) द्वारा थाना मानिकपुर में सूचना दी गयी कि ग्राम बराहमाफी से अज्ञात चोर ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह द्वारा घटना का संज्ञान लेकर मोटरसाइकिल की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना मानिकपुर टीम को लगाया गया। जिस पर थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा प्रयास करते हुए रविवार को डाडी कोलानी मोड़ के पास से आरोपी पंकज निवासी रामपुर थाना मानिकपुर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किए गए। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध मानिकपुर थाने में दर्ज अभियोगों में बढ़ोत्तरी की गई। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में मानिकपुर थाना के उपनिरीक्षक मुकेश सिंह परिहार, उपनिरीक्षक यूटी पवन चौधरी व आरक्षी जलील अहमद शामिल रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सिराथू कौशाम्बी
न0 मु0
टी202202420400000 4803
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन हुमैरा बेगम बनाम अब्दुल कलाम आदि
बनाम
1. अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल सत्तार 2. अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल सलाम 3. मो0 उस्मान पुत्र अब्दुल सलाम 4. मु0 नजीबुन निशा बेवा पत्नी चिराग उद्दीन 5. साकिर पुत्र नादिर बक्स 6. रईशुन निशा बेवा अब्दुल मन्नान 7. मु0 वफातुन निशा बेवा पत्नी जहर 8. मु0 सगीरुन निशा बेवा पत्नी सुभाष समस्त निवासीगण स्वात खत उर्फ कड़ा परगना कड़ा तहसील सिराथू कौशाम्बी 9. मकसूद अली 10. अहमद अली 11. महफूज अली 12. मो0 अली पुत्रगण महमूद अली निवासीगण हालमुकाम बैगन टोला 10/9 प्रयागराज 13. सरकार उ0प्र0 द्वारा कलेक्टर साहब कौशाम्बी 14. गांव सभा/प्रतिस्थापित नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम तहसील सिराथू द्वारा चेयरमैन
तारीख पेशी 20.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे की जगह पेपर दिलाने वाली गैंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरो:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा धारा 419, 420, 467, 468 भादवि0 व 6/10 परीक्षा अधिनियम के मुख्य आरोपी दर्पण सरोज उर्फ डीपी निवासी ग्राम ऊकोठी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।गौरतलब है कि बीती 17 फरवरी को जनपद चित्रकूट में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सेन्टर पर द्वितीय पाली में संदीप कुमार निवासी ठाकुर का पुरवा मुतर्जापुर तहसील कुण्डा थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ के स्थान पर अजय कुमार निवासी तुलापुर मुकुंदपुर तहसील सोरांव थाना होलागढ़ जिला प्रयागराज परीक्षा दे रहा था। पूंछतांछ में अजय कुमार ने बताया कि एक डी पी नाम के व्यक्ति के माध्यम से पांच लाख रुपये में परीक्षा पास कराये जाने की डील हुई थी। प्रकरण के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में आरोपी के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468 भादवि0 व 6/10 परीक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह एवं उनकी टीम आरक्षी नीतू द्विवेदी द्वारा विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी दर्पण सरोज उर्फ डीपी निवासी ग्राम ऊकोठी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1514916 का अंक सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।
पूनम यादव
पुत्री दिनेश कुमार यादव
ग्राम- नूरपुर, पोस्ट- संग्रामगढ़
जनपद-प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश
पिन कोड- 230 141

# 20 बिंदुओं में भाजपा जिले के सभी 851 बूथों में करेगी काम

**चित्रकूट ब्यूरो:** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बूथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।बैठक में लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने आगामी चुनावी कार्यक्रमों की योजना को बताते हुये कहा की जनपद के सभी 851 बूथो पर 20 काम होने है। जिन पर सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारियों व पालको को मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर काम करना है। बूथों मे टिफिन बैठक करना है। पन्ना प्रमुखों की बैठक करना है और लाभार्थियों से सम्पर्क करना है। इसके अलावा अन्य कामों को क्रियान्वित करना है। कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय के संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने के लिए संकल्पित प्रयास करे।जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि यह चुनाव भारत को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। आज दुनियां की निगाहे भारत के चुनाव पर हैं। इस पर हम सबको मिलकर पार्टी के निर्देशों को मानते हुए काम करना है। उन्होंने ने कहा कि आगामी बूथ सम्मेलन और 29 अप्रैल को होने वाले नामांकन में सभी 851 बूथो से कार्यकताओं को पंहुचना है।सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि वह स्वयं सभी की तरह भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता हैं।



यह चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। कहा कि सबके साथ मिलकर पीएम मोदी के हांथो को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रजना उपाध्याय, तीरथ तिवारी, बद्री त्रिपाठी, जगदीश गौतम, जयप्रकाश पांडेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, आदित्य, सुखेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# अपर एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

**चित्रकूट:** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना मारकुंडी का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर एसपी ने थाना कार्यालय में रजिस्टरों का अवलोकन कर उचित रख-रखाव व अद्यावधिक करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा अपर एसपी ने सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर का भ्रमण कर थानाध्यक्ष मारकुंडी मनीष कुमार को शस्त्रों का पुलिस लाइन आर्मरी से सत्यापन कराने व प्राइवेट शस्त्रों के रख-रखाव के लिए अलग से व्यवस्था करने को कहा।

# चुनाव से पहले प्रत्येक मतदाता से संपर्क आवश्यक- अमरपाल मौर्य

## भाजपा नेता ने कार्यकर्ताओं को दिए जीत के मंत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** भाजपा काशी क्षेत्र प्रभारी एवम सांसद राज्यसभा अमरपाल मौर्य ने दावे के साथ कहा है कि भारी मतदान प्रतिशत भाजपा के जीत की गारंटी है। ये विचार उन्होंने भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कटरा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

कार्यालय उद्घाटन के बाद विभिन्न स्तर की बैठकों में उन्होंने कार्यकर्ताओं से साफ साफ कहा कि हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वो अपने क्षेत्र में रहे, ये सुनिश्चित करे कि जहां उसका निवास है उस क्षेत्र के हर मतदाता तक संपर्क हो ही जाना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि जब भी क्षेत्र में जाएं सरकारों की उपलब्धियों का पूरा विवरण लेकर जाएं जिससे जनता में ये संदेश दे सकें कि मोदी सरकार का पुनः आना क्यों जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पूरी रणनीति अभी से बन जाए कि चुनाव के दिन अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाए।

बैठको में लोकसभा प्रभारी रविंद्र पाठक, जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, ज्ञान प्रकाश दुबे सहित हर जन प्रतिनिधि, पदाधिकारी और मोर्चों के प्रमुख उपस्थित रहे

# गंदे पानी की सप्लाई से जनपदवासी परेशान

**चित्रकूट:** जिले की पानी सप्लाई व्यवस्था रोज की रोज बिगड़ती जा रही है। जिले के बल्दाऊ गंज समेत कई मोहल्लों में सप्लाई के द्वारा घरों में पहुंचने वाला पानी बेहद गंदा और बदबूदार है। कोई और व्यवस्था न होने के कारण लोग इसी पानी को पीने के लिए मजबूर है। ऐसे में गंदा पानी पीने से लोगों में बीमार होने का खतरा बना रहता है। यह समस्या प्रतिवर्ष होती है। फिर भी प्रशासन इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिले के सक्षम अधिकारियों से मांग की जाती है कि इस इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कर घरों में पीने लायक स्वच्छ पानी की सप्लाई करवाएं।

9452526750, 9839665450,8565970115
**दैनिक लोकमित्र**
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल में बेटियां अव्वल तो इंटर में छात्रों का रहा दबदबा

## एच आर ए की तबस्सुम बानो हाई स्कूल,हाजी स्माइल के शिवम जायसवाल इंटर के बने टॉपर

- हाई स्कूल टॉप 10 में 19 में 10 बेटियां इंटर टॉप 10 के 23 में 14 छात्र रहे टॉपर
- कोई डॉक्टर , कोई मदर टेरेसा,तो कोई आई ए एस बनकर करना चाहता है सेवा
- सीएमएस एवं स्कॉलर्स अकादमी का दबदबा कायम



**बलरामपुर।** शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट 2024 परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिले में इस बार जिले केटॉप 10 में हाई स्कूल में 19 एवं इंटरमीडिएट में 23 छात्र शामिल रहे हैं इस बार हाई स्कूल जहां एच आर ए इंटर कॉलेज उतरौला की बेटी तबस्सुम बानो अव्वल रही है वहीं दूसरी तरफ इंटर में हाजी स्माइल इंटर कॉलेज सादुल्लाह नगर के छात्र शिवम जायसवाल ने पहला रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया हाई स्कूल टॉप 10 टॉपर में शामिल 19 मेधावियों में 10 बेटियां शामिल हैं वहीं इंटरमीडिएट में 23 टॉप 10 छात्रों में नो लड़कियां शामिल हैं 14 लड़के टॉप टेन में जगह बनाने में सफल रहे हैं। इस बार हाई स्कूल में जहां बेटियों का दबदबा रहा है वही इंटरमीडिएट में छात्रों ने छात्राओं को टॉप टेन की संख्या में पीछे कर दिया है।

जिले में इस बार हाई स्कूल में 20988 एवं इंटरमीडिएट में 13406 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे इनमें करीब 2200 छात्रों ने परीक्षा में अनुपस्थित रहे हैं कुल हाई स्कूल इंटरमीडिएट में 34394 परीक्षार्थी नामांकित थे जिले के 64 केंद्र पर हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न हुई इनमें 19 ऐडेड कॉलेज शामिल है तीन राजकीय इंटर कॉलेज में भी बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाया गया ऐडेड एवं राजकीय इंटर कॉलेज केंद्र के रूप में 21 की संख्या में रहे हैं वहीं वित्त विहीन माध्यमिक इंटर कॉलेज के 43 स्कूल बोर्ड परीक्षा केंद्र में शामिल रहे हैं जिले में 167 इंटर कॉलेज संचालित है इनमें 19 ऐडेड 22 राजकीय भी शामिल है। इस बार हाई स्कूल का प्रतिशत 96.17 अंतिम रहा है वही इंटरमीडिएट का 95.60 प्रतिशत रहा है सीएमएस इंटर कॉलेज बलरामपुर एवं स्कॉलरशिप एकेडमी उतरौला सहित कुबेरमती पांडे मेमोरियल इंटर कॉलेज श्री दत्त गंज,सरदार वल्लभभाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज गालिबपुर के छात्र टॉप टेन में जगह बनाने में सफल रहे हैं विद्यालय प्रिंसिपल केपी यादव एवं असलम शेर खान प्रमोद कुमार शुक्ला एवं रीता चौधरी ने सभी मेधावियों को बधाई देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

### पिछले 5 साल के परिणाम में शहर के स्कूल हुए पीछे

जिले में बीते 5 वर्षों में शहर के विद्यालय ही जिले के टॉप सहित प्रदेश के टॉपर सूची में शामिल रहे हैं इस बार परीक्षा परिणाम हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का शहर से बाहर रहा है मुख्यालय से दूर उतरौला शहर में संचालित एच आर ए इंटर कॉलेज की हाई स्कूल छात्रा तबस्सुम बानो 96.17त्न अंक हासिल कर जिला टॉप किया है वही इंटरमीडिएट में भी मुख्यालय छोड़कर जिले से करीब 45 किलोमीटर दूर सादुल्लाह नगर बाजार मैं संचालित हाजी स्माइल इंटर कॉलेज के छात्र शिवम जायसवाल ने 95.60त्न अंक हासिल कर सर्वोच्च स्थान बनाने में सफल रहे हैं। पिछले साल हाई स्कूल में भी सीएमएस की छात्रा टॉपर रही है एवं इंटरमीडिएट में छात्र टॉपर रहे हैं।

### शहर हो या ग्रामीण हाई स्कूल में बेटियों का रहा दबदबा

बीते 5 सालों में जिला मुख्यालय के इंग्लिश मध्यम स्कूल के छात्र टॉपर सूची में शामिल रहे हैं इनमें बेटियां अव्वल रही है इस बार शहर से हटकर बेटियों ने ग्रामीण क्षेत्र में अपनी बुलंदी का झंडा गाड़ा है हाई स्कूल में बेटी के रूप में तबस्सुम बानो ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल के साथ जिले का मान बढ़ाया है वही इंटरमीडिएट में दूसरे स्थान पर श्री दत्त गंज में संचालित कुबेर मति पांडे मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्रा अन्विता पांडेय ने 95.40 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है यही नहीं तीसरे स्थान पर उतरौला के इमानुएल चर्च इंटर कॉलेज की छात्रा अन्वेशा वर्मा टॉप 3 में शामिल रही है। हाई स्कूल में जहां 19 टॉपर टॉप टेन में शामिल रहे हैं 10 बेटियां शामिल है वहीं 23 टॉप 10 इंटर टॉपर में नौ छात्राएं भी सूची में शामिल होकर अपनी उपलब्धि का लोहा मनवाया है।

### टॉप 2 टॉपर अन्विता पांडेय का चिकित्सा के क्षेत्र में मदर टेरेसा बनने का सपना

श्री दत्त गंज के खरदौरी गांव निवासी प्रतिभाशाली छात्र अन्विता पांडेय ने इंटरमीडिएट में जिले में 95.40 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरे रैंक पर रही हैं जिले का ऑक्सफोर्ड कहा जाने वाला एमएलकेपीजी कॉलेज के प्रकार्य डॉक्टर जनार्दन प्रसाद पांडे की छोटी बेटी है पिता बड़े ओहदे पर होने के बाद भी बेटी को ग्रामीण स्कूल में शिक्षा देने का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को संदेश देना है कि शिक्षा शहर में ही नहीं ग्रामीण परिवेश में भी अच्छी मिलती है यही प्रतिभाशाली छात्र ने बोर्ड के इंटर में सर्वोच्च अंक हासिल कर साबित भी कर दिया है

इंटरमीडिएट के साथ नीट की भी तैयारी में जुटी हुई है टॉपर का कहना है कि चिकित्सा के क्षेत्र में सफल चिकित्सक बनाकर मदर टेरेसा का दूसरा रूप बनना है बेटी के बाबा लक्ष्मी नारायण पांडे सेवानिवृत शिक्षक है एवं माता रंजन पांडे य सरकारी स्कूल मेंअध्यापिका है संसाधन होने के बाद भी बेटी को ग्रामीण परिवेश वाले स्कूल में शिक्षा देने का मुख्य उद्देश्य अन्य बच्चों को प्रेरित करना है कि पढ़ाई में सफलता कहीं से भी हासिल की जा सकती है। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शुक्ला का कहना है कि विद्यालय की सबसे तेज विद्यार्थी होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल से सफलता हासिल कर अन्य बच्चों के लिए यह छात्रा प्रेरणा स्रोत बनी है

### शिक्षा विभाग बोर्ड परिणाम से गदगद

जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंदराम की माने तो यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है इस बार ग्रामीण क्षेत्र के इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जिले के टॉप टेन में सफलता हासिल कर स्कूल के शिक्षक माता-पिता एवं जिले का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल इंटर के सभी सफल छात्र-छात्राओं को ऐसे ही आगे तैयारी करके लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।



### यह है गुदडी के लाल

#### डॉक्टर बन गरीबों की सेवा करना तबस्सुम का सपना

उतरौला के लालगंज गांव निवासी एक मध्यम वर्गीय कारपेंटर मोहम्मद रिजवान की बेटी तबस्सुम बानो ने हाई स्कूल में जिला टॉप कर न केवल अपने गरीब माता-पिता का नाम रोशन किया है बल्कि स्कूल के साथ जिले का मान बढ़ाया है विद्यालय प्रबंधक अंसारअहमद शि शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिभाशाली छात्र के मेहनत की कहानी बताई है छात्रा तबस्सुम बानो गरीबी होने के बाद भी पढ़ाई से कोई समझौता नहीं कर रही है माता-पिता भी उसके पढ़ाई में पूरी तरह से जुटे हुए हैं पिता मामूली फर्नीचर का काम करते हैंवहीं माता आबिदा खातून ग्रहणी है बेटी का सपना है कि नीट की परीक्षा मैं सफलता हासिल कर एमबीबीएस बनाकर मरीजों की निस्वार्थ भाव से इलाज करना है एक कुशल डॉक्टर बनकर चिकित्सा के क्षेत्र में नाम कमाने का सपना टॉपर ने संजो रखा है।

### टॉपर्स से सवाल जबाब

हाई स्कूल टॉपर्स तबस्सुम बानो का कहना है कि पढ़ाई के लिए एक निश्चित समय रखें उसे समय का विशेष ध्यान रखते हुए तैयारी करें कोई जरूरी नहीं है कि दिनभर किताब लेकर बैठे रहे जितने समय पढ़े मन लगाकर तैयारी करें ऑनलाइन पढ़ाई को सिर्फ विद्यार्थी वैकल्पिक समझे आएफ लाइन पढ़ाई बहुत जरूरी है।

टॉपर अन्विता पांडे का राजनीतिक आदर्श भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई एवं समाज में आदर्श के रूप में बाबा एवं माता-पिता को मना है खेल में क्रिकेट व खिलाड़ी के रूप में सचिन तेंदुलकर कलाकार के रूप में महानायक अमिताभ बच्चन से प्रभावित है सोशल मीडिया पर जरूर की चीजों को अपनाना एवं फिजूल की चीजों से दूरी बनाने कल छात्रों को संदेश दिया है चिकित्सा बनाकर मदर टेरेसा बनने का सपना है।















### इंटर टॉपर शिवम जायसवाल उसका सपना आईएएस बनकर सेवा करना

जिले के इंटरमीडिएट टॉपर शिवम जायसवाल सादुल्लाह नगर के निवासी हैं यहीं से हाजी स्माइल इंटर कॉलेज से 95.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है

इनका सपना आईएएस बनकर लोगों की मदद करना है इतना ही नहींबुनियादी शिक्षा के लिए इस बनाकर अच्छी व्यवस्था करने का सपना सजोए हुए हैं। बेटे की सफलता पर माता-पिता एवं विद्यालय के प्रिंसिपल शिक्षक ने खुशी जाहिर किया करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया है। इस छात्रा का कहना है कि ऑफलाइन पढ़ाई पर विद्यार्थी विशेष ध्यान दें ऑनलाइन पढ़ाई को विकल्प के रूप में रखें।

# मेनका की पहल पर बंधक 92 मछुआरों की रिहाई जल्द

## मेनका गांधी के ट्रंप कॉर्ड से सपा-बसपा की बढ़ी बेचौनी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद मेनका गांधी के ट्रंप कॉर्ड से सपा-बसपा बैकफुट पर आ गई है। मुंबई में 14 बोटों के साथ करीब 92 मछुआरे बंधक बनाए गए हैं। इसको संज्ञान में लेकर मेनका गांधी और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद आगे आए हैं, उन बंधक मछुआरों को रिहा कराने का जतन शुरू हो गया है। साथ ही मेनका अब इस मुद्दे को चुनावी कैंपेन में उठा रही जिससे सपाइयों और बसपाइयों की नींदें उड़ गई हैं।



इस बाबत पड़ताल में मछुआ समुदाय से जुड़े राजेश से फोन पर वार्ता हुई। राजेश जिले के चांदा थाना अंतर्गत मुरार चक गांव के निवासी हैं। वे बताते हैं कि बीते वर्ष मैं सितंबर माह में महाराष्ट्र आया था। मेरे अलावा जिले के अन्य करीब 150 साथी जुलाई-अगस्त माह में यहां आए थे।तीन माह पहले हमारे सेठ की बोट यहां के लोकल सेठ की बोट से टकरा गई। जिसके बाद विवाद हुआ। हमारा सेठ अवैध रूप से समंदर से मछली मरवाने का कार्य करा रहा था। ऐसे में लोकल सेठ ने अधिकारियों से वार्ता कर कार्रवाई कराया और हम 150 लोग 20 मार्च हिरासत में लिए गए हमें 24 मार्च से रेववाड़ा खाड़ी पर बंधक बनाकर रखा गया है।

यहां कुछ साथी जिनका सेठ के पास पैसा कम फंसा था वो चोरी चुपके निकल गए। लेकिन जिनका ज्यादा पैसा फंसा था वो रुके रहे। हमने ये मामला जिले के सोनू निषाद और योगेश निषाद को बताया तब इस मामले में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद व सांसद मेनका गांधी ने हमसे संपर्क किया। बीते शुक्रवार से हम लोगों की रिहाई के लिए कागजी कार्रवाई शुरू हो गई है।

वही अब इस मामले को सांसद मेनका गांधी ने अपना चुनावी मुद्दा बना दिया है। वो भी तब जब सपा ने पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बनाया है। मेनका गांधी कल से सभी मंच पर कह रही हैं कि महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में 92 मछुआरों को अकारण 29 दिनों तक अवैध रूप से बंधक बनाए रखा गया।

पीड़ित मछुआरों के परिवारीजनों ने हमसे अपना दुखड़ा रोया इस पर मैने महाराष्ट्र सरकार को मामले से अवगत कराया।संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी ने मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए कस्टडी में रखे गए सभी 92 मछुआरों को छोड़ने की बात कही है। इसी मामले में मोस्ट कल्याएन संस्थान के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद ने कहा पीड़ित राजेश से बात हुई है यदि कल तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो हम आगे आएंगे।

# मेनका गांधी निषादों की हमदर्द तो दिला दें आरक्षण-पूर्व मंत्री राम भुआल

**सुल्तानपुर।** इंडिया गठबंधन के रूप में सपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद भाजपा और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी पर आक्रमक दिखाई दिए हैं। मेनका द्वारा 92 मछुआरों को आजाद कराने के मुद्दे पर मीडिया से बातचीत में राम भुआल निषाद ने कहा कि बहुत निषादों का भला चाहती हैं तो निषादों को आरक्षण दिला दें। राम भुआल निषाद ने ये भी कहा है कि बालू खनन का पट्टा, उनके (निषादों) बच्चों की शिक्षा और नौकरी की बात (मेनका) करती तो समझ में आता। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि का नाम लिए बगैर उन पर भी राजनैतिक हमला बोला। पूर्व मंत्री राम भुआल ने कहा यहां उनके लोग बिहार से आकर जमीन का व्यवसाय कर रहे हैं। लोगों की अर्जी फर्जी से जमीन लिखवाकर जमीन का कारोबार कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि आज डर और आतंक है, इसलिए बैनर नहीं लगा रहे। लेकिन अंदर-अंदर विरोध है। यहां ये लोग सुल्तानपुर का विकास करने नहीं आए हैं लोग अपना विकास कर रहे हैं। वही मछुआरों को मुंबई में आजाद कराने के मामले में उन्होंने ये भी कहा चोर-चोर मौसेरे भाई वाली कहानी है। यही पकड़वाए होंगे यही छुड़वाए होंगे। उनकी बातों में सच्चाई नहीं है। निषाद के असली हमदर्द तब होते जब निषाद को आरक्षण दे देते। उन्होंने कहा सारे लोग इस चीज को समझ गए हैं भारतीय जनता पार्टी के नेता झूठ बोलते हैं। और झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं। उन्होंने कहा था पंद्रह लाख सबके खाते में देंगे, दो करोड़ नौकरी देंगे। वो सब कहां गया। अब गारंटी किस चीज की दे रहे हैं।



# मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के कुशल निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे मतदान कार्मिकों में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम का तीसरे दिवस के साथ प्रथम प्रशिक्षण पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय अमहट सुलतानपुर में सम्पन्न हुआ। प्रत्येक दिवस यह प्रशिक्षण दो पालियों व 25 कमरों में संचालित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी (मतदान कार्मिक) अंकुर कौशिक द्वारा तीनों दिन सभी प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण करते हुए प्रतिभागियों से सी.आर.सी.कब करेंगे, वीवीपैट का नाब परिवहन व वर्किंग के समय किस स्थिति में रहेगा, टेण्डर वोट कैसे पड़ेगा , टेस्ट वोट में कौन सा अनुलग्नक भरायेंगे, नियम 49(ओ), 49 (एम),49 एम ए (डी) आदि पर प्रश्न - उत्तर करते हुए मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि जनपद स्तर पर तैयार हैंड

# सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता हुई संपन्न

**सुल्तानपुर।** भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता में रामरती इंटर कॉलेज कटका के मैदान पर 14 वर्षीय मैच में थंडर फुटबॉल क्लब सुलतानपुर और भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें भूलियापुर फुटबॉल एकेडमी प्रतापगढ़ ने थंडर फुटबाल क्लब को 6-0 से हराया। भूलियापुर की ओर से मोहम्मद कशान ने चार गोल दागे और मुजाहिद उल इस्लाम और नावेद ने एक एक गोल किया। थंडर क्लब की ओर से कैप्टन प्रांजल गौतम, गोपाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरा मैच अवध और थंडर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें अवध फुटबॉल क्लब ने 4-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ और तक्षशिला अकादमी अंबेडकरनगर के बीच खेला गया जिसमें तक्षशिला अकादमी ने भूलियापुर फुटबॉल अकादमी को रोमांचक मैच में 1-0 से परास्त किया।



वही अंडर 12 आयु वर्ग में सिर्फ दो मैच खेला गया पहला मैच तक्षशिला अकादमी अंबेडकर नगर और भूलियापुर फुटबॉल एकेडमी के बीच खेला गया दोनो टीमों ने गोल रहित ड्रॉ खेला। दूसरे मैच सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी और भूलियापुर फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया जिसमें भूलियापुर फुटबॉल अकादमी ने 2-0 के अंतराल से सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी को हराया। अंडर 12 अयुवर्ग के दोनो मैचों में अच्छे खेल देखने को मिला। सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी की ओर से शिवेंद्र सिंह, साहिब सिद्दीकी, शौर्यवीर ने अच्छा प्रदर्शन किया। लीग के आयोजक कोच अशुतोष गुप्ता ने बताया कि अंडर 12 अयुवर्ग में लीग में टॉप दो टीमों के बीच खेला जाएगा। सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी अंडर 12 अयुवर्ग में फाइनल में पहुंचने के लिए अगला मैच बड़े अंतराल से जीतना होगा। अंडर 14 अयुवर्ग में थंडर फुटबॉल क्लब ने सभी मुकाबलों में एक जीत न दर्ज कर पाने की वजह से बाहर हो गई। अंडर 14 अयुवर्ग में टॉप चार में आने वाली टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

इस मौके पर राजेश कनौजिया, राजीव यादव (अयोध्या), शारीरिक शिक्षक मयंक श्रीवास्तव उपस्थिति रहे। आयोजक अशुतोष गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। रेफरी की भूमिका स्वप्निल युवराज सिंह, सर्वेंद्र विक्रम सिंह ने निभाई।

# संस्कृत बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा में पूनम रही अव्वल

**सुलतानपुर।** संस्कृत बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा में पहला स्थान पाने वाली छात्रा पूनम तिवारी की इस उपलब्धि पर उनके गुरुजन काफी उत्साहित हैं। पूनम ने अपनी इस सफलता और पढ़ाई का श्रेय अपने परिवार और गुरुजनों को दिया है। पहला स्थान पाने वाली छात्रा पूनम की माने तो उन्होंने बताया कि संस्कृत भाषा से ही हमारा परिवार सदैव प्रेम करता रहा है ।इसी कारण उनका भी संस्कृत भाषा की ओर रुझान बढ़ा।वो भविष्य में अध्यापक बनना चाहती है।

आपको बता दें कि पूनम तिवारी मूलतः बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ इलाके की रहने वाली है। उन्होंने सुल्तानपुर जनपद के करौंदिया स्थित संस्कृत माध्यमिक विद्यालय से इंटरमीडिएट का एग्जाम दिया था। आज रिजल्ट आने पर संस्कृत विद्यालय करौंदिया का नाम पूरे प्रदेश में टॉप पर आने के बाद प्रबन्धक शारदा प्रसाद मिश्रा, उपप्रबंधक नीरज तिवारी और प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने पूनम को फोन कर बधाई दी है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक रवि शंकर ने मीडिया को बताया है कि आज यूपी बोर्ड के साथ ही संस्कृत बोर्ड के रिजल्ट की भी घोषणा हुई है और प्रदेश की संस्कृत बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में सुल्तानपुर के संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा पूनम तिवारी ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर सुल्तानपुर का नाम रोशन किया है। जिसपर हमें गर्व महसूस हो रहा है।



# जिला स्तरीय सम्मेलन में बसपा कार्यकर्ताओं को दिया गया जीत का मंत्र

## बसपा मुखिया ने चित्रकूट को दिया था जिले का दर्जा- मयंक



**चित्रकूट ब्यूरोः** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के मंडल प्रभारी अभिषेक गौतम ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मंडल प्रभारी अधिवक्ता कौशलेंद्र कुमार, अयूब खान व बल्देव प्रसाद वर्मा ने बूथ से जिलास्तरीय तक के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को आगामी एक माह पूरी निष्ठा और मनोयोग के साथ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी की विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी लोग पूरी ताकत झोंक दें।बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती ने हमेशा सर्व समाज के हित की बात की है। बसपा सरकार में प्रदेश से गुंडे माफियाओं का सफाया किया गया। खासतौर से चित्रकूट जनपद में ददुवा और ठोकिया जैसे दुर्दांत बदमाशों का सफाया बसपा सरकार के गठन के कुछ दिन बाद ही कर दिया गया था। जिससे दशकों से पाठा क्षेत्र में कायम भय और आतंक का खात्मा हो गया था। इसके अलावा चित्रकूट को जनपद का दर्जा भी तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं बसपा मुखिया बहन मायावती ने ही दिया था। चित्रकूट समेत पूरे बुंदेलखंड में बसपा सरकार में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए गए थे, किंतु बाद की सरकारों ने इन विकास कार्य को रोक दिया। मऊ के महिला घाट का अधूरा पुल इसका उदाहरण है। इस पुल को बसपा सरकार ने वर्ष 2010 में स्वीकृत कराकर कार्य शुरू करिए दिया था, किंतु इसके बाद बनी सपा और भाजपा सरकार की कार्यशैली के चलते लगभग 14 साल में भी यह पुल पूरा नहीं बन सका है। ऐसे सभी विकास कार्यो को पूर्ण कराया जाएगा।इस मौके पर बसपा नेता अरुणपाल, सुरेश तिवारी, राम अभिलाष पाल, विनय कुमार पाल, जमुना पाल, शिवऔतार त्रिपाठी, बी डी पाल, जगदीश यादव, वीरेंद्र पाण्डेय, नफीस खान, दरबारी लाल, दुर्गा प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, कपिल देव वर्मा, विनोद पाल, सादिक मंसूरी, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार रैकवार, शिवबाबू गर्ग, अतुल कुमार द्विवेदी, नत्थू प्रसाद वर्मा, सी एल भारती, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष रावेंद्र कुमार वर्मा, चित्रकूट विधान सभा सोनपाल वर्मा, राजकुमार विमल, राजेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## गायपालक ने की जांच की मांग

**चित्रकूटः** जिला मुख्यालय में वार्ड नं आठ के निवासी गुरुदीन शुक्ला ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वह अपनी गायों की सेवा कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। बीती 16 अप्रैल को एक गाय के बीमार होने पर वह जिला कचहरी परिसर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचा। जहां मिले पशु चिकित्सक को उसने अपनी गाय के बीमार होने के सम्बन्ध में जानकारी दी और चिकित्सक ने एक मोबाइल नंबर देकर उसे बात करने को कहा जिसके बाद मोबाइल से हुई बात के आधार पर एक व्यक्ति उसके घर गया और बाहर से दवाएं मंगाने के बाद इलाज की फीस भी मांगी। इसके बाद फीस और दवा की कीमत ज्यादा होने के कारण वह फिर से राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचा, किंतु पशु चिकित्सक गाय के इलाज को लेकर टाल-मटोल करते रहे। गाय की हालत खराब होने पर बीती 18 अप्रैल को एक व्यक्ति को पशु चिकित्सालय से भेजा गया और वह दवा के रूप में एक पाउडर देकर चला आया। इसके बाद बीती 20 अप्रैल को उसकी गाय ने दम तोड़ दिया। पीड़ित गाय पालक ने मामले की जांच कराकर इलाज में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैम्पेन के सम्बन्ध में दी जानकारी

## प्राधिकरण सचिव ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**चित्रकूट ब्यूरोः** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देशानुसार प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने रविवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजित किए गए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उन्होंने बंदियों को विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। जिला कारागार में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैम्पेन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेल में कुछ ऐसे बंदी भी निरुद्ध रहते हैं, जिनकी जमानतें हो जाती हैं। इसके बावजूद वह लोग जेल से नहीं रिहा हो पाते हैं।

ऐसे लोगों की रिहाई के लिए जमानतदार एवं अन्य बिंदुओं पर उन्होंने विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही कहा कि ऐसे बंदी जिनके पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, उनको निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए चित्रकूट कारागार अधीक्षक बंदियों से प्रार्थना पत्र प्राप्त कर लें। साथ ही आवश्यक कार्यवाही करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेज दें। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, चितरंजन श्रीवास्तव, ब्रज किशोरी, प्रमोद कुमार कनौजिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रामानुजम, डॉ विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

# वैवाहिक कार्यक्रम में बहन की ससुराल आया युवक यमुना में डूबा

## एनडीआरएफटीम कर रही तलाश



**मऊ, चित्रकूटः** वैवाहिक समारोह में बहन की ससुराल आया युवक यमुना नदी में डूब गया। स्थानीय मल्लाहों द्वारा प्रयास के बावजूद युवक को नहीं ढूंढा जा सका। जिसके बाद प्रशासन ने एन.डी.आर.एफ को बुलाकर युवक को ढूंढने का प्रयास किया।प्राप्त जानकारी के अुनसार मध्य प्रदेश के रीवा जिले के अतरैला थाने के पटेहरा गांव के निवासी आशीष केशरवानी (24) पुत्र कृष्ण प्रसाद की बड़ी बहन पिंकी की शादी मऊ कस्बे में द्वारिका प्रसाद पुत्र अमृतलाल के साथ हुई थी। आशीष अपनी बहन पिंकी के घर में होने वाले वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए मऊ आया था। रविवार को सबेरे वह यमुना तट पर नहाने गया और वहां नहाने के दौरान गहराई वाले स्थान पर जाने के कारण पानी में डूब गया। इसकी खबर मिलते की परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर मऊ उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, थाना प्रभारी अजीत कुमार पाण्डेय भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद स्थानीय मल्लाहों ने कई घंटों तक युवक को यमुना नदी में खोजने का प्रयास किया, किंतु कोई सफलता नहीं मिली।

इसके बाद उपजिलाधिकारी ने एन.डी.आर.एफ टीम को मौके पर बुलाया और पानी में डूबे युवक की तलाश करने के निर्देश दिए है।

# क्षेत्राधिकारी ने अर्दली रुम कर दिए निर्देश

**मऊ, चित्रकूटः** मऊ क्षेत्राधिकारी जय करन सिंह द्वारा थाना बरगढ़ में थाना बरगढ़ के विवेचको का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा सम्मन तामिला, बीडब्ल्यू, एनबीडब्ल्यू, 82 सीआरपीसी/83 सीआरपीसी की तामिला, आरोप पत्र, अंतिम पत्र एवं विशेष अभियान चलाकर विवेचकों को गुण दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद क्षेत्राधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# हाईटेंशन तार की चिंगारी से दो दर्जन के लगभग किसानों की फसल में लगी आग

## एसडीएम ने दिया सहायता का आश्वासन

**राजापुर, चित्रकूटः** हाईटेंशन तार के घर्षण से निकली चिंगारी से 100 बीघे में खड़ी लगभग दो दर्जन किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जल्द ही सर्वे कराकर अग्निपीड़ितों को सहायता का आश्वासन दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल हाईटेंशन विद्युत तार के घर्षण से निकली चिंगारी से जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौके पर पहुँचे और दमकल कर्मियों की सहायता से आग को बुझाया। अग्निपीड़ित किसान माताबदल ने बताया कि दोपहर में तेज



हवा चलने के कारण हाईटेंशन विद्युत तार आपस में टकरा गईं। जिससे निकली चिंगारी से लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल में आग लग गई।

बताया कि अग्नि की चपेट में कुछ ऐसे किसान भी हैं जिनके पास मात्र इतनी ही गेहूँ की फसल थी कि परिवारों के भरण-पोषण में भी संकट आ सकता है।

राजापुर उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लेखपालों को लगाकर जली हुई फसल का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने के बाद अग्निपीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। अग्निपीड़ितों में ग्राम पंचायत गढ़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के माताबदल, मातादीन, भोला सिंह, शिवकुमार, शकुन्तला देवी, सुधा पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, अवधनरेश, रमेश, शिवप्रताप, सन्तोष, साधुराम, रामबाबू सहित दो दर्जन के लगभग किसान शामिल है।

# बाइक चोरी का आरोपी अवैध तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार

**मानिकपुर, चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे




अभियान के क्रम में थाना मानिकपुर पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये चोर को चोरी की बाइक व अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि बीते शनिवार को वादी रोहित कुमार सतनामी पुत्र कमलेश कुमार सतनामी निवासी सितपुरा ऊथवाँ टोला नई बस्ती थाना नागौद जिला सतना (मप्र) द्वारा थाना मानिकपुर में सूचना दी गयी कि ग्राम बराहमाफी से अज्ञात चोर ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में अज्ञात के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह द्वारा घटना का संज्ञान लेकर मोटरसाइकिल की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना मानिकपुर टीम को लगाया गया। जिस पर थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा प्रयास करते हुए रविवार को डाडी कोलानी मोड़ के पास से आरोपी पंकज निवासी रामपुर थाना मानिकपुर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किए गए। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध मानिकपुर थाने में दर्ज अभियोगों में बढ़ोत्तरी की गई। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में मानिकपुर थाना के उपनिरीक्षक मुकेश सिंह परिहार, उपनिरीक्षक यूटी पवन चौधरी व आरक्षी जलील अहमद शामिल रहे।

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सिराथू कौशाम्बी

नं0 मु0 टी2022024204000004803

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन हुमैरा बेगम बनाम अब्दुल कलाम आदि

बनाम

1. अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल सत्तार 2. अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल सलाम 3. मो0 उस्मान पुत्र अब्दुल सलाम 4. मु0 नजीबुन निशा बेवा पत्नी चिराग उद्दीन 5. साकिर पुत्र नादिर बक्स 6. रईशुन निशा बेवा अब्दुल मन्नान 7. मु0 वफातुन निशा बेवा पत्नी जहर 8. मु0 सगीरुन निशा बेवा पत्नी सुभाष समस्त निवासीगण स्वात खत उर्फ कड़ा परगना कड़ा तहसील सिराथू कौशाम्बी 9. मकसूद अली 10. अहमद अली 11. महफूज अली 12. मो0 अली पुत्रगण महमूद अली निवासीगण हालमुकाम बैगन टोला 10/9 प्रयागराज 13. सरकार उ0प्र0 द्वारा कलेक्टर साहब कौशाम्बी 14. गांव सभा/प्रतिस्थापित नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम तहसील सिराथू द्वारा चेयरमैन

तारीख पेशी 20.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे की जगह पेपर दिलाने वाली गैंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरोः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा धारा 419, 420, 467, 468 भादवि0 व 6/10 परीक्षा अधिनियम के मुख्य आरोपी दर्पण सरोज उर्फ डीपी निवासी ग्राम ऊकोठी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।गौरतलब है कि बीती 17 फरवरी को जनपद चित्रकूट में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सेन्टर पर द्वितीय पाली में संदीप कुमार निवासी ठाकुर का पुरवा मुतर्जापुर तहसील कुण्डा थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ के स्थान पर अजय कुमार निवासी तुलापुर मुकुंदपुर तहसील सोरांव थाना होलागढ़ जिला प्रयागराज परीक्षा दे रहा था। पूंछतांछ में अजय कुमार ने बताया कि एक डी पी नाम के व्यक्ति के माध्यम से पांच लाख रुपये में परीक्षा पास कराये जाने की डील हुई थी। प्रकरण के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में आरोपी के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468 भादवि0 व 6/10 परीक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह एवं उनकी टीम आरक्षी नीतू द्विवेदी द्वारा विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी दर्पण सरोज उर्फ डीपी निवासी ग्राम ऊकोठी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1514916 का अंक सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

पूनम यादव
पुत्री दिनेश कुमार यादव
ग्राम- नूरपुर, पोस्ट- संग्रामगढ़
जनपद-प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश
पिन कोड- 230 141

# 20 बिंदुओं में भाजपा जिले के सभी 851 बूथों में करेगी काम

**चित्रकूट ब्यूरोः** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बूथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।बैठक में लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने आगामी चुनावी कार्यक्रमों की योजना को बताते हुये कहा की जनपद के सभी 851 बूथो पर 20 काम होने है। जिन पर सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारियों व पालको को मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर काम करना है। बूथों मे टिफिन बैठक करना है। पन्ना प्रमुखों की बैठक करना है और लाभार्थियों से सम्पर्क करना है। इसके अलावा अन्य कामों को क्रियान्वित करना है। कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय के संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने के लिए संकल्पित प्रयास करे।जिलाध्यक्ष



लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि यह चुनाव भारत को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। आज दुनियां की निगाहे भारत के चुनाव पर हैं। इस पर हम सबको मिलकर पार्टी के निर्देशों को मानते हुए काम करना है। उन्होंने ने कहा कि आगामी बूथ सम्मेलन और 29 अप्रैल को होने वाले नामांकन में सभी 851 बूथो से कार्यकताओं को पंहुचना है।सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि वह स्वयं सभी की तरह भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता हैं।

यह चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। कहा कि सबके साथ मिलकर पीएम मोदी के हांथो को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रजना उपाध्याय, तीरथ तिवारी, बद्री त्रिपाठी, जगदीश गौतम, जयप्रकाश पांडेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, आदित्य, सुखेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# अपर एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

**चित्रकूटः** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना मारकुंडी का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर एसपी ने थाना कार्यालय में रजिस्टरों का अवलोकन कर उचित रख-रखाव व अद्यावधिक करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा अपर एसपी ने सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर का भ्रमण कर थानाध्यक्ष मारकुंडी मनीष कुमार को शस्त्रों का पुलिस लाइन आर्मरी से सत्यापन कराने व प्राइवेट शस्त्रों के रख-रखाव के लिए अलग से व्यवस्था करने को कहा।

# चुनाव से पहले प्रत्येक मतदाता से संपर्क आवश्यक- अमरपाल मौर्य

## भाजपा नेता ने कार्यकर्ताओं को दिए जीत के मंत्र




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** भाजपा काशी क्षेत्र प्रभारी एवम सांसद राज्यसभा अमरपाल मौर्य ने दावे के साथ कहा है कि भारी मतदान प्रतिशत भाजपा के जीत की गारंटी है। ये विचार उन्होंने भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कटरा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

कार्यालय उद्घाटन के बाद विभिन्न स्तर की बैठकों में उन्होंने कार्यकर्ताओं से साफ साफ कहा कि हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वो अपने क्षेत्र में रहे, ये सुनिश्चित करे कि जहां उसका निवास है उस क्षेत्र के हर मतदाता तक संपर्क हो ही जाना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि जब भी क्षेत्र में जाएं सरकारों की उपलब्धियों का पूरा विवरण लेकर जाएं जिससे जनता में ये संदेश दे सकें कि मोदी सरकार का पुनः आना क्यों जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पूरी रणनीति अभी से बन जाए कि चुनाव के दिन अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाए।

बैठको में लोकसभा प्रभारी रविंद्र पाठक, जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, ज्ञान प्रकाश दुबे सहित हर जन प्रतिनिधि, पदाधिकारी और मोर्चों के प्रमुख उपस्थित रहे

# परिवार परामर्श केंद्र ने चार दंपत्तियों को फिर मिलाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 4 बिछड़े दम्पत्तियों को जो विभिन्न कारणों से छोटे मोटे विवाद के कारण अलग अलग रह रहे थे परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। बहुत ही अच्छे वातावरण में दंपत्तियों को परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों ने विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही महिला निरीक्षक-सीमा सिंह, महिला मुख्य आरक्षी पिंकी जायसवाल, महिला मुख्य आरक्षी सावित्री यादव, परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य कृष्णा सिंह, सलिल पाण्डेय, निर्मला राय व सुरेश जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने भी किया शानदार प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,रायबरेली।** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज लालगंज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। हाईस्कूल परीक्षा में शामिल 88 छात्रों में अधिकांश ने सम्मान एवं प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के छात्र शिवांक ने 93.66 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त आर्यदीप पाण्डेय 92.83 प्रतिशत, विकास सिंह 92.5 प्रतिशत,अभय 92.50, उत्कर्ष प्रताप सिंह 91.33, वैभव सिंह91.16, आद्विक मिश्रा 90.50, पीयूष जायसवाल 90.33 ,विवेक कुमार द्विवेदी 90.33, शिवेंद्र यादव ने90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में शामिल 133 छात्रों में ससम्मान 26, प्रथम श्रेणी 81, द्वितीय श्रेणी में 26 छात्र उत्तीर्ण हुए।



विद्यालय के छात्र श्रेयांश शुक्ला ने (88.40)अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में मुस्कान गुप्ता 88.40, अंजली अग्रहरि 85.80, विकास 84.60, अर्पिता अवस्थी 84, धर्मवीर सिंह 83, आदित्य रावत ने82.80 प्रतिशतअंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष गिरीश नारायण पाण्डेय, विद्यालय प्रबंधक प्रदीप मिश्र,सह प्रबंधक कैलाश बाजपेई, अध्यक्ष राधे मोहन गुप्ता, कौशलेंद्र प्रताप, प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार शुक्ल, वरिष्ठ आचार्य चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, अमरेश सिंह,अनुरूद्ध त्रिपाठी,नीरज पाण्डेय, नीरज साहू, रमेश मिश्रा, राजेन्द्र पाण्डेय, सूर्य कांत मिश्र जितेन्द्र कुमार गुप्ता, आलोक मिश्र, मनोज अवस्थी, आलोक बाजपेई, बद्रीविशाल बाजपेई, नरेन्द्र मोहन शुक्ला आदि ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# घर से चार लाख के जेवरात व मेडिकल की सामग्री चोरी

**रायबरेली।** रात्रि गस्त की पोल तब खुली जब चुनावी महौल है जिस दौरान चेकिंग से लेकर निरीक्षण तक अधिकारियों का हो रहा है।जिसमें बेखौफचोरो के द्वारा घर के लाखों की नगदी व जेवरात एवं मेडिकल की सामग्री तक चोरी कर ले गए। लालगंज थाना के चमनगंज मोहल्ले में पवन मिश्रा का मकान है जिनके यहां उनके घर के अनीता मिश्रा थी और मेडिकल अमेन्द्र का था।जिसमें शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरो के द्वारा घर में रहस्यमय ढंग से घुसकर पीड़िता अनीता के अनुसार नगदी व चार लाख रूपए के जेवरात चोरी कर लिया गया जबकि मेडिकल स्टोर से नगदी व कीमती दवाओं को चोरी किए जाने का दावा किया गया है।उधर लालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया क प्रकरण की जांच किया जा रहा है।

# स्टेट कराटे चौंपियनशिप में रायबरेली की शिवानी साहू ने जीता सिल्वर मेडल

**रायबरेली।** कराटे एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित कैडेट जूनियर अंडर 21 और सीनियर कराटे चौंपियनशिप में बछरावां के शिवानी साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर रायबरेली का नाम रोशन किया बताते चलें कि 20 और 21 तारीख को स्टेट कराटे चौंपियनशिप लखनऊ स्थित चौक स्टेडियम में आयोजित हुई थी जिसमें उत्तर प्रदेश के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में रायबरेली के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया था जिसमें महिला वर्ग में शिवानी साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया अन्य सभी के हाथ निराशा आई बताते चले की शिवानी साहू बछरावां स्थित शिवानी सेल्फ डिफेंस एकेडमी में प्रशिक्षक के रूप में कार्य करती हैं तथा उनके दिशा निर्देशन में बच्चे सेल्फडिफेंस कराटे का प्रशिक्षण लेते हैं और जिला स्तरीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग भी करते हैं। इस अवसर पर जिला कराटे संघ के




अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता कराटे एसोसिएशन के सचिव राहुल कुमार पटेल के द्वारा ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# प्रिंस इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों का रिजल्ट रहा सराहनीय




**लालगंज रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के विद्यालय प्रिंस इण्टरमीडिएट कालेज कोरिहरा रायबरेली का हाईस्कूल व इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। प्रिंस इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक शैलेंद्र दीक्षित ने बताया कि इंटर की परीक्षा में शिवानी सिंह ने 82 प्रतिशत, पायल साहू ने 80 प्रतिशत , प्रिंस यादव और अंशिका सिंह ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वही हाई स्कूल की परीक्षा में श्वेता मौर्य 89 प्रतिशत, मनोरमा मौर्य 84 प्रतिशत,कीर्ति ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।विद्यालय के प्रबन्धक शैलेंद्र दीक्षित व प्रधानाचार्या संध्या वर्मा व संचालिका रचना ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों के अभिभावको ने प्रिंस इंटरमीडिएट स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी स्कूल में अच्छी शिक्षा बच्चों को प्राप्त होती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कुलदीप यादव, संगीता प्रजापति, गुलफाम अहमद व पवन कुमार आदि सह उपस्थित रहे।

# महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना के गांव भीरागोविंदपुर निवासिनी महिला ने पति पत्नी के बीच हुए विवाद के कारण जहरीला पदार्थ खा लिया जिनकी हालत गंभीर होने पर उनको प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी में लाया गया जहां से उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।सीएमएस ने बताया कि महिला को भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।

# आग से सात घरों की गृहस्थी जलकर राख

**रायबरेली।** सरेनी थाना के गांव पूरे शुकुरू मजरे कोटियाएहतमाली में अज्ञात कारणो से सात घरो में आग लग गया।जिसमें सभी के घरो में लाखों की सामग्री जलकर राख हो गई है।लालगंज एसडीएम ने बताया कि आग से सात घरों की गृहस्थी जलकर राख होने की खबर पर प्रशासनिक टीम गांव भेजा गया है जिसके रिपोर्ट आने के बाद उनको आर्थिक सहायता हेतु प्रशासनिक मदद किया जाएगा।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज बेनी माधवगंज ने लहराया परचम’

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरेनी(रायबरेली)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित 2024 के परीक्षा परिणाम में सरेनी के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज बेनीमाधवगंज के छात्रों ने परचम लहराते हुए विद्यालय में ही नहीं अपितु जनपद में अव्वल स्थान प्राप्त किया।उल्लेखनीय है कि शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान सरस्वती बाल मंदिर बेनीमाधवगंज दिन-ब-दिन शिक्षा के क्षेत्र में बुलंदियों को छू रहा है और एक के बाद एक नित नये सोपान गढ़ रहा है।शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज बेनीमाधवगंज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।विद्यालय के प्रधानाचार्य कामता प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2023- 24 में हाई स्कूल में कुल 116 व इंटरमीडिएट में कुल 96 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया,सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त करके




विद्यालय का नाम रोशन किया।हाई स्कूल में आशुतोष पुत्र लालता प्रसाद ने 571,अन्वेष मिश्रा पुत्र समीर मिश्रा ने 569 अंक प्राप्त कर जिले में क्रमशः आठवां व दशवां स्थान हासिल किया।वहीं इंटरमीडिएट में अक्षय कुमार पुत्र राम धीरज ने 479,अभिषेक मिश्रा पुत्र अमित कुमार मिश्रा ने 477 व आदर्श शर्मा पुत्र प्रेम शंकर शर्मा ने 475 अंक प्राप्त करके जिले की श्रेष्ठतम सूची में क्रमशः पांचवां,सातवां व 9वां स्थान प्राप्त किया।सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया गया।एक ही विद्यालय के 5 छात्रों ने जनपद की श्रेष्ठतम सूची में स्थान प्राप्त कर समस्त विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।

वहीं विद्यालय के व्यवस्थापक सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षित छात्र विकसित भारत का आधार हैं।एक छात्र को शिक्षित करना पूरे परिवार और राष्ट्र को शिक्षित करने के बराबर है।साथ ही साथ व्यवस्थापक ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।विद्यार्थियों की इस सफलता पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं,कर्मचारियों व अभिभावकों में खुशी की लहर है।

# दो घरो में लगी आग, चार झुलसे, भर्ती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव झेदीकापुरवा में दो घरो में आग लगने पर बीच बचाव करते दौरान गांव झेदीकापुरवा निवासी रावेन्द्र 17वर्ष,रूबी 19वर्ष,विजय कुमार 24वर्ष,दिलीप कुमार 15वर्ष आग की चपेट में आने से झुलस गए।जिनको ग्रामीणों की मदद से सीएचसी में भर्ती करवाया गया।जहां पर रावेन्द्र की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।वहीं गांव के ग्रामीण व दमकलकर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया है।एसडीएम ने बताया कि दो घरो में आग लगने की सूचना पर राजस्व टीम भेजा गया है जहां के जांच की रिपोर्ट आने के बाद उनको आर्थिक प्रशासनिक मदद दिलवाय जाएगा।

# जगतपुर, डलमऊ, लालगंज, सरेनी में दर्जनों नुक्कड़ सभाओं को राज्यमंत्री ने किया सम्बोधित

## लोगों ने अपने नेता को बीच में पाकर फूल-मालाओं से लादकर किया भव्य स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** प्रदेष सरकार के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार ने रविवार को विकास खंड जगतपुर, डलमऊ, लालगंज, सरेनी में शक्ति केन्द्र नुक्कड़ सभाओं में षिरकत की। इस दौरान बड़ी संख्या में जन समुदाय उपस्थित रहा। आयोजित नुक्कड़ सभाओं में सम्बोधन से पहले लोगों ने राज्यमंत्री को फूल-मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। कहा मंत्री जी आप आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है। नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुये राज्यमंत्री दिनेष प्रताप सिंह ने कांग्रेस पर जमकर बरसे। कहा रायबरेली में इस बार कांग्रेस ऑक्सीजन पर है। कांग्रेस का राम नाम सत्य का समय आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि रायबरेली के इतिहास के पन्नों पर मिट्टी डालकर खत्म करने का काम कांग्रेस द्वारा किया है। उन्होंने नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। साथ ही लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारी को त्वरित निस्तारण के लिए




आदेशित किया। श्री सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों से लोकसभा चुनाव में रायबरेली से कमल खिलाकर तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

राज्यमंत्री ने बीते 10 सालों में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। रायबरेली को अपना परिवार कहने वाली सांसद सोनिया गांधी परिवार ही भूल गई। राज्यमंत्री ने कहा कि मैं चुनाव हारने के बाद भी पिछले पांच वर्षो से लगातार आप लोगों के बीच रहकर हर सुख-दुख में खड़ा रहा। मैने केन्द्र व प्रदेष सरकार से अनुनय-विनय करके लगभग 500 करोड़ की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि जनपद में शायद ही ऐसा ही कोई गांव न हो जहां मैने विकास की किरण नहीं पहुंचाई। हर गांव-गली मोहल्ले को इण्टर लाकिंग, डामरीकरण व नालों से सुसज्जित न किया हो। वहीं जिसको आपने सांसद चुना वह और उनका परिवार कभी रायबरेली आना तो छोड़ों आप लोगों के दुख की घड़ी में एक फोन कॉल भी करना उचित नहीं समझा। अब चुनाव आ गया है, तो फिर से आप लोगों के साथ छलावा करने आ सकती है। आयोजित नुक्कड़ सभाओं में मनोज अवस्थी मण्डल अध्यक्ष, रविन्द्र सिंह, संजय बाजपेई प्रधान व मण्डल उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी विधान सभा प्रभारी, श्रीपाल यादव पूर्व कानून गो, आषुतोष शुक्ल पूर्व मण्डल अध्यक्ष, राजेष सिंह प्रधान, विरेन्द्र सिंह प्रधान, कमलेष बीडीसी, केके सिंह, ओम प्रकाष, रोहित सिंह, राजेन्द्र यादव, रामनरेष यादव, गणेष प्रसाद चौरसिया, भानु प्रताप पासवान, सोने लाल द्विवेदी, धमेन्द्र कुषवाहा प्रधान प्रतिनिधि, षिव कुमार यादव बीडीसी सहित दर्जनों कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मासूम बच्ची नाली के सीवर में गिरी, मौत

**रायबरेली।**गुरूबख्सगंज थाना के गांव सलारपुर निवासी अखिलेश पासी की एक वर्षी बेटी बेटू देवी अपने दरवाजे खेल रही थी जहां से नाली खुला हुआ गया था जिसके अंदर सीवर बह रहा था।मासूम बच्ची खेलते खेलते नाली की सीवर में गिर गई जिससे उसकी सीवर में डूबने से हालत गंभीर होने पर अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसको चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया।सूचना पर गुरूबख्सगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। गुरूबख्सगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मासूम बच्ची का सीवर नाली में गिरने से मौत होने के बाद उसका शव लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।वहीं इस घटना से विकास की पोल खोलने के साथ साथ सीवर के साफन होने पर गांव की सफाईकर्मचारी से लेकर ग्राम पंचायत सचिव व ब्लाक के अधिकारियों से लेकर जिले तक के विभागीय अधिकारियों को कटघरे में खड़ा कर दिया है।उधर सीडीओ ने बताया कि प्रकरण की जांच करवाया जाएगा।

# महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव सुमेराबाग निवासिनी कलावती 40वर्ष पत्नी मोहनलाल का एकाएक हालत बिगड़ने के बाद उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई जिनके मौत के बाद परिजन में रो रोकर बुरा हाल था।मृतक के घर पहुंच समाजसेवी शंकरसुवन शुक्ला ने परिजन को ढांडस बंधाते हुए आर्थिक सहायता दिया और हर संभव मदद करने के लिए आगे तैयार रहने के लिए अस्वासन दिया है।

# प्रेम प्रसंग में किशोरी व युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**रायबरेली।**प्रेम प्रसंग में किशोरी व युवक के एक साथ जहरीला पदार्थ खाने दोनो की हालत गंभीर हो गई जिसमें दोनो को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरचंदपुर से जिला अस्पताल दोनों की हालत मे सुधार न होने पर रेफर कर दिया गया था।जहां पर किशोरी की मौत हो गई जबकि युवक की हालत गंभीर होने पर उसको भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।हरचंदपुर थाना के गांव पूरे पंडित निवासिनी काजल 15वर्ष पुत्री अयोध्याप्रसाद व अयूश सिंह 21वर्ष पुत्र प्रदीप सिंह एक दूजे से प्यार करते थे और शादी करना चाहते थे जिसमें किशोरी नाबालिक होने के साथ साथ उम्र तक कम होने का हवाला देते हुए परिजन विरोध करते रहे।जिसको लेकर दोनो ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके बाद दोनो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरचंदपुर में भर्ती करवाया गया।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि दोनो जहरीला पदार्थ खाए थे दोनो की हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया था।जहां पर काजल की उपचार के दौरान मौत हो गई है जबकि युवक अयुश की हालत गंभीर होने पर उसको भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण में किशोरी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है युवक का उपचार पुलिस की मौजूदगी में किया जा रहा है।पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल जारी है।

# विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष के बेटे का संदिग्ध परिस्थितियो में अपहरण



**सलोन रायबरेली।**विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष के बेटे का संदिग्ध परिस्थितियो में अपहरण कर लिया गया।बेटे के गायब होने की खबर पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।हिन्दू नेता की तहरीर पर पुलिस ने राइस चिकवा समेत छे लोगों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा पंजीकृत किया है।कोतवाली अंतर्गत सलोन देहात निवासी संजय तिवारी विश्वहिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष है।शनिवार दोपहर से उनका लड़का निखिल तिवारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है।घटना की जानकारी होते ही परिजनों में हड़कम्प मच गया।संजय तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार दोपहर लगभग दो बजे उनका लड़का घर से सलोन जाने के लिए निकला था। लेकिन घर ना पहुचने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका सताने लगी। रिश्तेदारो और लड़के के मित्रो के यहाँ खोजबीन की की गई लेकिन कोई सुराग नही लगा।आरोप लगाया है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व पडोस के रहने वाले राजेश पटेल और विपक्षी रईस चिकवा समेत चार लोगों से जमीन सम्बन्धी विवाद को लेकर लडाई झगडा हुआ था।

जिसमें इन लोगो ने मुझे व परिवार को जान से मरवा देनेए गायब करवा देने की धमकी दी थी।वर्षो पूर्व भी इसी जमीन सम्बन्धी मामले में विवाद हो चूका है। पुरानी रंजिश के तहतए इन लोगों में मेरे लड़के का अपहरण करए गायब करबा दिया है।कोतवाली प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि वादी की तहरीर पर राइस चिकवा समेत चार लोगों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।लड़के की तलाश मे पुलिस जुटी हुई है।आरोपो की जांच भी की जा रही है।

# युवती ने फांसी लटकता पेड़ में शव मिला

**रायबरेली।** खीरो थाना के गांव मथुराखेड़ा निवासिनी चांदनी 24वर्ष पुत्री हरिश्चन्द्र शनिवार को तीन बजे दिन से अपने घर से एकाएक गायब हो गई थी।जिसके बाद उसका शव रविवार की सुबह गांव के निकट बाग के पेड़ की डाल में फांसी के फंदे से लटकता शव ग्रामीणों ने देखा।जिसके बाद पुलिस को सूचना दिया गया।मौके पर पुलिस व फारेसिंक टीम पहुंच युवती के हालातों के अनुसार साक्ष्य एकत्र किया।जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम हेतु शव को भेजा है।मृतक की शादी जिला लखनऊ के थाना निगोहां के गांव पोरहिया निवासी अनिकेश पुत्र सरवन के साथ तय थी परिजन के मुताबिक शनिवार की सुबह युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया था।जिसको लेकर युवती के परिजन ने शादी होने वाले युवक के खिलाफ नामजद तहरीर खीरो थाने में दिया है।खीरो थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

# डीईओ ने दीप जलाकर लोगों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित



**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शनिवार की सांय मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दीपोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्यारह हजार दीप जलाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप 2024 के अंतर्गत इस तरह के अनेक कार्यक्रम जनपद में चलाए जा रहे हैं जिससे की 20 मई को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदान हो सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उद्योगध्व्यापार बंधु और स्काउट गाइड के छात्रों ने विशेष योगदान दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ सांख्यिकी अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, उद्योग/व्यापार बंधु के लोग उपस्थित रहे।

# गेहूँ खरीद में कृषकों के किसी भी प्रकार की शिकायत के निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**रायबरेली।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ समर्थन मूल्य रुपये 2275.00 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष रबी विपणन वर्ष 2023-24 से रुपये 150 प्रति कुन्तल अधिक है। उन्होंने कहा है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जनपद रायबरेली में कृषक बंधुओं के सुविधा के दृष्टिगत कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 12 क्रय केन्द्र अधिक है जिसमें खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 56, पीसीयू के 20, भारतीय खाद्य निगम के 08, नैफेड के 05 एवं मण्डी परिषद के 02 क्रय केन्द्र सम्मिलित है। जिले में तहसीलों पर स्थापित क्रय केन्द्र- तहसील सदर में 33, महराजगंज 20, लालगंज 12, ऊँचाहार 16, डलमऊ 14 एवं सलोन में 28 कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित है। जनपद में 19 अप्रैल 2024 तक निर्धारित लक्ष्य 109300.00 मी0टन के सापेक्ष 336 कृषकों से 1457.25 मी0 टन की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 206 कृषकों को भुगतान प्राप्त हो चुका है। गेहूं के अवैध संचरण एवं भण्डारण पर प्रवर्तन कार्य कराये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा तहसीलवार उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, वाणिज्य कर अधिकारी एवं बाट-माप निरीक्षक सदस्य नामित किये गये हैं। इस कमेटी के आवश्यकतानुसार सहयोग हेतु समस्त मंडी सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति को निर्देशित किया गया है कि जनपद में फ्लोर मिल व थोक व्यापारियों के यहां छापेमारी कर गेहूं भण्डारण की जांच करने एवं सम्बन्धित अभिलेखध्प्रपत्रों में पायी गयी अनियमितता पर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा व्यापारियों, समस्त मंडी सचिव, गेहूं क्रय योजना के जिला स्तरीय अधिकारियों, क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों की संयुक्त बैठक में निर्देश दिये गये कि अधिक से अधिक कृषकों से वार्ता करते हुए उनका पंजीकरण करायें तथा उन्हें अपनी उपज राजकीय केन्द्रों पर विक्रय करने हेतु प्रेरित करें। गेहूं क्रय केन्द्र अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे।जनपद में गेहूं खरीद में कृषकों के किसी भी प्रकार की शिकायत के निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। कृषक अपनी गेहूं खरीद सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या हेतु प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक एवं अवकाश के दिनों में 10:00 बजे से 01:00 बजे तक दूरभाष संख्या 0535-2975003 पर सम्पर्क कर सकते हैं। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ खरीद में 100.00 कुंटल तक की गेहूँ की मात्रा के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। आगामी खरीद सत्र में बटाईदारों के माध्यम से भी गेहूँ खरीद की जा रही है। कृषक बंधुओं को छनाई-उतराई हेतु लेबर चार्ज रुपये 20.00 प्रति कुन्तल अतिरिक्त उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया जायेगा।रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना आवश्यक है।

# चोरी के आरोपी दो वांछित गिरफ्तार

## दो वारंटी भी अरेस्ट,थाना कोराव पुलिस की कार्यवाही से हड़कंप



**कोरांव(प्रयागराज)।** थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार भारती की सक्रियता और पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी केस में निरुद्ध दो मुलजिम हरिपाल सिंह पुत्र छोटेलाल सिंह,और अंकित सिंह पुत्र हरिपाल सिंह ग्राम बड़ोखर को मुकद्दमा अपराध संख्या 83/2024 धारा 379आईपीसी में चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

ज्ञात हो कि हरिपाल सिंह पर क्राइम नंबर 86/2024 धारा 4/5, विस्फोटक एक्ट,में गिरफ्तार किया गया। इन पर दर्जनों मुकदमे पूर्व में भी थाना कोरांव में दर्ज है जिसका आपराधिक इतिहास रहा है।

इसी तरह कोराब पुलिस ने वारंटी मंगला प्रसाद पुत्र शंकर लाल कोराव कस्बा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी कार्यवाही में दरोगा प्रदीप कुमार अस्थाना, हेड सिपाही विजय शंकर यादव,और सिपाही चंद्र शेखर यादव थाना कोराव प्रयागराज शामिल रहे।

# रंग कर्म के विभिन्न आयामों पर वृहद चर्चा

## भारतीय रंगमंच के उत्थान में रंग संस्थाओं की भूमिका विषयक संगोष्ठी का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** आज स्वर्ग रंगमंडल के कार्यालय में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं ग्रो फंड के सहयोग से शहर की प्रतिष्ठित 50 रंग संस्थाओं के संस्था प्रमुखों की उपस्थिति में ÷भारतीय रंगमंच के उत्थान में रंग संस्थाओं की भूमिका÷ विषय पर एक संगोष्ठी एवं पर चर्चा आयोजित की गई।संगोष्ठी के आधार वक्तव को स्वर्ण रंगमंडल के निदेशक अतुल यदुवंशी ने प्रस्तुत करते हुए सभी का स्वागत किया।

परिचर्चा की अध्यक्षता अभिनव रंगमंडल के निदेशक शैलेश श्रीवास्तव ने की साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में बैकस्टेज के प्रवीण शेखर ने अपने विचारों से सबको समृद्ध किया।युवा रंगकर्मी और राष्ट्रीय नाटक विद्यालय स्नातक असगर अली ने सर्वप्रथम वक्तव्य रखते हुए रंग संस्था के रूपरेखा और उसकी आवश्यकता के साथ एक संस्था के निर्माण और सतत क्रियाशील रहने पर बल दिया साथ ही रंगमंच में आधुनिक संसाधनों यथा थिएटर, लाइट प्रोशेनियम थिएटर की जानकारी और समझ को उन्नत करने को रेखांकित किया।

संगोष्ठी में गोल्डन अवेक संस्था के निदेशक जुबेर मुस्ताक, तेजिंदर सिंह, नाजिम अंसारी, द थर्ड बिल के निदेशक आलोक नायर, अजय मुखर्जी, मधु शुक्ला और डॉ. श्लेष गौतम ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रवीण शेखर ने संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के तौर पर ऐसे संवादों की उपादेयता और सार्थकता पर प्रकाश डाला और रंगकर्मियों की सोच और समझ को सुदृढ़ करने के लिए उनकी क्षमता वृद्धि पर जोड़ दिया।

सेमिनार के अध्यक्ष के रूप में शैलेश श्रीवास्तव ने लगभग चार दर्जन संस्थाओं के एकत्रित होने पर हर्ष व्यक्त किया और नए कथानक तथा नए समय को दर्ज करने वाले और अपने सरोकारों से जुड़ने वाले नाटकों को करने की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि दर्शक नाटक का अभिन्न अंग है और रंग संस्था को अपने दर्शक बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

उक्त गोष्ठी में डॉ. उमा दीक्षित, पंकज गौड़ , सचिन चंद्र, सिद्धार्थ पाल, कृष्ण कुमार मौर्य, राकेश वर्मा, विनय श्रीवास्तव, सनी कुमार, गुप्ता, तेजेंद्र सिंह, मिताली शर्मा ,ज्ञान यादव प्रिया मिश्रा देशराज पटेरिया, मेवा लाल बिंद, दीपचंद प्रजापति, संजू साहू, रमेश कश्यप, कमलेश चंद्र यादव, गुलाब चंद्र मौर्य, अजीत बहादुर, श्यामलाल राजबली, अजय मुखर्जी, अजय केसरी, अनीश, जमील वरुण कुमार, रितिक अवस्थी, उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संस्था स्वर्ग रंगमंडल के सहयोगी संस्था के रूप में समर्पित संस्था, इंडियन फोक एंड मॉडर्न आर्ट अकादमी तथा स्नेह आर्ट एन्ड कल्चर सोसायटी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सार्थक योगदान किया।

# मां शारदा विद्या मंदिर इंका के छात्र छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी (प्रयागराज)।** मां शारदा विद्या मंदिर इंटर कालेज नैनी के छात्र छात्राओं ने इस वर्ष की इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के साथ कालेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया। बच्चो की सफलता पर स्कूल प्रबंधक परमात्मा कुंवर सिंह, श्री मती विभा सिंह और प्रधानाचार्य कृष्ण राज सिंह ने बधाई दी है।

# पीएन पब्लिक इंटर कालेज के बच्चों ने यू पी बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन





**नैनी(प्रयागराज)।** पीएन पब्लिक इंटर कालेज आनंद नगर नैनी के छात्र छात्राओं ने हाई स्कूल एवम इंटरमीडिएट की परीक्षा में अच्छी सफलता के साथ स्कूल क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया। बच्चो की सफलता पर स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने बधाई दी है।

# एसडीएम के आदेश पर ऊसर खाते की जमीन पर अवैध कब्जा करने पर वाले पर मुकदमा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** बहरिया थाना क्षेत्र के चक अमान उल्ला उर्फ चक मूदन निवासी राम मूरत पुत्र स्व जीत लाल ने ग्राम सभा की ऊसर खाते की जमीन 65 मि0 के कुछ हिस्से पर गेहूं की फसल बो रखा है और मना करने के बावजूद भी राम सिंह द्वारा गेहूं का फसल को काट लिया गया। जिसकी शिकायत होने पर लेखपाल शिवकुमार द्वारा स्थलीय एवं अभिलेखी निरीक्षण करने के बाद उप जिला अधिकारी फूलपुर को रिपोर्ट प्रेषित करने के बाद उप जिला अधिकारी फूलपुर ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 धारा 3/5 में



मुकदमा बहरिया थाने में पंजीकृत करने के लिए आदेश दिया। जिस आदेश का अनुपालन करते हुए राजस्व निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद तथा लेखपाल शिवकुमार ने बहरिया थाने में उप जिला अधिकारी फूलपुर के आदेश की कापी देते हुए चक अमान उल्ला उर्फ चक मूदन निवासी राम मूरत पुत्र स्व जीत लाल के ऊपर बहरिया थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया हैं।

# बी पी सिंह बालिका हाई स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**नैनी(प्रयागराज)।** श्री बीपी सिंह बालिका हाई स्कूल नैनी के छात्र छात्राओं का यू पी बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की। बच्चो की सफलता पर स्कूल के प्रबधक एवम प्रधानाचार्य ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# कमला स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**नैनी(प्रयागराज)।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में कमला स्मारक इंटर कॉलेज बलापुर का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा 7 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यालय के प्रबंधक अनिल विश्वकर्मा ने विगत 20 वर्षो से इस सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व और सभी अध्यापकों की कड़ी मेहनत और लगन को दिया जिसके कारण विद्यालय से निकलकर छात्र, छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में सफल होकर विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन कर रहे हैं 7 विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं आईआईटी एवं नीट जैसी सर्वोच्च परीक्षा में सफल होते हैं। पिछले वर्ष विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा राखी गुप्ता ने जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया था तथा विद्यालय की ही छात्रा भावना शर्मा ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी सेवा-न्यायमूर्ति चौहान

## मां शारदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के बच्चों को मुख्य अतिथि ने दिए कई टिप्स






**प्रयागराज।** न्यायमूर्ति श्रीमती मंजू रानी चौहान ने कहा है कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह सेवा को अपना सबसे बड़ा कर्म और धर्म समझे। पैरा मेडिकल स्टॉफ पर यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि एक तरह से वे चिकित्सक के नाक, कान और हाथ-पैर होते हैं। इस पेशे से जुड़े लोग जब सेवा के बजाय पैसे को अपना धर्म समझने लगते हैं तो न सिर्फ इंसानियत खत्म हो जाती है बल्कि पेशा भी बदनाम हो जाता है।

श्रीमती चौहान रविवार को गौहनिया स्थित मां शारदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के लैंप लाइटिंग एंड ओथ टेकिंग सेरीमनी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कॉलेज की व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ की। कहाकि यहां जो माहौल है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि यहां से निकलने वाले बच्चे निश्चित रूप से कॉलेज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहाकि अगर आपमें प्रतिभा है तो आप बेरोजगार नहीं रहेंगे। इसलिए सभी बच्चे मन लगाकर ज्ञान हासिल करें। आयुर्वेदिक कॉलेज हंडिया के पूर्व प्राचार्य डॉ. जीएस तोमर ने कहाकि डॉक्टर और नर्सेज का काम सेवा का है। कोरोना काल में इसे उन्होंने साबित किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह ने कहाकि ज्ञान और सेवा बहुत जरूरी है। ज्ञान बड़ी चीज है। यहां पढने वाले बच्चों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे किसी परिवार की मुस्कराहट का कारण बनें। विधान परिषद सदस्य डॉ. केपी श्रीवास्तव ने कहाकि यहां से निकलने वाले बच्चों को यह तय करना है कि वे डॉक्टर नहीं बल्कि डॉक्टर के निर्देश पर उन्हें काम करना है। यह शिक्षा पैसा कमाने का नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम को प्रयागराज के सीएमओ डॉ. आशु पांडेय, चित्रकूट के सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, संयुक्त चिकित्सा निदेशक डॉ. विवेक मिश्रा, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डा. वत्सला मिश्रा, डॉ. बीबी अग्रवाल, डॉ. कमल सिंह आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व पैरामेडिकल स्टाफ (जीएनएम, एएनएन और बीएससी नर्सिंग सेकेंड बैच के विद्यार्थियों) ने लैंप लाइटिंग के साथ सेवा की शपथ ली।

कॉलेज की निदेशक श्रीमती प्रीती अग्रवाल और डॉ. आरके अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया। निदेशक द्वय ने आश्वासन दिया कि उनकी कोशिश होगी कि यहां से निकलने वाले बच्चे पूरे देश में कॉलेज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात पैरामेडिकल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉ. मुरारी वर्मा, डॉ. एनके अग्रवाल, डॉ. भगवत पांडेय, डॉ. नीता साहू, डॉ. सविता अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक और कॉलेज के छात्र मौजूद रहे।

# श्रीमती डीसिंह कालेज के बच्चों ने लहराया बोर्ड परीक्षा में परचम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** श्री मती डीसिंह सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज नैनी के छात्र छात्राओं का यू पी बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की। बच्चो की सफलता पर स्कूल के प्रबधक एवम प्रधानाचार्य ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# अंकुश ने हाई स्कूल परीक्षा में पाया 81 प्रतिशत अंक

**नैनी (प्रयागराज)।** नैनी के नंदन तालाब अरैल निवासी अंकुश श्रीवास्तव पुत्र संजय श्रीवास्तव संगम मॉडर्न स्कूल नैनी में हाई स्कूल का छात्र है इस वर्ष उसने बोर्ड की परीक्षा दी जिसमे अंकुश ने 81प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा पास की। अंकुश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष व पूर्व कनिष्क ब्लाक प्रमुख संजय श्रीवास्तव का पुत्र है।



# पंचायत भवन रहता है बंद, घर बैठे मानदेय ले रहे पंचायत सहायक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव के अधिकतर सचिवालय की स्थिति ठीक नहीं है । अधिकांश पंचायत भवन बंद रहते है । इससे ग्रामीणों की समस्याओं को निराकरण नहीं हो पा रहा है । जरूरतमंदों को ब्लाक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है ।पंचायत सहायक के रूप में तैनात कर्मी पंचायत भवन में नहीं बैठते हैं । कागज पर लगभग सभी ग्राम सभाओं में पंचायत सहायकों की तैनाती कर दी गई है । कार्य करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है । ग्राम पंचायत नीबी , बघोल , करपिया , देईबांध के पंचायत भवन में ताला लगा मिला । ग्राम पंचायत धोबहट में वर्ष 2010 मायावती सरकार में 12 लाख रुपये की लागत से बनाया गया सामुदायिक वैवाहिक भवन पंचायत भवन के रूप में प्रयोग किया जा रहा है । ग्राम प्रधान ने बताया कि हमारे यहाँ पंचायत भवन का कोई भवन न होने से वैवाहिक भवन में चल रहा है । जबकि इस संबंध में कई बार शिर्ष अधिकारियों को अवगत कराया गया है । फिलहाल अभी तक धन उपलब्ध न होने से नहीं बन पाया । ग्राम पंचायत बघोल का पंचायत भवन ब्लाक मुख्यालय से 22 किलोमिटर दूर पर है । यह भी अक्सर बंद रहता है । पंचायत भवन नीबी, डीही खुर्द में पंचायत भवन जरूर बना दिया गया है । बाउंड्रीवाल सहित अन्य कार्य अधूरे पड़े है । एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि नीबी, डीही खुर्द , बघोल में भवन बना है । बाउंड्रीवाल नहीं भी है तो कोई समस्या नहीं है । अगर पंचायत सचिव न आने पर जांच कर कार्यवाई की जायेंगी ।

# पूर्व प्रधान ने उठाया गरीब बेटी की शादी का जिम्मा, किया कन्यादान

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** आज के युग में जहां लोग अपनों की शादी में सहयोग करने से बचते हैं वहीं गांव के पूर्व प्रधान ने एक गरीब बेटी की शादी का खर्च का जिम्मा उठाया।कन्यादान कर समाज में एक मिसाल पेश की ।



खीरी में ओबरी गांव की पूर्व प्रधान सुषमा सिंह पत्नी दिनेश प्रताप सिंह (मुन्ना सिंह) ने गांव के एक कहार परिवार की बेटी शिल्पा की शादी फुल तारा गांव में एक युवक के साथ कराई। लड़की की माता रन्नो देवी व पिता मिठाई लाल वर्मा ने सुषमा सिंह व मुन्ना सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम लोग इतना सोच भी नहीं सकते थे कि मेरी बेटी की शादी इतने धूमधाम से होगी। पूर्व प्रधान सुषमा सिंह ने बताया कि बेटी की विदाई तथा धूमधाम से आई बारात के लिए जो भी तैयारी होती हैं उसमें कोई कमी नहीं की गई लड़के के लिए सोने की चैन,अंगूठी लड़की के लिए सोने का झाला, नाक की नथिया, पायल,छागल, मंगलसूत्र अंगूठी माथबेदी आदि जेवरात दिए। सुषमा सिंह ने कहा कि शिल्पा को मैं अपनी बेटी की तरह शुरू से ही मानती थी । और मेरी कोई बेटी ना होने के कारण हम इसको स्वयं अपनी बेटी ही माना है।

# विकसित भारत के लिए मोदी हैं जरूरी-नीरज त्रिपाठी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव (प्रयागराज)।** भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने रविवार को कोरांव के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता से अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान बसहरा, जोकहाई, बभन पट्टी, सेमरी बाघराय, के साथ नगर पंचायत के गोविंद नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए नीरज त्रिपाठी ने कहा की मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा की मेरे पिताजी स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी ने हमेशा सिद्धांतो की राजनीति की उन्होंने राजनीति का व्यापारीकरण नही किया उनके पदचिह्नों पर चलकर आम जनता की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य है प्रयागराज के सर्वांगीण विकास और भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। इस दौरान उनके साथ विधायक कोरांव राजमणि कोल, नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुधाकर पांडेय, विधानसभा संयोजक राकेश पांडेय ने आए हुए लोगो व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह वर्धन किया। इसके उपरांत भाजपा प्रत्याशी ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के पौत्र कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह से मुलाकात कर चुनाव में उनका समर्थन प्राप्त किया।

इस दौरान उनके साथ जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी, तुलसी दास राणा, राम नवल सिंह पटेल, सुमित पांडेय, घनश्याम सोनी सहित पार्टी के सभी मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदेश में सातवां और जिले में दूसरा स्थान लाकर स्वाति ने बढ़ाया क्षेत्र का नाम

**खीरी (प्रयागराज)।** वर्तमान वर्ष का यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम जमुनापार के दक्षिणांचल क्षेत्र के लिए बहुत ही सुखदाई एवं प्रशंसनीय रहा। बताते चलें कि खीरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खरका खास के मूल निवासी रामगोपाल मिश्रा की पुत्री स्वाति मिश्रा द्वारा इंटरमीडिएट साइंस साइड इंग्लिश मीडियम यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश में सातवां एवं जिला प्रयागराज में दूसरा स्थान प्राप्त कर समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्वाती मिश्रा की सफलता की सूचना समूचे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई ।देर शाम तक बधाई देने वालो का तांता लगा रहा ।वहीं दूसरी तरफ बिटिया के इस उपलब्धि पर माता-पिता एवं परिजन फूले नहीं समा रहे हैं। पिता रामगोपाल मिश्रा द्वारा बतलाया गया कि बिटिया शुरू से ही पढ़ने में बहुत दक्ष थी जिसके लिए समूचे परिवार ने मिलकर यह निर्णय लिया था कि चाहे जो हो जाए बिटिया को शिक्षा प्राप्ति में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए ।इसी क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओंकारनाथ केसरी द्वारा ज्योती मिश्रा को बधाई दी गई और साथ ही साथ बिटिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई ।आगे बतलाया गया कि आज का यह बहुमूल्य समय हमारे और हमारे क्षेत्र के लिए बहुत ही गौरव वाला क्षण है।बहुत ही तेजी से हमारे क्षेत्र के बच्चे और बच्चियां विभिन्न क्षेत्र में सफलता का परचम फहरा रहे हैं जो की आने वाले समय के लिए संपूर्ण दक्षिणांचल के लिए सुखदाई एवं लाभप्रद होगा और अंत में समूचे प्रदेश भर के उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को बधाई दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या


**लोकमित्र ब्यूरो**

**घूरपुर (प्रयागराज)-** क्षेत्र के चौकठा गांव निवासी श्याम बहादुर कोटार्य उम्र 42 वर्ष 3 दिन से लापता थे। पूरा परिवार उनके खोज दिन में लगा हुआ था। उनके बड़े भाई शिव बहादुर कोठारी इरादतगंज से परेड ग्राउंड रोड पर डिस्पेंसरी चलते हैं। ठीक उनके बगल में श्याम बहादुर कोटर का कमरा है। जिसमें से आज भीषण दुर्गंध उठने लगी तो उसे बहादुर को शक हुआ उन्होंने पुलिस को फोन किया पुलिस के पहुंचने पर शूटर उठाया गया तो श्याम बहादुर फांसी पर लटकता हुआ मिला। पुलिस ने लाश को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। श्याम बहादुर कोटार्य की पत्नी मंजू कोटार्य आशा बहू हैं दो लड़का एक लड़की जो सभी एक नाबालिक हैं। गांव से किलोमीटर दूर रोड पर इनका कमरा है। खबर पाकर बीवी बच्चे रोते भी लगता घटनास्थल पर पहुंचे। श्याम बहादुर तीन भाइयों में बीच का है

# हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि की सिंचाई के लिए राजकीय नलकूप ही नहीं

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** क्षेत्र के गड़री, किहुंनी, महुली, लेड़ियारी गांव स्थित हजारों एकड़ से अधिक उपजाऊ भूमि में खेती करने वाले किसानों के फसलों की सिंचाई के लिए कोई राजकीय नलकूप न होने से क्षेत्रीय किसानों को परेशानी हो रही हैं ।विकास खंड कोरांव के लेड़ियारी, गड़री, किहुंनी कला, किहुंनी खुर्द, गांव के किसान सब्जी सहित विभिन्न प्रकार के अन्य फसलों का उत्पादन करते हैं । लेकिन बोई गई फसलों की सिंचाई के लिए एक भी सरकारी नलकूप न होने से किसान डीजल पंप सेट या समरसेबुल के माध्यम से सिंचाई करने के लिए विवश है । क्योंकि बिजली न रहने से समय-समय पर खेतों में पानी न मिलने पर कीमती बीज भी नुकसान हो जाता है । इन दिनो साधनों से फसलों की सिंचाई करना किसानों को मंहगा साबित होता है । क्षेत्र के किसान विनोद कुमार दुबे, संतोष कुमार द्विवेदी , सुनील कुमार कुशवाहा , तेज बहादुर सिंह, सत्य प्रकाश सिंह , आशीष कुमार मिश्रा , गौरव द्विवेदी, शांति प्रसाद सिंह पटेल, विष्णु प्रताप सिंह, राम बली बिंद, शंकर दयाल तिवारी, राकेश कुमार कुशवाहा, सुशील सिंह , राजेन्द्र प्रसाद केशरी, श्याम नारायण बिंद ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से किसानों के फसलों की सिंचाई के लिए सुविधाजनक राजकीय नलकूप लगाए जाने की मांग की है ।

# कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला किया - नरेन्द्र मोदी



**जालोर, (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जालोर के भीनमाल में पार्टी प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में चुनावी जनसभा की। इस दौरान तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है कि वह दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जालोर आना, हम गुजरात वालों को लगता है, अपने घर आ गए हैं। पार्टी संगठन का काम करता था तब भी और गुजरात में मुख्यमंत्री था तब भी अनेक बार आप सबके बीच आने का मुझे अवसर मिला है। कई परिवारों से भी मेरा परिचय रहा है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस को उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले कट गई है। कहने को तो गठबंधन है, लेकिन अब हालत देखिए। कई राज्य हैं, जहां ये गठबंधन वाले ही आपस में ही लड़ रहे हैं। इस लोकसभा के चुनाव में देश में 25 प्रतिशत सीटें ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक-दूसरे को मारने-काटने में लगे हैं। कांग्रेस की कभी नीयत ही नहीं रही कि किसानों, यहां के लोगों को पानी मिले। इसका एक उदाहरण है सालगांव बांध परियोजना, ये परियोजना साढ़े चार दशक पहले तब बनी थी, जब हर जगह कांग्रेस ही कांग्रेस थी, लेकिन यह योजना कभी पूरी नहीं हुई। अगर यह बांध समय पर बनता तो 30 लाख रुपये से कम में ही बन जाती है। आज इसकी लागत ढाई सौ करोड़ तक पहुंच गई है। अब भाजपा सरकार इसे तेजी से पूरा करने में जुटी है। आपके इस सेवक ने किसान के हर खेत और हर बहन के घर तक पानी पहुंचाना अपना मिशन बनाया। इतिहास में पहली बार जल जीवन मिशन जैसा कार्यक्रम चल रहा है। सिर्फ पांच वर्ष में ही देश में 11 करोड़ से अधिक नए परिवारों को नल से जल दिया जा चुका है।प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी है, आपका सपना ही मेरा संकल्प है। मेरा पल-पल आपके नाम। मेरा पल-पल देश के नाम। शुरुआती इलाज के लिए आपको दूर न जाना पड़े, इसके लिए राजस्थान में 10 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। सिरोह में मेडिकल कॉलेज बनने से बहुत फायदा हुआ है। जालोर में भी मेडिकल कॉलेज बनकर जल्द तैयार होगा। मोदी का मिशन है आने वाले दिनों में ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज बने।मोदी ने कहा कि मकानविहीन लोगों को गारंटी दे देना कि मोदी तीसरी बार आएगा घर पक्का मिलेगा। मेरी बात पर भरोसा करना, मेरे लिए तो आप ही मोदी हैं आप बोलकर आ जाइए, मोदी इसको पूरा करेगा।

आप ये भी कह देना माताओं-बहनों को, जो तीन करोड़ मैं नए घर बनाने वाला हूं न, उनमें उनका नंबर लगेगा ही लगेगा और उस परिवार की माताओं बहनों को कहना कि मोदी जो घर देगा न, वो उस मां और बहन के नाम पर देगा। मैं भी आप ही की तरह सामान्य परिवार से आया हूं। मैंने भी परिवार में देखा न बिजली होती थी न पानी होता था, घर में रसोई का चूल्हा धुएं से भर जाता था। बचपन ऐसे ही बिताकर आया हूं, लेकिन जब आज यहां पहुंचा हूं तो मेरे दिल में यही रहता है कि बचपन में जो कठिनाई अपनी मां को भुगतते देखता था।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर की सजा दी है, उनको बराबर का सबक सिखाया है। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश में 2014 से पहले के हालात वापस नहीं होने चाहिए। हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को धमकाते थे। हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। आपने हर बार भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है तो इस बार भी जालोर-सिरोही यही कह रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार। सभा के दौरान प्रधानमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी को वोट देने की अपील की। जनसभा में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत भाजपा के कई नेता मौजूद थे।

## विकसित भारत के लिए मतदाता मोदी सरकार को दोबारा सत्ता में लाएंगे - नड्डा

**मुंबई, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को बुलढाणा जिले में कहा कि विकसित भारत के लिए मतदाता मोदी सरकार को वापस सत्ता में लाएंगे। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने गरीबों और वंचितों के जीवन को बदल दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों गरीबों का अपने घर का सपना पूरा हुआ है।बुलडाणा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा नीत एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 4 करोड़ लोगों को घर मिल चुका है। मोदी सरकार ने इस योजना के तहत अन्य 3 करोड़ लोगों को घर मुहैया कराने का संकल्प लिया है। दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को पानी लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी लेकिन मोदी सरकार की हर घर जल योजना से 11 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी पहुंचाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से 55 करोड़ कामकाजी, गरीब, वंचित लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलना शुरू हो गया है। अपने 10 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने हर योजना गरीब, वंचित और शोषित वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई है। कांग्रेस ने अब तक गरीबों को केवल वादे ही दिये हैं लेकिन मोदी सरकार ने विकास योजनाओं का लाभ सीधे शोषित, वंचित और गरीब वर्ग तक पहुंचाया है।नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से बढ़कर 5वें स्थान पर पहुंच गयी है। मोदी सरकार का संकल्प अगले 3 साल में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे नेटवर्क का निर्माण किया जा रहा है। महाराष्ट्र में अटल सेतु, समृद्धि हाईवे, शक्तिपीठ हाईवे जैसी परियोजनाएं शुरू की गई हैं।



## पीएम मोदी देश से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया - अमित शाह

**कटिहार,(हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कटिहार में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी देश से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया है।राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के साथ बिहार को भी विकसित करने का काम किया। केन्द्र में 2014 से 2024 तक दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को 09 लाख 80 हजार करोड़ रुपये प्रदेश के विकास के लिए देने का काम किया। इसके अलावे मोदी ने 04 लाख करोड़ रुपये सड़क और पूल, एक लाख करोड़ रुपये रेलवे के विकास के लिए, दो हजार करोड़ रुपये एयरपोर्ट के उत्थान के लिए देने का काम किया।अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय, 04 हजार करोड़ पक्का घर गरीब को दिया, 10 लाख महिलाओं को धुंआ से मुक्ति के लिए उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, 14 हजार घरों में नल का जल सहित कई जनहित में लोगों के लिए बीते 10 साल में काम किया।



जबकि 2014 से पहले 10 साल में कांग्रेस और लालू की सरकार ने बिहार को मात्र 02 लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिया।गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया। जबकि आज लालू और कांग्रेस पार्टी एक होकर भाजपा और नीतीश कुमार के खिलाफ चुनाव लड़कर बिहार में जंगलराज दुबारा लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि लालू के लालटेन और कांग्रेस की पंजा के साथ खड़ा होने वाले देश में दंगा, अत्याचार, अन्याय, गरीबी और भुखमरी लाना चाहती है। जबकि भाजपा का कमल और जदयू के तीर की सरकार बिहार को आगे बढ़ाते हुए खुशहाली लाने का काम कर रही है।

## ईडी ने शराब 'घोटाला' मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी टुटेजा को गिरफ्तार किया

**रायपुर,एजेंसियॉं।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में 2,000 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने 2003 बैच के अधिकारी को शनिवार को रायपुर स्थित आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू)/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के कार्यालय से हिरासत में लिया, जहां वह और उनके बेटे यश टुटेजा इसी मामले में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे। ईडी ने उन्हें जांच में शामिल होने और अपने बयान दर्ज कराने के लिए ईओडब्ल्यू/एसीबी कार्यालय में तलब किया था, जिसके बाद उन्हें यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में ले जाया गया। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी से पूछताछ की गई और बाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के बाद यश टुटेजा को जाने दिया गया। सूत्रों ने बताया कि आईएएस अधिकारी को रिमांड पर लेने के लिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने की संभावना है।



अनिल टुटेजा पिछले साल प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। उच्चतम न्यायालय ने आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित ईडी की प्राथमिकी को हाल में रद्द कर दिया था जिसके बाद संघीय एजेंसी ने कथित शराब घोटाला मामले में धनशोधन का एक नया मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने मामले में अपनी जांच का विवरण राज्य ईओडब्ल्यू/एसीबी के साथ साझा किया था और आपराधिक मामला दर्ज करने का अनुरोध किया था। राज्य ईओडब्ल्यू/एसीबी द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने उस शिकायत का संज्ञान लेते हुए धनशोधन का एक नया मामला दर्ज किया। ईओडब्ल्यू/एसीबी ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा कांग्रेस को हराए जाने के लगभग एक महीने बाद 17 जनवरी को यह प्राथमिकी दर्ज की थी और पूर्व मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड और अन्य सहित 70 व्यक्तियों तथा कंपनियों को इसमें नामजद किया था। ईडी ने अपराध से अर्जित आय लगभग 2,161 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया था। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ में बेची गई शराब की ''हर'' बोतल से ''अवैध'' धन एकत्र किया गया था और रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर के नेतृत्व वाले शराब सिंडिकेट द्वारा कमाए गए 2,000 करोड़ रुपये के धनशोधन तथा ''अप्रत्याशित'' भ्रष्टाचार के सबूत मिले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा था कि यह कदम राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा था कि पिछले तीन वर्षों से, ईडी और आयकर विभाग मामलों की जांच कर रहे थे तथा अब उन्होंने एसीबी को अपराध दर्ज करने की सिफारिश की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था, ''पहले हमारी पार्टी के कई नेताओं के नाम जांच में सामने नहीं आए थे, लेकिन अब उनके नाम (ईओडब्ल्यू/एसीबी की) प्राथमिकी में दर्ज किए गए हैं। यह लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें बदनाम करने के लिए किया गया है।...।'' मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा था, ''ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है और वह अपना काम करती रही है। इसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है।

## चुनाव बाद फिर मराठा समाज को ओबीसी कोटे से आरक्षण दिलाने का आंदोलन करेंगे जारांगे

**मुंबई, (हि.स.)।** मराठा नेता मनोज जारांगे ने कहा कि लोकसभा चुनाव की वजह से उनका मराठा आरक्षण संघर्ष थोड़ा सुस्त हो गया है, लेकिन चुनाव बाद वे फिर से मराठा समाज को ओबीसी कोटे से आरक्षण दिलाने के लिए आंदोलन करेंगे।मनोज जारांगे ने रविवार को परभणि में पत्रकारों से कहा कि इस लोकसभा चुनाव में मराठा आरक्षण का मुद्दा पीछे छूट गया है। इस चुनाव में कई राजनीतिक दलों ने मुझसे लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने की अपील की थी। अगर मैं लोकसभा चुनाव में खड़ा होता तो भारी मतों से निर्वाचित होता लेकिन मैं मराठा समुदाय को न्याय दिलाना चाहता हूं। इसलिए मैं मूल प्रश्न से नहीं भटकूंगा।आरक्षण के मुद्दे पर जारांगे ने कहा कि मराठा समुदाय ओबीसी में आरक्षण की मांग कर रहा है, लेकिन तमाम ओबीसी नेता मराठा समुदाय को ओबीसी में शामिल न किए जाने का विरोध कर रहे हैं।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के मुंबई आने के बारे में फर्जी कॉल करने वाला कल्याण शहर से गिरफ्तार



**मुंबई, (हि.स.)।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के दादर स्टेशन पर आने के बारे में मुंबई के कई पुलिस स्टेशनों में फर्जी कॉल करने वाले चंद्रशेखर वामने (32) को मुंबई से सटे कल्याण शहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले की गहन छानबीन मुंबई पुलिस की टीम कर रही है।पुलिस के अनुसार मुंबई के विभिन्न पुलिस स्टेशनों को कई फर्जी कॉल करके चंद्रशेखर वामने (32) ने बताया था कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई दादर स्टेशन पर ट्रेन से आ रहा है। मुंबई पुलिस की टीम फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने 14 अप्रैल को सुबह हुई हवाई फायरिंग के बाद गहन छानबीन कर रही है। पुलिस ने दादर में निगरानी के लिए टीम नियुक्त की और फर्जी कॉल करने वाले शख्स की भी तलाश शुरू कर दी।स्टेशन परिसर में सब कुछ स्कैन करने के बाद पुलिस को पता चला कि यह एक फर्जी कॉल थी। बाद में पुलिस ने कॉल करने वाले की पहचान की, जिसकी लोकेशन कल्याण में पाई गई। इसके बाद पुलिस ने कल्याण के वालधुनी इलाके से चंद्रशेखर वामने को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक छानबीन में पता चला है कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई है, इसी वजह से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस उसके गैंगस्टर लॉरेंस से संबंधों के साथ हर ऐंगल से छानबीन कर रही है।

## सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत



**झालावाड़,(हि.स.)।** झालावाड़ जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। ट्राले से वैन की टक्कर हो गई जिससे वैन सवार लोगों की मौत हो गई। वैन सवार लोग मध्यप्रदेश के खिलचीपुर के पास डूंगरी से विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।अकलेरा थाना प्रभारी संदीप बिश्नोई के अनुसार हादसा थाने से करीब 5 किलोमीटर दूर भोपाल मार्ग पर शनिवार-रविवार मध्य रात्रि करीब ढाई बजे हुआ। हादसे में वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वैन में फंसे घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया।

## भाजपा नेता अमित मालवीय के खिलाफ कोलकाता में एफआईआर

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता जिले के गरियाहाट पुलिस थाने में भाजपा नेता अमित मालवीय के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई है। ममता सरकार की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने शनिवार को मालवीय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। भट्टाचार्य का आरोप है कि मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की।अमित मालवीय पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी एवं पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख हैं। भट्टाचार्य के मुताबिक अमित मालवीय ने विगत शुक्रवार शाम 4=17 बजे सोशल मीडिया पर दावा किया था कि ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था, जबकि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। चंद्रिमा ने रविवार को कहा कि अमित मालवीय का मकसद बंगाल में नफरत फैलाना है। इस पर फिलहाल भाजपा नेता ने कोई टिप्पणी नहीं की है। मालवीय के खिलाफ आईपीसी की धारा 500, 504 और 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है।उल्लेखनीय है कि एक चुनावी जनसभा में बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ असंसदीय और गाली में इस्तेमाल होने वाले शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि बाद में उन्होंने इसे वापस ले लिया था। बावजूद इसके चंद्रिमा ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री बनर्जी ने ऐसा कुछ नहीं कहा था।




## गुवाहाटी में पुलिस पर हमला मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा समेत दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी, (हि.स.)।** गुवाहाटी में पुलिस अधिकारी पर हमला करने के मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा और मयूरी गौतम को रविवार को गिरफ्तार किया गया है।दरअसल, रविवार की सुबह गुवाहाटी के बसिष्ठ थाना क्षेत्र के एक बार में एक पुलिस अधिकारी पर बेरहमी से हमला किए जाने का आरोप लगा था। बताया गया कि प्रदीप बसुमतारी नामक पुलिस अधिकारी और ईसीएचओ स्थानीय बार के कर्मचारियों के बीच टकराव हुआ। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि पुलिस अधिकारी बसुमतारी के साथ पहले कहासुनी हुई। फिर मारपीट में बदल गयी। जिसके परिणामस्वरूप बसुमतारी की जमकर पिटाई की गई। बसुमतारी ने आरोप लगाया कि उस पर डीजल डालकर जलाने का भी प्रयास किया गया। इस मामले में अभिनेत्री कोरोबी शर्मा और मयूरी गौतम को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । मामले की जांच चल रही है।



## बंगाल में गुंडे-बदमाशों को हौसले बुलंद और शरीफ लोग डरे हुए हैं-राजनाथ

**कोलकाता, (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अराजकता का माहौल है। देश में पश्चिम बंगाल अपने अपराध के लिए जाना जा रहा है और सांप्रदायिकता के लिए इसके चर्चे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां गुंडे, बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। शरीफ लोग डरे हुए हैं।राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ ने प्रदेश की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां एक महिला मुख्यमंत्री के रहते संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं। यहां ईडी-सीबीआई जांच के लिए आते हैं तो उनके ऊपर गुंडे हमले करते हैं। संदेशखाली की घटना से पूरी मानवता शर्मसार हुई है।राजनाथ ने कहा कि यह विद्वानों की धरती है, लेकिन अब पश्चिम बंगाल अराजकता और अपराध के लिए जाना जाता है। यहां संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं, वो भी तब, जब एक महिला मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि भाजपा का शासन स्थापित होते ही सारे गुंडे काबू में आ जाएंगे। एक बार पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहरा दीजिए, फिर हम देखते हैं कि किसकी हिम्मत है जो संदेशखाली जैसी घटना को दोहराने की जुर्रत कर सके।



## आरक्षण खत्म कर देंगे पीएम मोदी - ओवैसी

**हैदराबाद (आरएनएस)।** एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में कहा कि चुनाव जीतने के बाद केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के आरक्षण छीन लेगी। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मेरी बात याद रखियेगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान में संशोधन करेंगे, आरक्षण छीन लिया जाएगा।वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत-चीन गतिरोध का जिक्र करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा, मैं अमित शाह को चुनौती देता हूं कि चीन ने हमारे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है।असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा की स्थानीय उम्मीदवार माधवी लता पर भी निशाना साधा जिन्होंने रामनवमी की पूर्व संध्या पर मस्जिद की ओर तीर चलाने का इशारा किया। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि भगवा पार्टी शहर का सांप्रदायिक सौहार्द और शांति बिगाड़ना चाहती है।

## सुप्रीम कोर्ट से रामदेव को लगा झटका

### योग शिविर के लिए चुकाना होगा सर्विस टैक्स

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट से योग गुरु बाबा रामदेव को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें योग शिविर के लिए सर्विस टैक्स देने को कहा है। बता दें सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार यानी 19 अप्रैल को अपीलीय ट्रिब्यूनल के फैसले को बरकरार रखा है। जिसमें पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को आवासीय और गैर-आवासीय दोनों योग शिविरों के आयोजन के लिए प्रवेश शुल्क लेने के लिए सर्विस टैक्स का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया गया था। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि ट्रिब्यूनल ने सही कहा है कि शुल्क के लिए शिविरों में योग एक सेवा है। हमें उस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता। इसी के साथ अदालत ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्रिब्युनल की इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। दरअसल ष्ट्रश्वस्ञ्जञ्ज ने माना था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट द्वारा आयोजित योग शिविर ङ्क जो भागीदारी के लिए शुल्क लेता है। ये स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा की श्रेणी में आता है और इस पर सेवा कर लगता है। ट्रिब्यूनल ने कहा था कि ट्रस्ट विभिन्न आवासीय और गैर-आवासीय शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ है , जिसके लिए प्रतिभागियों से दान के माध्यम से शुल्क एकत्र किया गया था। हालांकि यह राशि दान के रूप में एकत्र की गई थी, यह उक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए शुल्क है।मेरठ रेंज के आयुक्त ने जुर्माना और ब्याज समेत अक्टूबर 2006 से मार्च 2011 तक लगभग 4.5 करोड़ रुपये की मांग की थी। ट्रस्ट ने दलील दी थी कि वह ऐसी सेवाएं प्रदान कर रहा है जो बीमारियों के इलाज के लिए हैं और यह स्वास्थ्य और फिटनेस सेवा के तहत कर योग्य नहीं है। लेकिन ट्रिब्युनल ने कहा कि ट्रस्ट का यह दावा कि वे व्यक्ति को होने वाली विशिष्ट बीमारियों के लिए उपचार प्रदान कर रहे हैं, किसी भी सकारात्मक सबूत द्वारा समर्थित नहीं है।



## आतंकियों का सहयोगी था स्कूल का हेडमास्टर, पिस्तौल और दो चीनी ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार

**पुंछ, (हि.स.)।** पेशे से हेडमास्टर एक ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को रविवार को पुंछ जिले के हरि बुड्ढा इलाके में पिस्तौल और दो चीनी ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया है।अधिकारियों ने कहा कि सेना की 39 आरआर और रोमियो फोर्स के साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी ने पुंछ के हरि बुड्ढा में एक संयुक्त अभियान शुरू किया था, जिसमें स्कूल में हेडमास्टर क़मर-उद-दीन को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार वह आतंकवादियों का सहयोग ओवर ग्राउंड वर्कर्स के रूप में करता था। उसके घर की तलाशी में पाकिस्तान निर्मित एक पिस्तौल और दो चीनी ग्रेनेड बरामद हुए हैं।अधिकारियों को बरामद हथियार और गोला-बारूद का इस्तेमाल पुंछ क्षेत्र में आगामी चुनाव में गड़बड़ी करने के इरादे से इकट्ठा किए जाने का संदेह है।

## दक्षिण भारतीयों के लिए काशी में बनने वाले धर्मशाला के भूमिपूजन में शामिल हुईं सीतारमण



**वाराणसी,(हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को वाराणसी जिले के सिगरा क्षेत्र में स्थित श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुईं। शहनाई के मंगल धुन के साथ मंत्रोच्चार के बीच धर्मशाला का भूमिपूजन किया गया। दक्षिण भारतीयों के लिए बनने वाले इस धर्माशाला के निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां ठहरने वाले दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं को कोई किराया नहीं देना होगा। श्रद्धालु अपनी इच्छा से दान दे सकेंगे।इस धर्मशाला में 135 कमरे होंगे। दस मंजिले धर्मशाला में छात्रावास, आवास और बैंक्वेट हॉल भी बनेगा। नाटकोट्टम क्षत्रम की ओर से दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए बनने वाले धर्मशाला का निर्माण डेढ़ साल में पूरा होगा। लगभग 65 हजार वर्गफुट की इस जमीन को बाबा विश्वनाथ के लिए फूल और विल्व पत्र अर्पित करने के लिए खरीदा गया था। पिछले 50 साल से जमीन पर अवैध कब्जे को शासन व प्रशासन की मदद से हटवाया गया। धर्मशाला के निर्माण से काशी आने वाले दक्षिण भारतीय पर्यटकों को काफी सहूलियत होगी।उल्लेखनीय है कि गौदालिया अगस्तकुंडा स्थित श्रीकाशी नाटिकोटि क्षेत्रम सोसाइटी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की तीनों पहर की आरती की जिम्मेदारी पिछले 200 वर्षों से संभाल रही है।

## लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को झटका, हिमाचल कांग्रेस के सह प्रभारी ने छोड़ी पार्टी

**शिमला (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के एक और बड़े दिग्गज चेहरे ने पार्टी को अलविदा कह दिया है। खबर है कि अब यह चेहरा बीजेपी का दामन थाम सकता है, लेकिन अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी तेजिंदर सिंह बिट्टू ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर अपने इस्तीफे से अवगत कराया। हालांकि, उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया, अभी इस बारे में कोई खबर सामने नहीं आई है।माना जा रहा है कि वो जल्द ही बीजेपी में शामिल हो सकते हैं, मगर उनकी तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।सूत्रों का कहना है कि वो दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बीजेपी का दामन थाम सकते हैं।

# तक्षशिला गुरुकुल के छात्रों को अग्रवाल महिला संघ ने किया सम्मानित





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** अप्रैल को अग्रवाल महिला संघ ने लखीमपुर स्थित श्री मारवाड़ी मंदिर में एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल महिला संघ ने आमंत्रितों को अपने द्वारा नगर में किए गए विभिन्न समाजसेवी कार्यों के विषय में विस्तार से अवगत कराया एवं भविष्य में किए जाने वाले कार्यों के विषय में भी योजनाएं साझा कीं।

उपरोक्त कार्यक्रम में अग्रवाल महिला संघ ने श्री ठाकुरद्वारा कमेटी एवं अग्रवाल नवयुवक संघ जैसी नगर की प्रतिष्ठित, समाजसेवी एवं धर्मार्थ सामाजिक संस्थाओं को भी आमंत्रित किया। श्री ठाकुरद्वारा कमेटी के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल अपनी संस्था के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अग्रवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल की उपस्थिति में उनकी संस्था की पूरी टीम भी कार्यक्रम की सफलता की साक्षी बनी। उक्त कार्यक्रम में अग्रवाल महिला संघ ने नगर के नवोदित गुरुकुल शिक्षण संस्थान तक्षशिला विश्विद्यापीठ के छात्रों को विशेष रूप से आमंत्रित किया। तक्षशिला गुरुकुल के छात्रों के साथ प्रोजेक्ट तक्षशिला के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड0 राहुल तिवारी, महासचिव मनोज श्रीवास्तव, क्रीड़ाध्यक्ष कुलदीप शर्मा एवं सदस्य कुश मिश्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अग्रवाल महिला संघ ने गुरुकुल से आए हुए सभी छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें वैदिक परिधानों समेत विभिन्न उपहारादि प्रदान किए। गुरुकुल के छात्रों ने कार्यक्रम में अपनी विशेष प्रस्तुति से सभी आगंतुक सदस्यों का मन मोह लिया। एड0 राहुल तिवारी ने तक्षशिला गुरुकुल के द्वारा वर्तमान समय में किए जा रहे एवं भविष्य में प्रस्तावित शैक्षणिक कार्यों के विषय में सभी को विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए सभी से गुरुकुल में योग्य छात्रों को प्रवेश प्रदान करवाने हेतु अनुरोध किया। उक्त कार्यक्रम के आयोजन में अग्रवाल महिला संघ की उपाध्यक्षा रितु अग्रवाल, सचिव पूनम मित्तल, कोषाध्यक्षा राशि अग्रवाल, सहसचिव निधि अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्षा लता अग्रवाल समेत मीतिका अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, मुक्ति अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, मीना अग्रवाल एवं पूजा अग्रवाल का अमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्था की अध्यक्षा नूपुर अग्रवाल ने सभी आमंत्रित अतिथियों एवं संस्था के सदस्यों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से लोग जुड़ रहे-अजय मिश्रा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा जी विधानसभा गोला गोकर्णनाथ के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन, विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर-खीरी में रहे। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा गोला गोकर्णनाथ के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में जुड़े कुछ दलों को आस्तित्व ही खत्म हो रहा है इन दलों को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी ढूढने से भी नहीं मिल रहे है और जिन प्रत्याशियों को यह दल टिकट भी दे रहे है वह टिकट वापस कर रहे है। इससे साफ पता चलता है कि उन्हें खुद पता चल गया है कि इन दलों का आस्तित्व अब खत्म हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से लोग जुड़ रहे है जिस कारण अन्य दलों से पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ग्रामों में पक्की सड़कें, पानी की टंकी का निर्माण कराकर शुद्ध पेयजल घर-घर तक, बिजली, उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय आदि योजनाओं से लाभांवित किया गया है। आमतौर पर पहले जब लोकसभा चुनाव होते थे तो लोकसभा चुनाव से 2 से 3 महीने पहले ही देश में किसकी सरकार आने वाली है और कौन प्रत्याशी कहां से जीतने वाला है। इसकी चर्चा होने लगती थी लेकिन इस बार कही कोई चर्चा नहीं है। इस बार ऐसा लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी अकेले चुनाव लड़ रही है कही कोई और कोई पार्टी दिखाई ही नहीं दे रही है। जैसा प्रयास लोकसभा चुनाव जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी संगठित होकर कर रही है। वैसा अन्य कोई पार्टी नहीं कर रही है। इससे यह साफ हो रहा है कि किसी अन्य दल के पास भारतीय जनता पार्टी जैसा कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता ही नहीं है। आप सब कार्यकर्ताओं की मेहनत ही है जो 2014, 2017, 2019 एवं 2022 चुनावों में आपकी मेहनत के आगे दूसरे दल कहीं नहीं टिक पाए है। आप सबकी मेहनत से ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार बनी है। इंडी गठबंधन में जुड़े दलों की आपस में नहीं बन रही है। सभी दल अपने अपने प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ना चाहते है और दिल्ली में महागठबंधन के साथ रहना चाहते है। इसके साथ ही अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के लिए मेहनत की है। उसी का नतीजा है कि भारतीय जनता पार्टी आज इस मुकाम पर खड़ी है। जहां अन्य दल भारतीय जनता पार्टी के आगे बेबस नजर आ रहे है। सफलता हमेशा तपस्या से मिलती है और आप लोगों की तपस्या का फल ही है जो प्रदेश व केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनी है। कार्यक्रम में योगेश वर्मा विधायक सदर, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विजय महेश्वरी, संतोष कुमारी जिला उपाध्यक्ष, मनोज वर्मा, विजय शुक्ला 'रिंकू' अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ, कीर्ति महेश्वरी अध्यक्ष नगर पंचायत मैलानी, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', सांसद प्रतिनिधि मुन्ना लाल अवस्थी, प्रीति वर्मा, शान्तनु तिवारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अग्नि सुरक्षा संबंधी जन जागरूकता अभियान के तहत फायर स्टेशन मोहम्मदी की टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में किया गया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक जनपद खीरी के आदेशानुसार व मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद खीरी के निर्देशन में बढ़ते तापमान के चलते अग्नि सुरक्षा संबंधी जन जागरूकता अभियान के तहत फायर स्टेशन मोहम्मदी के अंतर्गत प्रभारी फायर स्टेशन मोहम्मदी लखमीचंद व उनकी टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र जैसे- बाबौरी, धरमपुर ,सहदेवा ,नरहरा ,जिंदपुर ,भानपुर बनवारी, बाबरिया में जाकर रहने वाले लोगों के द्वारा छोटी-छोटी लापरवाही से होने वाले अग्निकांडो को कम करने के उद्देश्य से ग्रामीणों को सावधानियां बरतने हेतु प्रचार -प्रसार किया गया।तथा फायर स्टेशन पलिया के अंतर्गत प्रभारी फायर स्टेशन पलिया राधेश्याम पाल व उनकी टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र जैसे-निबुआ ,बोझ संभारी, त्रिपोलिया ,नवरंगपुर ,टेहरा में जाकर अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई तथा प्रचार प्रसार किया गया एवं प्रचार सामग्री बांटी गई।

जिससे छोटी घटना बड़ी न हो सके और जन धन हानि को बचाया जा सके।

## 85 वर्षीय आशा देवी का हुआ निधन

अयोध्या ।अयोध्या जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष राम सागर रावत की 85 वर्षीय माता आशा देवी की निधन पर पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्मल खत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया । कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन हुआ।शोक सभा मे प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ,महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम, पीसीसी सदस्य उग्रसेन

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग - तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

मिल्कीपुर-अयोध्या।मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम आदिलपर और डीली गिरधर गांव में बिजली के शार्ट सर्किट से गिरी चिंगारी की वजह से दो कृषकों की तीन बाई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से बिजली सप्लाई बंद करवा कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ौनी का पुरवा निवासी पीड़ित किसान मनोज तिवारी ने बताया कि आदिलपुर भट्ठे के पास जाने वाली



विद्युत लाइन का तार काफी दिनों से ढीला है। कई बार बिजली महकमें से इसकी शिकायत भी की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित किसान का कहना है कि बिजली सप्लाई के दौरान शार्ट सर्किट हुई, जिसकी वजह से आग की चिंगारी उनके खड़ी गेहूं के फसल पर गिर गई और देखते ही देखते उनकी डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हालांकि लोगों को बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी होने के बाद लोग आग के नजदीक नहीं गए। सबसे पहले बिजली घर को फोन कर विद्युत सप्लाई कटवाई और उसके बाद ग्रामीणों के घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वहीं दूसरी ओर डीली गिरधर गांव निवासी विधवा महिला देवराजी सिंह के गेहूं के खेत में दोपहर करीब 12~00 बजे तेज हवा के झोंकों के बीच खेत के ऊपर से गुजरी 11 हजार वोल्ट की लाइन के ढीले तार आपस में टकरा गए और शॉर्ट सर्किट की वजह से निकली चिंगारी से खेत में आग लग गई और महिला कृषक की डेड बीघे गेहूं की फसल देखते ही देखते जलकर राख हो गई घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीण एवं फायर

# चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए एडीएम फाइनेंस फर्रुखाबाद नें की बैठक

अलीगंज/एटा। लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे -जैसे नजदीक आ रही है. वैसे ही निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयारी में जुट गया है। जिसके मद्देनजर एडीएम फाइनेंस फर्रुखाबाद की अध्यक्षता में तहसील सभागार में बीएलओ, बीडीओ, एसएचओ, के साथ बैठक कर चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष करने को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकासखंड अलीगंज के तहसील सभागार में एडीएम फाइनेंस फर्रुखाबाद की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीएलओ, बीडीओ, एसएचओ को चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर



चुनाव संपन्न कराने की बात कही. समीक्षा के क्रम में एडीएम फाइनेंस फर्रुखाबाद ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें. निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में ईवीएम डिस्पैच सेंटर, ईवीएम की कमीशनिंग गुणवत्तापूर्ण, वाहनों की उपलब्धता, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, ईवीएम की सुरक्षा एवं तैयारी, कम्युनिकेशन प्लान, मूवमेंट प्लान, ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस, बूथों पर पेयजल एवं शौचालय निर्माण की अद्यतन कार्य प्रगति, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। एडीएम फाइनेंस फर्रुखाबाद सुभाष चंद्र प्रजापति ने कहा कि हम सभी को लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए कटिबद्ध रहना चाहिए किसी भी प्रकार का खान-पांव बाहरी चीज का सेवन न करें। चुनाव सामग्री अपनी जिम्मेदारी के साथ अपने साथ ही रखें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी, बीडीओ अलीगंज गोपाल गोयल,तहसीलदार राकेश कुमार, नायब तहसीलदार सतीश कुमार, नायब तहसील अरविंद गौतम सहित सभी बीएलओ, समस्त पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा के पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित कोरी समाज के जिलाध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन




अयोध्या। सपा के पूरा बाजार पूर्व ब्लाक प्रमुख हृदय राम यादव व कोरी समाज के जिलाध्यक्ष राम कुमार चौधरी सहित दर्जनों सपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। लोक सभा चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने सभी को भाजपा का ध्वज देकर, माल्यार्पण तथा भगवा अंगवस्त्र पहना कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद बाबा साहब के संविधान के अनुसार गरीबों के कल्याण के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं चलाई गई इन योजनाओं का सफल क्रियान्वयन भी किया गया है। मोदी सरकार के कार्यकाल में युवाओं को नए अवसर मिलें है, किसान समृद्ध हुए हैं, गरीबों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, महिलाओं का उत्थान हुआ है श्रमिकों का सम्मान मिला है। सरकार की योजनाओं तथा विकास से प्रभावित होकर सपा व कोरी समाज के लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।पूर्व ब्लाक प्रमुख हृदय राम यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी में सम्मान नही था। तथा मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों तथा विकास से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी के निर्देशों के आधार पर विचारधारा को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।राम जवाहिर यादव, राजीव कोरी, अजय कोरी, प्रवीन कोरी, सावन्त कोरी, प्रवीन कोरी, राम सिंह यादव, विवेक यादव, शिवा जी राय, कृपा नाथ कन्नौजिया, राम सजीवन रावत, विदेशी कोरी, निखिल यादव, नितिन पाण्डेय आशम खान, शिवांश सहित अन्य दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## 86 प्रतिशत अंकों के साथ रामलीला स्कूल में अव्वल आयीं लाइवा अंसारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पलियाकलां-खीरी।** नगर के ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थान श्रीराम लीला बालिका इंटर कॉलेज में लाईवा अंसारी ने 86.16 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित करते हुये विद्यालय को गौरवान्वित करते हुये गुरुजनों का मान बढ़ाया है। विद्यालय के श्रेष्ठतम दस विद्यार्थियों में लाईवा के बाद क्रमशः उपासना पाल, अनमता बी, डाली सिंह, सुरभि प्रजापति, नौशीन, रिया पांडे, प्रतिमा निषाद, महक राईन, प्रिंसी वर्मा, सिमरन वर्मा एवं नुजहत बी क्रमश प्रथम से लेकर दसवें स्थान पर रहे। विद्यालय परिवार की टफ से उत्कृठ परीक्षा परिणाम देने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। लाईवा अंसारी अपनी सफलता का श्रेय अपने चाचा फुरकान अंसारी सहित अपनी शिक्षिकाओं को देते हुये कहती हैं कि अपनी व्यस्ततम राजनैतिक व समाजसेवी जीवनशैली के बावजूद फुरकान चचा ने मुझे पढ़ने के लिये

# 22 से 25 अप्रैल तक होगी बूथ समितियों व पन्ना प्रमुख की बैठक

झअयोध्या। बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख की बैठक 22 से 25 अप्रैल तक होनी है। जिसकी तैयारी को विधानसभा स्तर पर मंडल अध्यक्ष व संयोजकों, शक्ति केन्द्र संयोजकों की बैठक की जा रही है। बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों में समन्वय बना कर हर घर, हर मतदाता, तीन बार सम्पर्क अभियान पर मंथन किया गया। सिविल लाइन स्थित विधान सभा चुनाव कार्यालय पर अयोध्या तथा बीकापुर की बैठक बीकापुर चुनाव कार्यालय पर आयोजित की गई। अयोध्या विधान सभा की बैठक में संयोजक अशोक कसौंधन ने कहा कि सभी बूथों पर बीस कार्यो की सूची बनाई गई। शक्ति केन्द्र पर आयोजित बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों की बैठक में इन कार्यो के क्रियान्वय हेतु मंथन किया जाए। प्रभारी रमापति पाण्डेय ने कहा कि शक्ति केन्द्रों पर सभी बूथों की बैठक 22 से 25 अप्रैल के मध्य संपन्न हो जाए। आपसी समन्वय के आधार पर बूथ पर होने वाले बीस कार्यो को अभियान चला कर किया जाए। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या का अभूतपूर्व विकास कराया है। सरकार के इस विकास तथा उनकी योजनाओं की चर्चा तथा क्षेत्र के हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क अवश्य किया जाए। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी पूर्ण उर्जा से कार्य करें। अपने क्षेत्र को लोकसभा तथा स्वंय को प्रत्याशी समझ कर लोगों से सम्पर्क व संवाद स्थापित करें। अयोध्या विधान सभा की बैठक में पूर्व चेयर मैन विजय गुप्ता, मनमोहन जायसवाल, शशि प्रताप सिंह, अनुराग त्रिपाठी, बीकापुर विधान सभा की बैठक में सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह, शोभनाथ वर्मा, इं. रणवीर सिंह, राकेश पाण्डेय राना, शिव कुमार सिंह सहित मंडल व शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गाड़ी हटाने को लेकर युवक को पीटा चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज सभी आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या। थाना कोतवाली नगर के अंतर्गत शिकायतकर्ता विवेक कुमार पुत्र भगवती सोनकर निवासी कश्मीरी मोहल्ला खुर्दाबाद का निवासी है शिकायतकर्ता द्वारा एक शिकायती पत्र नगर कोतवाली में दिया गया है जिसमें कहा गया है कि वह नगर क्षेत्र के नवीन मंडी परिसर में फल लेने गया था जहां वह अपनी पल्सर गाड़ी खड़ी करने जा रहा था लेकिन इसी बीच विपक्षी मोहम्मद अशफाक पुत्र अब्दुल वहाब मोहम्मद शारिक उर्फ गौरु पुत्र अब्दुल वहाब आशिक अली पुत्र फैयाज अली व दो-तीन अज्ञात लोगों ने गाड़ी हटाने के लिए कहा इसके बाद उन्होंने लात घुसो व थप्पड़ों से मारना शुरू कर दिया और जात सूचक गाली थी जान से मारने की धमकी दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है शिकायतकर्ता कहना है की आरोपियों को सजा मिले और हमें न्याय।

# सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में महावीर जयंती का कार्यक्रम आयोजित

एटा। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में महावीर जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्ष लवली शर्मा, संयोजक कामिनी राठी, मुख्य वक्ता सुनीता जैन ने महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सुनीता जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महावीर स्वामी के बारे में कहा कि-

जो मोह, माया, मान, मत्सर, मदन, मर्दन वीर हैं ।

जो विपुल विहनों बीच में भी ध्यान धारण धीर हैं।

जो तरन, तारण, भव निवारण, भव जलधि के तीर हैं। वह वंदनीय जिनेश तीर्थंकर स्वयं महावीर हैं।।



ऐसे महावीर स्वामी का जन्म 599 ईसवी पूर्व लगभग 2500 वर्ष पूर्व राजा सिद्धार्थ के यहां कुंडलपुर बिहार में हुआ था। उनके पिता का नाम सिद्धार्थ तथा माता का नाम त्रिशला था। इनसे पूर्व प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव तथा इसे 250 वर्ष पूर्व भगवान पार्श्वनाथ 23 वें तीर्थंकर हुए। भगवान महावीर स्वामी का जन्म चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था उनके जन्म से पूर्व से ही धनपति कुबेर ने रन वर्ष की भगवान महावीर के पांच नाम है- वीर ,वर्धमान, सन्मति, महावीर एवं अतिवीर। उनके पांच प्रमुख सिद्धांत हैं अहिंसा सत्य असते परिग्रह व ब्रह्मचर्य। इनका संदेश है जियो और जीने दो। भगवान महावीर के समय में समाज में अत्यधिक जातिगत भेदभाव तथा पशु बलि की प्रधानता थी। 30 वर्ष तक यह राज पाठ में व्यस्त रहे तत्पश्चात 30 वर्ष की अवस्था में गृह त्याग कर तपस्या में लीन हुए। 2 वर्ष तक वन में तपस्या के बाद केवल ज्ञान प्राप्त किया तथा 30 वर्ष तक धर्म का उपदेश देते रहे । 72 वर्ष की अवस्था में पावापुरी बिहार से मोक्ष को प्राप्त किया। उस दिन कार्तिक कृष्ण अमावस्या थी इसलिए जैन लोग भगवान महावीर के मोक्ष कल्याण की खुशी में दीपक जलाकर अपने घरों में दीपावली मनाते हैं। इस अवसर पर भवनाथ झा, सोनिया महेश्वरी, प्रेमचंद ,डॉक्टर अरुण राजोरिया, ममता उपाध्याय कामिनी राठी, सीता शर्मा, अंजू शर्मा,अनू गुप्ता,पंकज मलिक, विनोद कुमार, सुमन वार्ष्णेय, सूबेदार सिंह शाक्य, पुष्पेंद्र शर्मा डॉ अजय उपाध्याय, विवेक दुबे, संयोगिता भारद्वाज, शिखा सक्सेना, लोकेंद्र कुमार,नवीन नीरज शर्मा, अजय गौड़, कृष्णकांत पांडे,मनोज सिंह, विनय प्रताप सिंह, शैलेश प्रताप सिंह,क्षेत्रपाल सिंह, हरी बाबू शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## चार दिन बाद भी युवती को नहीं बरामद कर पाई पुलिस

अयोध्या। जिले की थाना कोतवाली कैंट क्षेत्र के अंतर्गत निवासी बेगमगंज गडैया ककराही बाजार निवासी एक पीड़िता की पुत्री काल्पनिक नाम रुचि दिनांक 16 अप्रैल 2024 को उसके पिता स्कूल पहुंचाकर घर वापस चले गए छुट्टी के समय जब पीड़िता अपनी पुत्री को घर आते देर देखा तो इधर-उधर पता लगाना शुरू कर दिया। युवती की मां का आरोप है कि हमारी पुत्री को कुनाल निषाद पुत्र मुकेश निषाद कहीं बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। पीड़िता ने इसके संबंध में थाना कोतवाली कैंट में दिनांक 17 अप्रैल 2024 को मुकदमा अपराध संख्या 220/2024 धारा 366 भा.द.वि.के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना कोतवाली कैंट पुलिस चार दिन हो गया लेकिन युवती को अभी तक बरामद नहीं कर पाई है। पीड़िता का आरोप है कि जब से हम मुकदमा विपक्षियों के विरुद्ध दर्ज करवाए हैं तब से विपक्षियों द्वारा मुकदमा वापस लेने तथा जान से मार देने की धमकी बराबर दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या एवं पुलिस उप निरीक्षक मंडल अयोध्या को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया

# जानलेवा होते जा रहे हैं कथित डॉक्टर ! स्वास्थ्य विभाग आखिर कब करेगा कार्रवाई

## स्वास्थ्य महकमा की सरपरस्ती में फल फूल रहा मौत का धंधा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** शहर सहित अंचलों के लोगों के जान से खिलवाड कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों पर आखिरकार कार्रवाई कब होगी जिसमें गरीब तबके के लोग आए दिन इन नौसिखिया झोलाछाप डॉक्टर्स का शिकार होकर अपनी जान गवा रहे हैं। शहर की गलियों से लेकर मुख्य बाजारो तक झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। आलम यह है कि एक-एक गली में चार-चार क्लीनिक संचालित हैं। बिना किसी डिग्री व पंजीकरण के हर मर्ज का इलाज इनके पास रहता है। अगर मरीज थोड़ा ठीक भी है और इनके इलाज करने से ज्यादा सीरियस हो जाएं तो इन्हें कोई परवाह नहीं रहती।

सूत्रों से मिली जानकारी मुताबिक नई बस्ती निकट अपना स्टूडियो स्थिति एम एस क्लीनिक का संचालन तीन लोगों की पार्टनरशिप में किया जा रहा है हालांकि सूत्रों ने बताया कि इस क्लीनिक के कुछ पार्टनर एक निजी अस्पताल में कार्यरत थे बाद में




सेटिंग गेटिंग कर उसी जगह एक इमारत के बदहाल कमरों में क्लीनिक खोलकर महिलाओं का धड़ल्ले से इलाज किया जाता है हालांकि लोगों ने बताया कि रात के अंधेरे में काफी एंबुलेंस यहा आती जाती रहती है जो चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि स्वास्थ्य विभाग के जाच का विषय है कि शहर मुख्यालय में एम एस क्लीनिक वैध है या अवैध यह तो जांच में पता चलेगा कि मानकों पर कितना खरा उतरता है।

इन कथित डॉक्टर्स का लक्ष्य सिर्फ पैसे कमाना ही होता है। यही वजह है कि आए दिन गरीब तबके के लोग इन डॉक्टरों के शिकार हो जाते हैं। जिससे वे अपनी जान तक गवाना पड़ता हैं। इसके बावजूद भी ऐसे कथित डॉक्टर्स के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

गली और मुख्य सडकों पर क्लीनिक खोले सैकड़ों झोलाझाप डॉक्टरों में अब तक केवल कुछ ही डॉक्टरों के खिलाफ महज कार्रवाही की गई है। वह भी इसलिए क्योंकि उनके द्वारा कई घटनाएं घट चुकी थी जिसको लेकर उसी समय नोटिस व अन्य कार्रवाई कर स्वास्थ्य विभाग ने अपना पल्ला झाड़ लिया था।

# एक दिवसीय मार्केटिंग समिट 2024 का आयोजन




नॉएडा स्थित जीएल बजाज प्रबंधन और अनुसंधान संस्थान में एक दिवसीय मार्केटिंग समिट-2024 का आयोजन किया गया। जिसमें उद्योग जगत के प्रमुखों और विशेषज्ञों को एकत्र करके मार्केटिंग प्रणाली को आकार देने वाली नवीनतम प्रवृत्तियों और रणनीतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बॉबल एआई के सीईओ और संस्थापक अंकित प्रसाद ने कंपनी की यात्रा और सफलता के बारे में जानकारी साझा की। अंकित प्रसाद ने बॉबल एआई के नवाचारी उत्पाद, सेल्फी हेड बॉबल मार्क को उजागर किया, जिसने कंपनी को प्रसिद्ध बनाया। उन्होंने कंपनी की विशेषता ÷सेल्फी से बॉबल हेड÷ पर भी जोर दिया जो शाओमी और अन्य निर्माताओं के कीपैड में डिफ़ॉल्ट रूप से एकीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि बॉबल एआई ने कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल मार्केटिंग और विज्ञापन में अपनी ताकत का उपयोग करते हुए किया मार्केटिंग चैनल की स्थापना की।

अन्य सत्र में पीडब्ल्यूसी के परामर्श समाधान निदेशक अपराजित प्रसाद ने नेतृत्व, एआई के प्रभावों पर प्रकाश डाला और चैटजीपीटी की भूमिका पर चर्चा की। कॉन्सेंट्रिक्स के वरिष्ठ निदेशक मार्केटिंग शांतनु चक्रवर्ती ने वर्तमान बाजार को एआई द्वारा कैसे क्रांतिकारी बनाया जाए इस पर चर्चा की। प्रवेशिका अनिकेत दास ने व्यापार प्रथाओं में परिपूर्णता को संजोने पर चर्चा की और मामा अर्थ, मैगी, और ब्रिटानिया जैसे उत्पादों के उदाहरणों को दर्शाते करते हुए कंपनियों द्वारा सक्रिय पहलों और उच्च स्तरीय उपभोक्ता जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद अन्य वक्ता संजीव राणा ने अपने उद्यमी यात्रा की अवधारणाओं की जानकारी साझा की और प्रतिकूल प्रतिक्रिया का सामर्थ्य, उत्पाद स्वीकृति, और नकारात्मक प्रतिक्रिया को संबोधित करते हुए। उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी प्रयासों और बिक्री वृद्धि के बीच संबंध पर भी बल दिया। अंत में प्रणय पासरिचा ने मार्केटिंग पर पुनः जोर देते हुए 4पीएस की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने चुनौतियों की चर्चा की नीति हस्तक्षेपों का सुझाव दिया हरित धोखाधड़ी से सावधान रहने की चेतावनी दी और पारदर्शी विज्ञापन का समर्थन किया। इसके अलावा, उन्होंने सतत पैकेजिंग में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संयोजक डॉश सपना राकेश और आयोजन समिति को बधाई दी।

# अप्रैल फेयर दिल्ली में दूसरे दिन विदेशी और घरेलू खरीदारों का हुजूम उमड़ा




नोएडा अप्रैल फेयर दिल्ली 2024 के दूसरे दिन विदेशी और घरेलू वॉल्यूम खरीदारों की उपस्थिति में पहले दिन की अपेक्षा वृद्धि देखी गई। इसके साथ ही अरब, म्यांमार, सूरीनाम और अन्य राष्ट्रों के राजदूतों के साथ कई गणमान्य व्यक्तियों ने अप्रैल फेयर दिल्ली में शिरकत की। यहां उपस्थित प्रतिभागियों के खूबसूरती से सजाए गए स्टॉल्स ने खरीदारों के समूह को आकर्षित किया। ई-कॉमर्स क्रॉस-बॉर्डर कॉन्क्लेव में लोगों ने गहरी रुचि दिखाई। विशेष रूप से क्रॉस-बॉर्डर ई-कॉमर्स में विस्तार करने के इच्छुक व्यवसायों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने पर आयोजित एक सत्र ने बड़ी संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया, जो ई-कॉमर्स में विक्रेताओं की उच्च स्तर की भागीदारी और रुचि को दर्शाता है। मेले में अब तक 1,100 से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खरीदार, खरीद एजेंट, खुदरा विक्रेता और कॉर्पोरेट प्रतिनिधि शामिल हैं। भारत सरकार में विदेश व्यापार के उप महानिदेशक श्री मोहम्मद मोइन अफाक ने ई-कॉमर्स के कई लाभों पर प्रकाश डाला, जिसमें बड़े अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच और प्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ताओं तक पहुंचने और बिक्री के द्वारा बेहतर लाभ अर्जित करना शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक पहुंच न केवल ब्रांड की दृश्यता और पहुंच बढ़ाती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों और नवीनतम रुझानों के बारे में जागरूकता भी बढ़ाती है। श्री मोहम्मद मोइन अफाक ने उद्यमियों को ई-कॉमर्स जुड़कर घरेलू बाजार की अस्थिरता को कम करने की क्षमता पर ज़ोर किया, और सीमा पार ई-कॉमर्स गतिविधियों को समर्थन और सुविधा प्रदान करने के लिए नामित ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब (ईसीईएच) के निर्माण का प्रस्ताव रखा। श्री दिलीप बैद ने मल्टी-मॉडल ई-कॉमर्स रणनीतियों पर चर्चा करते हुए वेयरहाउसिंग समाधानों को एकीकृत करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने ई-कॉमर्स उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित किया और व्यापक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उद्यमियों और स्टार्टअप को इन नए वाणिज्य प्लेटफार्मों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड के निदेशक श्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि ई-कॉमर्स कॉन्क्लेव सरकार, आपूर्तिकर्ताओं, खरीदारों, लॉजिस्टिक्स और वित्तीय क्षेत्रों के बीच एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिशों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा है, और सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता पर कार्रवाई किए जाने के वादे के साथ यह कॉन्क्लेव सफल रहा है। कॉन्क्लेव में ई-टेल बनाम रिटेल में ग्राहकों की प्राथमिकताओं और सीमा पार ई-कॉमर्स में सफल होने की रणनीतियों जैसे कई विषयों पर भी चर्चा की गई, जिसके साथ कई अन्य सत्र भी आयोजित किए गए। चर्चाओं के अलावा, विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा पांच अन्य सत्र और कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं। अप्रैल फेयर दिल्ली 2024 का दूसरा दिन आकर्षण से भरा हुआ था, जिसमें केवल 45 दिनों में इस महत्वपूर्ण मेले के आयोजन में उनके अनुकरणीय प्रयास के लिए टीम मार्ट प्रमोशन को पुरस्कार प्रदान किया गया। अप्रैल फेयर दिल्ली 2024 के दूसरे दिन ने पहले दिन की सफलता को आगे बढ़ाते हुए इसके महत्व को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कैलेंडर में एक आकर्षण के तौर पर रेखांकित किया।

# हाई स्कूल की छात्रा सुभी को मिला प्रदेश में 12वां व जिले में पांचवा स्थान

गोशाईगंज-अयोध्या।माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम मे गोशाईगंज कस्बे के बलदेव इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र छात्राओ ने इस बार फिर एक बार अपना डंका बजाया।शिक्षा, संस्कार व अनुशासन के क्षेत्र में अग्रणी बलदेव इंटर कॉलेज के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में कस्बे की तेलियागढ़ मेन रोड निवासी विद्यालय की छात्रा सुभी कसौधन नें 578/600 अंक प्राप्त कर 96त्न के साथ प्रदेश में 12वां व जिले मे 5वा स्थान प्राप्त किया हैं।परीक्षा परिणाम में प्रिन्सी मौर्य ने 566/ 600 = 94त्न अंक लाकर कस्बे मे जहाँ नाम रोशन किया हैं,वही इंटरमीडिएट के परिणाम मे टंडौली निवासी विद्यालय की छात्रा वर्षा मौर्या ने 91त्नअंक प्राप्त किया हैं। विद्यालय परिवार व शिक्षकों में छात्र-छात्राओं की इस अद्वितीय उपलब्धि से हर्ष का माहौल है।इस अवसर पर विद्यालय प्रबधक रमेश जायसवाल ने प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों,अभिभावकों व छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने माता-पिता,विद्यालय, क्षेत्र और समाज को गौरवान्वित किया है।मैं सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर व उनके भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।निरंतर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम और मेरिट सूची में स्थान बनाना,विद्यालय व शिक्षकों की सतत् जागरूकता व परिश्रम का परिणाम है।विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक व छात्र छात्राएं सभी सदैव उत्तम शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित रहते हैं।जिसके परिणामस्वरूप ही आज ये सफलता अर्जित हुई है।हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में कई छात्र-छात्राओं का अच्छे अंक प्राप्त करके मेरिट सूची तक पहुंचना यह प्रदर्शित करता है कि बलदेव इंटर कॉलेज में सभी ने अपने कार्य का पूर्ण निर्वहन उत्कृष्ट ढंग से किया है।विद्यालय सभी छात्र -छात्राओं व अभिभावकों को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेगा --यदि किसी विद्यालय के एक दो बच्चे अच्छे अंक

# भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलने से मानवता का कल्याण होगा: प्रद्युमन जैन



गाजियाबाद। नेहरूनगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में भगवान महावीर जयंती धूमधाम व श्रद्धाभाव से मनाई गई। स्कूल के बच्चों ने भगवान महावीर के जीवन पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। समारोह के मुख्य अतिथि हैप्पी आवर्स स्कूल फॉर गर्ल्स के डायरेक्टर प्रद्युमन जैन रहे। प्रद्युमन जैन ने कहा कि भगवान महावीर ने अपने उपदेशों के माध्यम से प्राणी मात्र को जीवन जीने की कला सिखाई है और यह आज के समय में अत्यधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि आज विश्व में हर तरफ नफरत, हिंसा, ईर्ष्या व द्धेष का वातावरण है। ऐसे समय में भगवान महावीर के अहिंसा परमोधर्म एवम जियो और जीने दो के संदेश को जीवन में उतारकर ही मानवता का कल्याण किया जा सकता है और विश्व क समस्त समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। भगवान महावीर ने क्रोध, मान, माया व लोभ को मनुष्य का सबसे बडा शत्रु बताया था। इन चारों शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के बाद ही मानव जीवन सार्थक हो सकता है। समारोह के वक्ता चिराग जैन व अरुण जैन ने भगवान महावीर स्वामी की शिक्षा व दीक्षाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन राठी ने सभी को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी। मनोज, ललित अग्रवाल, लालमणि, मुकेश मिश्रा, सुदीप्ता आदि भी मौजूद रहे।

# पैराओलंपिक 2024 के लिए रोइंग इवेंट में इंडिया का कोटा फिक्स



सुलतानपुर। पेरिस में होने वाले पैराओलंपिक 2024 के लिए रोइंग इवेंट में इंडिया को कोटा दिलाने के लिए सुलतानपुर जिले के मोहम्मद आजाद व उनकी पैरा टीम का प्रयास रंग।लाया है। लगभग 12 साल पूर्व जिले के निवासी तब आजाद अनजाना चेहरा थे, बाद में एशियाड 2014 में उन्होंने कांस्य पदक जीता।

इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व तीनों सेनाओं के अध्यक्ष ने उन्हें सम्मानित किया था।आज भारतीय सेना में सूबेदार मोहम्मद आजाद अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, कोच, अंपायर की भूमिका में हैं।

# बसपा ने विधि विधान से किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



अयोध्या।बहुजन समाज पार्टी ने रविवार को अपना चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।इस मौके पर पूरे विधि विधान से पूजन हवन के बाद बसपा प्रत्याशी ने फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के साथ अयोध्या मे अपने लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया।चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय ने दिए गए बयान मे कहा भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को कहा उनको क्या कहें वो तो नाम के ही लल्लू हैं।जैसा नाम वैसा काम। वे 10 साल तक सांसद व विधायक रहे। उनको इस बात का भी पता नहीं है कि संविधान को बदला जा सकता है, या फिर उसमें संशोधन किया जा सकता है।भाजपा मे उपर बैठे लोग भी जुमलेबाजी करते हैं।पूरे प्रदेश की जनता इस बार बदलाव का मूड बना चुकी है।उन्होने कहा आज अयोध्या को बदलाव की जरूरत है।उन्होंने अपील की कि बदलाव मे अपना योगदान दें।बसपा प्रत्याशी ने कहा कि हमारा व बसपा का एजेंडा साफ है। हम विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के साथ यूथ का डवलपमेंट चाहते हैं। उसे डेवलपमेंट से मेरा मतलब रोजगार से ही नहीं है। यूथ डेवलपमेंट का मतलब उनके स्किल व मेंटल का डवलपमेंट किया जाय।ये सब होगा तो उनका भौतिक विकास होगा और रोजगार भी हो जाएगा जो मौलिक अधिकार है।इसकी अयोध्या की जनता को आवश्यकता है।चुनाव कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद बसपा कार्यकर्ताओं ने बैठक के चुनाव कु व्यूहरचना की जिसमे बडी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र को हराकर डीएस क्रिकेट अकैडमी फाइनल में पहुंची



गाजियाबाद। पहले गंगाराम मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में डीएस क्रिकेट अकैडमी व जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र के बीच मुकाबला हुआ। सेमीफाइनल में डीएस क्रिकेट अकैडमी ने जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र को 98 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम पर खेले गए सेमीफाइनल में टॉस जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र ने जीता व डीएस क्रिकेट अकैडमी को पहले बल्लेबाजी करने को कहा। डीएस क्रिकेट अकैडमी ने 40 ओवर में 240 रन का मजबूत सकोर बनाया। विकास चौहान ने 107 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। यजुर तेवतिया ने भी 73 रन बनाए। लक्ष्य गौतम, ध्रुव शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। प्रयास पांडे को 2 विकेट मिले। 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र 34 ओवर में 142 रन बनाकर आउट हो गया। अंकित वर्मा ने 36 व लक्ष्य गौतम ने 29 रन बनाए। यजुर तेवतिया ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया व 4 विकेट ढटके। श्रुति पांडे ने 3 व दिशा नागर ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यजुर तेवतिया को ऑल राउंड प्रदर्शन करने पर दिया गया।

# भण्डारण एवं कीट प्रबंधन से बढ़ा सकते हैं किसान अनाज की गुणवत्ता

मिल्कीपुर -अयोध्या।अनाजों की गुणवत्ता को बनाए रखने एवं उनके उचित मूल्य की प्राप्ति के लिए अनाजों का उचित भंडारण अतिमहत्वपूर्ण प्रक्रिया है अतः किसान भाई फसल कटाई पूर्व ही भंडारण हेतु तैयारी करें। आदर्श भंडारण के लिए कटाई, गहाई एवं ढुलाई सम्बन्धित क्रिया में प्रयुक्त यंत्रों व साधनों को कीट मुक्त रखना, खलिहान को भी समतल एवं साफ रखना, फसल कटने के बाद वर्षा या अन्य कारणों से बीज व अनाजो को सुरक्षित करना,भीगे हुए अनाज व बीजों को उचित नमी स्तर तक सुखाना और कीट मुक्त भण्डारण कक्ष एवं पात्र को सुनिश्चित करना आवश्यक है।
शोध छात्रा शिवानी दुबे पी.एच.डी. बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय कुमारगंज अयोध्या ने बताया कि भंडारण के दौरान बीज व अनाज को क्षति पहुंचाने में कीट आंतरिक, प्राथमिक एवं कुछ बाह्य (गौड़) भक्षी के रूप में अहम् भूमिका निभाते हैं, जिसमे सूंड वाली सुरसुरी, आटे का कीट, खपरा बीटल, चावल का पतंगा आदि प्रमुख हैं। भिन्न - भिन्न प्रकार के फसल बीजों को नुकसान पहुंचाने वाले कीट भिन्न - भिन्न हो सकते हैं परन्तु सामान्यतः कीटो के प्रकोप को निर्धारित तथा नियंत्रित करने के उपाय एक जैसे ही होते हैं। भंडारण में कीटों के नियंत्रण और रोकथाम हेतु रासायनिक उपाय के तौर पर मैलाथियान50 ईसी 10 मिली/लीटर या डीडीवीपी 76 डब्ल्यूएससी 7 मिली/लीटर से 3 लीटर स्प्रे घोल प्रति 100 वर्ग मीटर की दर से छिड़काव, थैलियों अथावा भंडारण कक्ष के उपचार के लिए तथा जैविक उपाय के तौर पर नीम की पत्ती का पाउडर, नोची की पत्ती का पाउडर, हल्दी पाउडर, स्वीट फ्लैग (वसंबु) राइजोम पाउडर,लहसुन का अर्क आदि का प्रयोग प्रभावी पाया जाता है।
भंडारण तथा कीट नियंत्रण और उनके प्रबन्धन क्रियाकलाप ना सिर्फ अनाजों अथवा बीजों की क्षति को कम करती है अपितु गुणवत्ता को भी बढ़ाती है जो किसान भाइयों के आय को प्रक्षय एवं अप्रक्षय रूप से प्रभावित करती है।

# फुटबॉल क्लबों की अंतरजिला प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले में शुरू

सुलतानपुर। भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही सुलतानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता में रामरती इंटर कॉलेज कटका के मैदान पर 14 वर्ष आयु वर्ग के मैच में थंडर फुटबॉल क्लब सुलतानपुर और भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें भूलियापुर फुटबॉल एकेडमी प्रतापगढ़ ने थंडर फुटबाल क्लब को 6-0 से हराया। भूलियापुर की ओर से मोहम्मद कशान ने चार गोल दागे और मुजाहिद उल इस्लाम और नावेद ने एक एक गोल किया। थंडर क्लब की ओर से कैप्टन प्रांजल गौतम, गोपाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरा मैच अवध और थंडर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें अवध फुटबॉल क्लब ने 4-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ और तक्षशिला अकादमी अंबेडकरनगर के बीच खेला गया जिसमें तक्षशिला अकादमी ने भूलियापुर फुटबॉल अकादमी को रोमांचक मैच में 1-0 से परास्त किया। वही अंडर 12 आयु वर्ग में सिर्फ दो मैच खेला गया पहला मैच तक्षशिला अकादमी अंबेडकर नगर और

# वर्तमान में टेक्नोलॉजी का सदुपयोग जरूरी: सीईओ अनुराग गुप्ता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में शनिवार को अपराह्न विद्यार्थियों के लिए 'वर्तमान में टेक्नोलॉजी की उपयोगिता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्टैंब्रो टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड एवं टेवाटरॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा के सीईओ व संस्थापक अनुराग गुप्ता रहे। उन्होंने वर्तमान टेक्नोलॉजी की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी की बदौलत संचार क्षेत्र का काफी विस्तार हुआ है। इनका सदुपयोग करके व्यक्ति महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल कर सकता है। कार्यक्रम में अनुराग ने विद्यार्थियों से चिंता जताई कि टेक्नोलॉजी हमारे युवाओं के दिमाग को दूषित कर रही है। इसके लिए इन्हें समय≤ पर टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया कि आज के परिवेश में टेक्नोलॉजी एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। सभी को इनकी बारीकियों से परिचित होना होगा। इससे विद्यार्थी देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते है। कार्यक्रम में सीईओ ने कहा कि छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव सफलता की सीढ़ी पर आसानी से पहुँचा सकते है। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्रों को कॅरियर के टिप्स दिए। कार्यक्रम में भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के वरिष्ठ आचार्य के0 के0 वर्मा ने टेक्नोलॉजी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज समय में टेक्नोलॉजी सभी के जीवन की अनिवार्यता हो गई है। सभी को इसके एप्लीकेशन जानना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से सफल जीवन जीने के लिए सकारात्मक विचारों को आत्मसात करना जरूरी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो0 गंगाराम मिश्र ने की। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करके ज्ञान के विकास में वृद्धि कर सकते है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्रम भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 सचिन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 सिंधु सिंह, डॉ0 अश्विनी कुमार, डॉ0 ज्ञानेश्वर गुप्ता, डॉ0 संदीप पांडे सहित विभाग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शासन प्रसासन की उपेक्षा का शिकार महर्षि पारासर का मंदिर !उप्र0 पर्यटन स्थल मे नहीं मिला स्थान !

गोशाईगंज-अयोध्या। जनपद के उत्तरी सिरे मया-टांडा संपर्क मार्ग पर हाईवे से सटे 7 सौ मीटर की दूरी पर निरंतर कल कल बहती सरयू नदी के किनारे डेढ एकड परिक्षेत्र मे फैले रामायण कालीन महर्षि पाराशर की तपोस्थली क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों तथा शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है।करीब 7-8 साल पूर्व यहा पर श्रद्धालुओ के रूकने व ठहरने के लिये समाजसेवी पं0 श्याम नरायन तिवारी द्वारा दान की गयी जमीन पर 15म30 का एक कमरा तथा महिलाओं को बस्त्र बदलने के लिए चेंजिंग रूम के अतिरिक्त मुख्य मार्ग से मंदिर परिसर तक आधा अधूरा इण्टर लाकिंग सडक बनवाया तो गया है,लेकिन वह भी समय बदलने के साथ अपनी कायाकल्प की बाट जोह रहा है।चैत्र राम नवमी,महा शिवरात्रि,कार्तिक पूर्णिमा सहित अन्य त्यौहारों पर आज भी यहा मेला लगता है।

और पुण्य कमाने तथा सरयू नदी मे स्नान की चाह रखने वालो का भोर से ही तपोस्थली समीप सरयू घाट पर हजारो की संख्या मे महिलाओं- पुरूषो का जुटना शुरू हो जाता है।लेकिन घाट पर न तो सीढी बनी और न ही यात्रियों के विश्राम हेतु बिश्रामालय व बेंच।क्षेत्रीय लोगो की मांग पर यह स्थल उ0प्र0 पर्यटन स्थल के नक्शे से आज भी कोसो दूर है।प्रदेश में कांग्रेस सरकार के जाने के बाद कई बार बसपा,सपा और भाजपा की सरकार बनी,लेकिन इसकी बदहाल सूरत आज तक नहीं बदली। 11 साल पूर्व यह इलाका कटेहरी विस0 का अंग हुआ करता था।यहा से कई बार बसपा से चुनाव जीतने वाले विधायक धर्मराज निषाद बसपा सरकार मे एक बार मंत्री भी बने, किंतु इस रमणीक स्थल के सुंदरी -करण हेतु उन्होंने कुछ नहीं किया।बर्ष 2012 मे जब चुनाव आयोग ने नवसृजित गोसाईगंज बिधान सभा का सृजन किया तो लोगो को यहा के काया कल्प की आस जगी थी।पहली बार चुनाव जीत कर असेंबली पहुंचे सपा बिधायक अभय सिंह ने अपनी निधि से इस मंदिर परिक्षेत्र से 3 सौ मीटर दूर स्थित दिलासीगंज अंत्येष्टि स्थल पर बरसात मे शव को जलाने मे हो रही परेशानियो को देखते हुए क्षेत्रीय लोगो की मांग पर टीन शेड शव स्थल के अलावा लोगो को बैठने के लिए गुंबद मे चबूतरा भी बनवाया था लेकिन पाराशर ऋृषि के तपोस्थली के कायाकल्प की ओर उनका ध्यान ही नही गया।दिलचस्प है कि भाजपा-अपना दल से निर्वाचित हुए बिधायक खब्बू तिवारी का भी कार्यकाल ख़तम हो गया और मौजूदा विधायक का भी लगभग 2 साल का कार्यकाल ख़त्म होने क़ो हैं बावजूद स्थितिया जस की तस हैं।परिसर मे महर्षि पाराशर के अलावा भगवान संकर,माँ दुर्गा का एक मंदिर हैं!शास्त्रों-पुराणों से ज्ञात होता हैं कि त्रेतायुग मे जब लंकाधिपति रावण का बध करने के बाद अयोध्या मे राजा राम का राज्याभिषेक हुआ तो उन्होंने सभी राजाओ, महाराजाओं,मित्रों को बिदा कर दिया।सभा मे मौजूद ऋृषि बाल्मीकि,ऋृषि यज्ञ बालक,ऋृषि पारासर तथा महर्षि श्रंगीऋृषि जाने लगे तो प्रभु श्रीराम ने इनकी छत्र छाया हमेशा अयोध्या वासियो पर बनी रहे इसके लिए इन चारो ऋृषियो को अयोध्या परिक्षेत्र मे बहती सरयू नदी समीप निवास करने की अनुनय बिनती की।बताया जाता है कि राम जी के इस अनुरोध को चारो महात्मा अस्वीकार नही कर सके और अयोध्या से 30 किमी0 दूर इस भयानक जंगल में रहकर तपस्या करने लगे।बाल्मीकि ऋृषि की तपो- भूमि मया ब्लाक के दलपत पुर गाँव मे,यज्ञ बालक ऋृषि की दिलासीगंज बाजार मे तथा पारासर ऋृषि की पौसरा गाव मे एवं महर्षि श्रंगीऋृषि की तपोभूमि शेरवा- घाट(सुजानपुर) गाव मे आज भी मौजूद है।श्रंगीऋृषि मंदिर पर क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन की नजरें तो इनायत हो गयी लेकिन 6 दशक बीतने के बाद भी इन तीन ऋृषियो की तपोभूमि की उपेक्षा आज तक दूर नही हुई।पौसरा गाँव निवासी डा0 डी0 एस0 प्रजापति ने बताया कि पारासर ऋृषि के नाम पर गाँव का नाम पौसरा पडा।

साढे चार दशक पूर्व गाँव मे शिक्षा की अलख जगाने तथा लोगो को शिक्षित करने के लिए पारासर बिधा मंदिर मे अब इंटर कालेज संचालित हो रहा है।ग्रामीणो ने बताया कि सन 1977 के पूर्व जब लोगो के लिए आवागमन के साधन कम थे तो सरयू नदी के उस पार स्थित बस्ती जनपद के ह र ै या , बि श ो ष र ग ं ज , छावनी,दुबौलिया,कप्तानगंज के लोग इस क्षेत्र में नौका के सहारे आते थे।लगभग 5 हजार की आबादी वाले पौसरा गांव में हिन्दू-मुस्लिम रहते है।आज भी मनोवांछित फल की कामना के लिये श्रद्धालुओं के साथ ही गाँव वाले यहा पूडी,हलवा,गुलगुला चढ़ाकर जहा कालिका पूजन करते है,वही नये युगल जोड़े अपनी जीवन मे खुशहाली बनी रहे,इसको लेकर मन्नत मागने आते है।प्रशासन का नही मिलता सहयोग÷

महर्षि पारासर की तपोस्थली स्थित इस परिसर मे भगवान शंकर के साथ अन्य देवी देवताओं की मूर्ति विधमान है।ग्रामीणों का कहना है कि पूजन अर्चन तथा रागभोग के लिए क्षेत्रीय लोगो का सहयोग मिलता रहता है।लेकिन आज तक शासन स्तर से एक धेले का कोई सहयोग नही मिला। क्या कहते है ग्रामीण÷समाजसेवी व व्यापारी नेता अरविन्द सिंह व गोशाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जायसवाल ने बताया कि प्रमुख स्नान पर्वो पर सरयू नदी मे स्नान ध्यान कर मनोवांछित फल की कामना को लेकर मेलार्थियो का आना जाना लगा रहता है।लेकिन पारासर मंदिर समीप से गुजरी सरयू घाट पर सीढियो का अभाव है।

अनंत लाल सोनी व अविनाश जायसवाल ने कहा कि मंदिर का सौन्दर्यी करण न होने से इतिहास के पन्नों मे यहा की महत्ता श्रद्धालुओं को दूर करती जा रही है!शासन-प्रषासन से कोई सहयोग न मिलने के कारण पुजारी को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है।दीपक कसौधन ने कहा कि श्रद्धालुओं को बैठने के लिए बेंच का अभाव है।भक्ति सेवा परमो धर्म÷ के अजय कसौधन व पूर्व प्रधान नागेंद्र गोस्वामी का कहना है कि मंदिर परिसर मे यूरिनल व शौचालय न बने होने से खासकर महिलाओं को काफी परेशानिया उठानी पडती है।भाजपा नेत्री व गोशाईगंज नगर पंचायत की चेयरमैन डा0 बिजय लक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि जल्द ही एक प्रति निधि मंडल मुख्यमंत्री से मिल एक मांग पत्र देकर श्रंगीऋृषि मंदिर के साथ ही इन तीनो महर्षियों के तपोभूमि को भी पर्यटक स्थल मे शामिल करने की मांग करेगा!

# चौथी रैंक प्राप्त करने वाले छात्र सत्यम कुमार तथा 9वा रैंक प्राप्त करने वाले आदर्श कुमार व होनहर छात्र अंशुमान तिवारी



अयोध्या।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के शनिवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में शिवकली देवी इंटर कलेज सुबटहा रसूलाबाद के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यालय और परीक्षार्थियों के परिवार में जश्न का माहौल है। कई छात्रों ने जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम की सूची में विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार निषाद व आदर्श कुमार तथा अंशुमान तिवारी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विद्यालय के संचालक ध्रुब उपाध्याय व ब्यवस्थापक संतोष उपाध्याय ने हाई स्कूल की परीक्षा में 96.50 फीसदी अंक प्राप्त करने के साथ जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान पाने वाले सत्यम कुमार और उनके पिता तुलसीराम को विद्यालय में मिठाई खिलाकर सम्मानित किया शुभकामना देते हुए उत्साहवर्धन किया। अयोध्या जनपद की मेरिट सूची में 9वा स्थान पाने वाले आदर्श कुमार तथा 89.67 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र अंशुमान तिवारी व 86 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र आशीष तिवारी तथा ऋषभ कुमार को भी शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की बधाई दी। प्रधानाचार्य रेखा उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आया है। इस मौके पर विद्यालय के संचालक संतोष उपाध्याय ने कहा कि लक्ष्य को निर्धारित करके मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है, होनहार विद्यार्थी अलग होते हैं। उनकी प्रतिभा से ही विद्यालय गौरवान्वित होता है। विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करने के दौरान विद्यालय के शिक्षक अतुल मिश्रा, अनुज शर्मा , विकास तिवारी , आलोक श्रीवास्तव , अवधेश यादव सहित अन्य शिक्षक तथा शिक्षिकाएं मौजूद रही । छात्रों ने खुशी में एक दूसरे को कंधों पर उठाया और मिठाई खिलाकर व गले मिलकर बधाई दी।

# सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज के स्नेहा निषाद और पंकज यादव ने किया टॉप

**झूसी ।** सरोज विद्याशंकर इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आते ही मेधावियों के चेहरे खिले । खुशी से सब एक दूसरे से मिलते हुए आपस में भी बधाई दी। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ
हाई स्कूल के 144 छात्र-छात्राओं में 138 छात्र छात्राएं सम्मान सहित उत्तीर्ण हुए और शेष छात्र भी 70त्न से अधिक अंक प्राप्त किए।
इंटरमीडिएट में 148 छात्र-छात्राओं में 138 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और 97 छात्र छात्र सम्मान सहित उत्तीर्ण हुए।हाईस्कूल में कॉलेज टॉपर स्नेहा निषाद 95त्न के बाद 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिया यादव दूसरे स्थान पर रही।रिया त्रिपाठी 94 प्रतिशत, कृष्णा द्विवेदी 93.83 प्रतिशत, शिवांशु यादव 93.17 प्रतिशत, अंश कुमार त्रिपाठी 93 प्रतिशत, हर्ष यादव 93 प्रतिशत, श्रेया यादव 93 प्रतिशत, नीरजा सोनी 92.67 प्रतिशत स्तुति केशरवानी ने



92.67, सत्यम यादव 92.5, शुभी मिश्रा 92.5, प्रांजल कुशवाहा 92, शशांक यादव 91.83, अनुपम पाठक 91.67, शिवम यादव 91.67, साक्षी सिंह 91.67, प्रांशु तिवारी 91.5, प्रज्ञा 91.33, मधु सूदन ओझा 91.17, वैष्णवी त्रिपाठी 90. 83 व प्रशांत यादव 90.5 त्न इतेश 90.33त्न आशुतोष यादव 90.57त्न निखिल मिश्रा 90त्न हर्षित सिंह 90त्न सौम्या त्रिपाठी 89.67 प्रतिशत रिया कुशवाहा 89.5 प्रतिशत सौरभ पाल 89.33 प्रतिशत और वर्तिका यादव 89त्न ने अंक प्राप्त किए ।
इंटर मीडिएट परीक्षा में टॉपर छात्र पंकज यादव 92त्न के बाद प्रखर दुबे 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कॉलेज में दूसरे स्थान पर रहे. कुमार कार्तिकेय को 90, मयंक द्विवेदी 87.4. शुभम यादव 86.8, स1ष्टि यादव 86.2, आदि यादव 86, आदर्श साहू 8 4.4. पीयूष मौर्य 84.4, आकाश गिरि ने 84 प्रतिशत अंक हासिल किया. वहीं तनु कुशवाहा 84, हर्षित यादव 83.6, वीर सिंह पटेल 82.6, अदिति सिंह 82.6, नवीन यादव 82.6, प्रीति विश्वकर्मा 82.4, अंकुश यादव 8 ज़ 2.2. राज दुबे 82.2, आयुषी तिवारी 82.2, पीयूष कुशवाहा 81.4 और दीपाली तिवारी ने भी 81.4 त्न अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने समस्त छात्र भैया-बहनो को सफलता की बधाई दी। हाई स्कूल में 90त्न या अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हॉफ फीस स्कॉलरशिप तथा 95त्न या अधिक अंक वालों को दो वर्ष तक फुल फीस स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा।
प्रबन्धक डॉ दुर्गाप्रसाद मणि त्रिपाठी ने बधाई देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम अच्छे परिणाम दिलाती है।

## हिस्सा बांटने को लेकर भाई-भाई में हुई जमकर मारपीट दस लोग हुये घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव में हिस्सा बांटने को लेकर भाई-भाई में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों तरफ से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार राजेपुर गांव में रविवार सुबह हिस्सा बांटने को लेकर भाई-भाई में गाली गुत्ता होने के बाद बात इतनी बढ़ी कि जमकर लाठी डंडे चले। जिस मारपीट में एक तरफ से कमरे आलम, मोहम्मद सईद, मोहम्मद जावेद, सालिया बेगम, मोहम्मद मेराज को चोटे आई। वहीं दूसरी तरफ से अरशद अली उर्फ पप्पू, फातमा बेगम, तबस्सुम, मोहम्मद तौसेन, मोहम्मद रईस को भी चोटे आई। दोनों पक्षों की तहरीर पर थाना अध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया भेजा।

## वृद्ध दम्पति को पीटने वालों को छोड़ने पर चार पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज, लाइन बुलाये गये

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के उष्मापुर गाँव में मंगवाकर की रात एक वृद्ध दम्पति को पीटने वालों को यूपी 112 पुलिस को छोड़ना उनको भारी पड़ गया। शिकायत पर यूपी 112 डायल प्रभारी ने चार पुलिस कर्मियों पर गाज गिराई है । उन्हें लाइन बुला लिया गया। जिससे सनसनी फैल गयी है।
आपको बताते चलें कि उस्मापुर गांव के वृद्ध दम्पति को मंगलवार को एक बजे रात जेसीबी से खुदाई का विरोध करने पर पड़ोसियों ने पीट दिया। पड़ोसियों ने वृद्ध की पिटाई के बाद वृद्धा का सिर फोड़ दिया था। पीड़ित दम्पति रात को ही यूपी 112 पुलिस को कॉल किया था।
आधी रात को ही यूपी 112 डायल की दो गाड़ियां वहां पहुंच गयी। दम्पति को पीटने वालों को पुलिस ने पकड़ भी लिया। लेकिन उन्हें बलीपुर बाजार लाकर एक छुट भैया नेता की



मध्यस्थता पर छोड़ दिया गया था। बताया जाता है कि सुबह आरोपित पुनः वृद्ध दम्पति को मारने की धमकी दी तो वृद्ध दम्पति थाने पहुँच कर फफक कर रोने लगा। दम्पति ने आरोप लगाया डायल 112 पुलिस से पैसे लेकर आरोपित को छोड़ दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने वृद्ध की पीड़ा को सुना और केस दर्ज कर घायल वृद्धा को सीएससी सैदाबाद इलाज के लिए भेज दिया। आए दिन ऐसे ही यूपी 112 पुलिस की शिकायत से आजिज थानाध्यक्ष ने यूपी 112 डायल प्रभारी प्रयागराज से शिकायत कर दी। फलस्वरुप 112 डायल प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डायल 112 के चार पुलिस कर्मियों को लाइन क्लोज कर लिया। जिससे लापरवाही करने वाले अन्य पुलिस कर्मियों में सनसनी फैल गई है। आपको बताते चलें कि काफी दिनों से एक ही इलाके में रहते रहते उक्त डायल 112 के सिपाही वसूली में लिप्त हो चुके थे।

## केडी पब्लिक इंटरमीडिएट का शत प्रतिशत सफलता पर झूमे बच्चे, बेटियां रही अव्वल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के केडी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज नीमिथरिया, उतरांव का बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा रहा। परीक्षा फल अच्छा आने से विद्यालय के बच्चे खुशी से झूम उठे। लड़कों की अपेक्षा विद्यालय की बेटियां अव्वल रही है। केडी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज नीमिथरिया, उतरांव इलाके का एक प्राचीन और प्रतिष्ठित विद्यालय है। इस विद्यालय में हाई स्कूल में 280 छात्र छात्राएं तथा इंटर में 270 छात्र छात्राएं इस वर्ष परीक्षा दी थी। जिसमें शत प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। शत प्रतिशत सफलता पर रविवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह पटेल ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विधालय में बुलाकर उन्हें शाबाशी देते हुए उनका मुंह मीठा कराया। हाई स्कूल



में श्वेता पटेल 96त्न अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। रितु 93त्न, शिवानी 92त्न, अनुराधा, आरती, अविष्का, अंतिमा 91त्न अंक हासिल किया।
आरती विश्वकर्मा, आकांक्षा 90त्न , बबली पटेल, वन्दिता केसरवानी 84त्न, महक, अनिस्मा 89त्न, अंजनी 88त्न, सानिया बनो 86त्न अंक हासिल किया। इसी प्रकार इंटर में शामली यादव 92त्न अंक पाकर विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। रिमझिम सचान ,प्राची तिवारी, साहिबा, आस्था, सपना ,अंजलि, सुधा सोनी, नाजिया बानो, शिवांकी, बबिता पटेल, नूरसवा, प्रियंका, सोनाली ,पूजा पटेल, कुसुम, प्रीति पटेल, प्रीति साव, आरती पाल, ज्योति आदि बेटियों ने अच्छे अंक पाकर जलवा कायम रखा। छात्रों की अपेक्षा छात्राएं अच्छा अंक प्राप्त किया। जिससे उनकी खुशी देखते ही लायक थी।

## जनपद में क्षेत्र का नाम रोशन कर रहा हैं राजकीय विद्यालय मीरकपुर के छात्र-छात्राएं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया के अंतर्गत स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मीरकपुर (अभईपुर) की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा विद्यालय के छात्रों में सचिन 95त्न 33 प्रथम स्थान गुलाल 93त्न 16 द्वितीय स्थान विनय 91त्न के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया छात्राओं में कोमल को 80त्न गर्मियां 75त्न तथा रेशा 33त्न अंक प्राप्त किया इस प्रकार विद्यालय में तथा क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है प्रधानाचार्य सुधा देवी ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल के भविष्य की कामना की एवं इसके लिए छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया इस मौके पर आशुतोष पांडे, बीना कुमारी, संध्या यादव, सविता त्रिपाठी व आलोक विश्वकर्मा के साथ-साथ विद्यालय के छात्र छात्राएं रहे ।




## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल, रिफर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के तुलापुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र बुरी तरह जख्मी हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर सरकारी एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी मैलहा ले आया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को शहर के लिए रिफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार फूलपुर थाना क्षेत्र के चकरा गांव निवासी रूपनाथ अपने बेटे शिव शंकर के साथ बाइक से जा रहे थे। जैसे ही तुलापुर स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचे सामने से आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने टक्कर
मार दी। जिससे पिता पुत्र बुरी तरह जख्मी हो गए।

## एसके साहू क्लब को मिली जीत

### संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट




**प्रयागराज।** एसके साहू क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को एक विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। दौलत हुसैन मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 166 रन (अनस अहमद 74, फैज अली 41, दानिश अली 21, दीपक यादव 2/14, आजम हुसैन 2/43) बनाए। जवाब में एसके साहू क्लब ने 19.4 ओवर में 9 विकेट पर 168 रन (मोहम्मद तैमूर 45, सिद्धार्थ मिश्र 35, ओम राय 27, आजम हुसैन 14, दानिश अली 3/22, अखिलेश यादव 2/39) बना लिए। आजम हुसैन को एजीयूपी के क्रिकेटर शाहनवाज खान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता में सोमवार को दो मुकाबले खेले जायेंगे। मैच से पूर्व दोनों टीमों ने इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की अंपायर्स एवं स्कोरर्स समिति के संयुक्त संयोजक शिशिर मेहरोत्रा की माता उषा मेहरोत्रा (71 वर्ष) के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## अन्विता ने इंटर टॉप कर बढ़ाया जिले का मान

### कुबेरमती पांडेय मेमोरियल इंटर कॉलेज की मेधावी अन्विता ने रचा इतिहास



**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य की बेटी अन्विता पाण्डेय ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परिवार व जिले का मान बढ़ाया है। अन्विता के परिजनों सहित सभी ने बधाई देते हुए हर्ष जताया है।
स्थानीय एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय की पुत्री अन्विता पाण्डेय बचपन से ही पढ़ने में काफी तेज थी। अन्विता पढ़ाई के साथ साथ लोगों की सेवा भावना के कारण वह चिकित्सा सेवा में जाकर लोगों की सेवा करने की इच्छा रखती हैं। शनिवार को यू पी बोर्ड की घोषित परिणाम में उन्हें 500 में से 477 अंक प्राप्त हुए हैं वह नीट की तैयारी कर रही हैं और मेडिकल क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं। अन्विता ग्राम श्रीदत्तगंज के कुबेरमती पाण्डेय मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्रा हैं और शिक्षकों की माने तो वह बहुत परिश्रमी छात्रा हैं। अन्विता अपनी माता डॉ रंजना पाण्डेय जो कि जूनियर हाई स्कूल गंगाडीह में प्रधानाध्यापिका हैं उनसे बहुत प्रभावित है। अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता पिता व स्कूल के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों देते हुए अन्विता का कहना है कि नियमित अध्ययन व दृढ़ इच्छाशक्ति के बलबूते बड़ी से बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती है। उनका कहना है कि वह अपने माता पिता की प्रेरणा से एक चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा करना चाहती हैं।

## बाल भारती स्कूल एंड कॉंलेज दानपुर करमा में हाईस्कूल में बेटियों का रहा जलवा

### माता पिता द्वारा श्रुति जायसवाल को लड्डू खिला कर उत्साह वर्धन बढ़ाया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौंधियारा (प्रयागराज )।** गाँवों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है जिले में एक से बड़ कर टापर स्कूल हैं । जहा पढ़ाई और कोचिंग के नाम पर अभिभावक लाखों रुपये खर्च कर के अपने बच्चो का भविष्य सवारने में लगे हैं । किन्तु कौंधियारा ब्लाक के ग्राम सभा बड़गोहना खुर्द के रहने वाली किसान के घर की एक छात्रा ने बिना किसी कोचिंग के केवल घर पर और स्कूल में पढ़ाई कर के यूपी बोर्ड के हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम में शनिवार को सब को चौका दिया । प्रयागराज विकास खण्ड कौंधियारा के ग्राम बड़गोहना खुर्द के रहने वाले संजय कुमार जायसवाल एवं उनकी पत्नी सरोज जायसवाल घर पर रहकर कर खेती किसानी का काम करते हैं । उनकी बड़ी पुत्री श्रुति जायसवाल घर पर रहकर घर में माँ के साथ खेती किसानी में हाथ बटाने के साथ बाल भारती स्कूल एंड कॉंलेज दानपुर करमा



प्रयागराज में हाईस्कूल की पढ़ाई करती थी स्कूल में आने जाने के बाद घर पर मन लगा कर पढ़ती थी उसने कही कोई कोचिंग भी नहीं किया इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दिया था । शनिवार को जब यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो श्रुति जायसवाल 600 अंक मे से 537 अंक पा कर स्कूल में 6 वां स्थान पा कर सब को चौका दिया । बताया जा रहा है जानकारी मिलते ही विद्यालय के लोग प्रांशी का प्राप्तांक 554 /600 प्रतिशत 92,33 त्न सृष्टि शुक्ला प्राप्तांक 551/600 प्रतिशत 91,83त्न प्रांजल ओझा प्राप्तांक 549/600 प्रतिशत 91,5 त्न वैभव शुक्ला प्राप्तांक 540/ 600 प्रतिशत 90 त्न श्रुति जायसवाल प्राप्तांक 537/ 600 प्रतिशत 89,5त्न इन सब लोगों को स्कूल बुला माला पहना कर स्वागत किए । घर वापस आने पर परिजनों ने खुशियों का इजहार करते हुए लड्डू खिला कर मिष्ठान वितरण कर उक्त प्रतिभाशाली छात्रा का उत्साह वर्धन करते हुए उसे आगे की पढ़ाई करने में हर सभव मदद करने का आश्वासन दिये।

## विद्युत विभाग के जेई और उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### आय से 157 गुना अधिक संपत्ति का है मामला

**प्रयागराज।** विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर फूल सिंह और उनकी पत्नी शिक्षिका आशा सिंह के खिलाफ विजिलेंस थाने में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच में पता चला है कि दंपती ने आय से अधिक संपत्ति जुटाई है।पौने तीन करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति मिलने के बाद विजिलेंस इंस्पेक्टर कैलाश पति सिंह ने बमरौली में विद्युत मीटर विभाग के जेई फूल सिंह और प्राथमिक विद्यालय फूलपुर में कार्यरत सहायक अध्यापिका आशा सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।
उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में फूल सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मिली थी। जिसके बाद बिजलेंस टीम को जांच सौंप गई थी। इस दौरान दंपति की कुल एक करोड़ 74 लाख 82 हजार रुपए पाई गई है। उन्होंने चार करोड़ 49 लाख 41 हजार की अर्जित संपत्ति इकट्ठा की है। प्रथम दृष्टया दो करोड़ 74 लाख 58 हजार से अधिक की संपत्ति पाई गई है।
आय से 157 प्रतिशत अधिक की प्रॉपर्टी जांच में मिली है। जेई और पत्नी के पद संपत्तियों के बारे में कोई भी सबूत और बयान नहीं दिया गया है। जिसके आधार पर दोनों को भ्रष्टाचार का आरोपित बनाया गया है। मुकदमे में जांच के आधार पर भ्रष्टाचार से जुड़ी अहम जानकारी सामने आ सकती है। इसके बाद दोनों के गिरफ्तारी भी की जाएगी।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की संस्तुति पर अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर प्रयागराज नवाब खान ने महानगर प्रयागराज अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्षों को मनोनीत किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मनोनीत होने वाले नवनियुक्त अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्षों में खुल्दाबाद मंडल अध्यक्ष एखलाक हुसैन, प्रीतम नगर मंडल अध्यक्ष तनवीर हैदर, राजरूपपुर मंडल अध्यक्ष मोहम्मद सरताज खान, गंगा पट्टी मंडल अध्यक्ष कुलदीप खालसा, यमुना पट्टी मंडल अध्यक्ष आसिफ चौधरी, चौक मंडल अध्यक्ष मनीत सिंह, कीडगंज मंडल अध्यक्ष शमीम फारुकी, मीरापुर मंडल अध्यक्ष कमल सिंह, नैनी मंडल अध्यक्ष इमरान सिद्दीकी पप्पू, मुट्ठीगंज मंडल अध्यक्ष समसुल हुसैन, शिवकुटी मंडल अध्यक्ष समसुल कमर, सिविल लाइन मंडल अध्यक्ष मोहम्मद अहमद नूर, विश्वविद्यालय मंडल अध्यक्ष अली, भारद्वाज मंडल अध्यक्ष मोहम्मद नाजिम, बेनी माधव मंडल अध्यक्ष मोहम्मद दानिश परवेज मनोनीत किए गए।
मनोनीत किए गए सभी मंडल अध्यक्षों को राजेश केसरवानी, आनंद जायसवाल, राकेश भारतीय, मनोज शुक्ला, आनंद सिंह, रोहित जायसवाल, राजेश गोंड, मोहम्मद शरीफ, बिलाल अहमद, राशिद इब्राहिम, अफसर आलम ने शुभकामनाएं दी।

## बहरिया पुलिस ने एक वांछित अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** बहरिया थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 213/2023 धारा- 498ए/304(बी) भा0द0सं0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता राजकुमारी यादव पत्नी भइयाराम यादव निवासिनी चतुरपर को
बहरिया पुलिस टीम द्वारा रविवार को चतुरपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुवे माननीय न्यायालय भेज दिया।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 अमित कुमार सिंह, म0उ0नि0यू0टी0 सौभ्या गुप्ता, का0 अंजनी यादव व म0का0 आशा वर्मा आदि स्टाफ रहे।

## मौसम के बिगड़े मिजाज से रहें सावधान, संक्रामक बीमारी ने पसारा पाव- डॉ सीपी सिंह

**बलरामपुर ।** अप्रैल की गर्मी ने इस बार पिछले कई वर्षो का रिकार्ड तोड़ दिया है। ऐसे में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। खासतौर से बच्चों की सेहत पर तपन भारी पड़ने लगी है।
इन दिनों भीषण गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल है। गर्मी के कारण न केवल मानव जीवन बल्कि जीव-जंतु भी प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी के कारण इलाकों में पोखरे व तालाब सूखने से पशु पक्षी पानी के लिए परेशान हैं। तेज हवा व लू के चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। मौसम में रोज हो रहे बदलाव के कारण न सिर्फ बच्चे-वृद्ध लू की चपेट में आ रहे हैं बल्कि तेज धूप के कारण दिनभर सड़कों पर सन्नााटा पसरा रहता है। वैसे तो बैशाख गर्मी का महीना होता है, लेकिन इस बार यह महीना कुछ ज्यादा ही तप रहा है। मौसम के बिगड़े मिजाज के कारण लोग खासे परेशान हैं। दोपहर के समय धूप की तपन से बदन में जलन महसूस हो रही है। रही-सही कसर लू के थपेड़े पूरी कर रहे हैं। जिससे दोपहर के समय सड़कें गहरे सन्नााटे में डूबी रहती हैं। केवल वे लोग ही घरों से बाहर निकल रहे हैं जिनके लिए घर से निकलना मजबूरी है। रात के तापमान से दिन में दोगुनी गर्मी का एहसास होने लगा है। लोगों की मानें तो अप्रैल में पिछले कई दशक में इतनी गर्मी नहीं हुई जितनी इस बार पड़ी है। पूर्व के वर्षों में किसी एक दिन तापमान अधिक होता था, इसके बाद तापमान में गिरावट आ जाती थी, लेकिन इस बार ऐसा न होने से गर्मी असहनीय होती जा रही है।
*वायरल फीवर, सर्दी, उल्टी-दस्त के केस बढ़े।तेज गर्मी व लू के असर से बड़ी संख्या में लोग वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, पेट दर्द, उल्टी-दस्त से पीड़ित हो रहे हैं। बीमारों में बच्चों और वृद्धों की संख्या अधिक है। जिससे सरकारी व निजी अस्पताल की



ओपीडी में ऐसे मरीजों का इजाफा हुआ है। गांवों में लोग नीमहकीम व झोलाछाप डाक्टरों से इलाज कराने को मजबूर हैं। सीएचसी उतरौला के अधीक्षक डॉ सीपी सिंह का कहना है कि तेज गर्मी या बार-बार बदलते मौसम में बीमारियों से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है। तेज धूप से बचाव के लिए गमछा, कैप, चश्मे का उपयोग करें। पूरी बाजू के सूती वस्त्र धारण करें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। वायरल और पेट की गड़बडी से बचाव के लिये ताजा भोजन करें, संभव हो तो फलों का ज्यादा उपयोग करें। साथ ही खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें, शराब व केफिन के सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दिन में दोपहर 12 से शाम 04 के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पिएं, बुखार व लू लगने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। ह्.ऋ.स्. का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है।
बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत सीएचसी पर आकर समय से इलाज कराएं। नागरिकों से कहा गया है कि लू (तापघात) के लक्षण दिखाई देते ही निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। बचाव के उपाय करें। ग्रीष्म ऋ्रतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना लू (तापघात) के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं।

## नॉर्दन एवं विष्णु भगवान फ़ाइनल में

### "गोल" अन्डर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के फुटबॉल मैदान पर आज ÷गोल÷ फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग के आज के मैच में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी एवं विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के बीच मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार नॉर्दन की ओर से शक्षम ओराओं एवं विष्णु भगवान की ओर से आदित्य उपाध्याय ने गोल किया। दिन के दूसरे मैच में फाफामऊ एवं नैनी` फ़ सी के बीच खेला गया मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।
लीग राउंड की समाप्ति के बाद सभी टीमों ने कुल तीन तीन मैच खेले है जिसमे विष्णु भगवान के 7 अंक, नॉर्दन अकादमी के 5 अंक, फाफामऊ के 2 अंक, नैनी` फ़ के 1अंक है। अंको के आधार पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल एवं नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने फ़ाइनल में जगह बनाई।

## बढ़ता तापमान और विद्युत कटौती

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर।** फूलपुर क्षेत्र के ग्रामीण फीडरों को आए दिन की आग लगी की घटनाओं के मद्देनजर दिनभर कटौती की जा रही है।
बढ़ते 41 डिग्री तापमान उस पर जबरजस्त लगन व वैवाहिक कार्यक्रम के कारण लोगों को फजीहत झेलनी पड़ रही है। एक तो लू के थपेड़े दूसरे घर में कैद रहने पर विद्युत कटौती का दंश झेलना पड़ता है।
इन दिनों जबरजस्त वैवाहिक कार्यक्रमों को भी दिन की कटौती से दो चार होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा पानी की समस्या वैवाहिक कार्यक्रमों में खड़ी हो रही है।

# बड़े धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। प्रातःकाल मंदिर जी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। तत्पश्चात श्रीजी को रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जैन धर्मावलम्बियों द्वारा जगह-जगह प्रसाद वितरित किया गया। सरावगी टोला स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में बुजुर्ग, बच्चे, महिलाओं ने उपस्थित होकर श्रीजी का अभिषेक व पूजन किया। तत्पश्चात श्रीजी को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा की शुरूआत हुई। शोभायात्रा उद्घाटन का सौभाग्य नीरज जैन परिवार को प्राप्त



हुआ। श्रीजी के रथ का सारथी बनने का सौभाग्य पराग जैन को प्राप्त हुआ। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर बजाजा चैराहा, रामकुण्ड चैराहा होते हुए महावीर उद्यान पहुँची जहां श्रीजी को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक, शांतिधारा और पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। महावीर उद्यान से शोभायात्रा पुनः रामकुण्ड चैराहा, कोतवाली मार्ग, बस स्टॉप होते हुए जैन मंदिर पर समाप्त हुई। जुलूस के दौरान जैन अनुयायियों ने जगह-जगह श्रीजी की आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त कर मानव कल्याण की कामना की। शोभायात्रा में महिलाए डांडियां नृत्य करते हुए खुशी जाहिर कर रही थी। भांगड़े की धुन पर युवा भी थिरकते नजर आये। वापस मंदिर पहुँचने पर सभी जैन धर्मावलम्बियों ने भगवान महावीर के जोरदार जयकारे लगाए। अतिथियों का स्वागत जैन समाज अध्यक्ष अनुज जैन ने माल्यार्पण, पगड़ी व बैज अलंकरण कर किया। इस दौरान आशिष जैन, प्रदीप जैन,अशोक जैन,भाजपा नेता अम्ब्रीश गुप्त, समाजसेवी अतुल वर्मा, विकास जैन, योगेश जैन, अरुण जैन,संदीप जैन आदि के साथ साथ जैन महिला मंडल की महिलाओ ने अपनी सहभागिता निभायी।

# सरस्वती विद्या मंदिर ने फिर रचा इतिहास

**तम्बौर,सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर के थाना क्षेत्र तंबौर के सरस्वती संगत विद्या मंदिर तंबौर ने फिर रचा एक नया इतिहास तंबौर के सुप्रसिद्ध व सर्वश्रेष्ठ सरस्वती संगत विद्या मंदिर हाईस्कूल के छात्र सरोज कुमार ने 92.66त्र पाकर किया नाम तंबौर का रोशन किया इसी क्रम में रुकसाद दूसरे जिन्होंने 92त्र अंक शौर्य सिंह कर कॉलेज का मान बढ़ाया टॉपर्स की लिस्ट में तीसरे स्थान अभिषेक कुमार 89 त्र अर्जित किये हाई स्कूल में तंबौर में अभी तक किसी भी छात्र ने 92त्र नहीं प्राप्त किये है सरस्वती संगत विद्या मंदिर ये नया इतिहास रचकर तंबौर का नाम रोशन किया है सरस्वती संगत विद्या मंदिर तंबौर परिवार इस छात्र के उज्वल भविष्य की कामना करता है।

# टेंन्ट से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी, एक की हुई मौत तीन घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** थाना महमूदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत पंचदेवरी गां के पास स्थित सिद्ध बाबा देव स्थान के समीप महमूदाबाद बिसवां मुख्य मार्ग पर टेंट के सामान से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि रमपुरवा से टेंट का सामान ट्रैक्टर ट्राली में भर कर क्षेत्र के अशरफपुर जाते समय महमूदाबाद बिसवां मुख्य मार्ग पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास यह सड़क हादसा हो गया। जिसमें ट्रैक्टर चालक राकेश पुत्र मुरली उम्र करीब 30 वर्ष निवासी रमपुरवा थाना बड्डूपुर, बाराबंकी , अवधेश पुत्र रमेश चंद्र, रोहित पुत्र भानू , आकाश पुत्र छोटकन्न आदि घायल हो गए। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद



से सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजवाया। जहां मौजूद डाक्टर ने चालक राकेश पुत्र मुरली को मृत्यु घोषित कर दिया, और घायल युवकों का इलाज शुरू किया पुलिस के एस आई प्रदीप पांडेय, एस आई मनोज दुबे, सिपाही आकाश धाका, समेत सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पहुचे और मृतक के शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया पारिवारिक जन आनन फ़ानन मौके पर पहुचे जहाँ परिवार के लोगो का रोरोकर बुरा हाल है परिवार मे भाई बहन, और चार छोटे बच्चे है

# सफाई कर्मी न आने से किशनपुर गांव में गंदगी की भरमार

## नियमित सफाई न होने के कारण गांव में फैलाने लगा संक्रामकरोग



**लहरपुर,सीतापुर।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर मे सफाई कर्मी के न आने से नालियों का गंदा पानी मुख्य मार्ग पर भरने से आवागमन में उठानी पड़ रही है भारी परेशानी। ज्ञातव्य है कि, किशनपुर गांव के अंदर मुख्य मार्ग पर नालियों की सफाई न होने से कारण नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिसके चलते ग्रामीण एवं गांव में आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, नालियों का गंदा पानी सड़क पर भरे रहने से गांव में मच्छरों का प्रकोप है, जिसके चलते मच्छरों के कारण बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

इस संबंध में ग्राम प्रधान अशोक कुमार भार्गव ने बताया कि सफाई कर्मी के न आने के कारण भारी परेशानी का उठानी पड़ रही है, सफाई न होने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, शीघ्र ही अन्य सफाई कर्मचारी को बुलाकर नालियों की सफाई करवा दी जाएगी।

इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने बताया की सफाई कर्मी तहसील में अटैच है, जिसके चलते गांव में सफाई नहीं हो पा रही है शीघ्र ही बाहर से अन्य सफाई कर्मियों को बुलाकर नालियों एवं गांव की सफाई करवा दी जाएगी।

# आचार संहिता की उड़ाई जा रही धज्जियां जिम्मेदार मौन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिधौली देहात,सीतापुर।** सिधौली क्षेत्र के पिपरा कस्बा चौराहे से कुंवर गड्डी चौराहे तक ई रिक्शा वाहन के द्वारा आचार संहिता की उड़ाई जा रही खुलेआम धज्जियां जिम्मेदार मौन चुनाव आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू कर दी गई है। लेकिन सिधौली विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार ई रिक्शा वाहन पर 2024लोकसभा चुनाव प्रचार को लेकर लगा है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर लगी हुई है और भाजपा को वोट देने के लिए भी दर्शाया गया है। आचार संहिता लागू होने के बाद भी ई रिक्शा वाहन क्षेत्र में दौडता हुआ नजर आ रहा है। जबकि आचार संहिता लागू होने के कारण किसी भी पार्टी को बिना परमिशन के प्रचार प्रसार करना वर्जित बताया गया है। लेकिन सिधौली विधानसभा क्षेत्र के पिपरा (कस्बा) चौराहे से दूसरे चौराहों पर आने जाने वाले ई रिक्शा वाहन के द्वारा भाजपा की प्रचार करके चुनाव आयोग के निर्देश पर पानी फेरने का काम किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारों की इस पर किसी की नजर ही नहीं डाली जा रही है। आखिर पुलिस प्रशासन की नजर में चुनाव आयोग के निर्देश की तरफ कब पहुंचेगी।

# गन्ना क्रय केंद्र सांडा से गन्ना ढुलाई करने वाले ट्रक में अचानक लगी आग



**सांडा सकरन,सीतापुर।** बिसवां चीनी मिल को गन्ना ढोने वाले ट्रक में गन्ना क्रय केंद्र सांडा के पास शनिवार को अचानक आग लग गई। लोगों ने कड़ी मसक्कत कर आग बुझाई। सेक्सरिया चीनी मिल बिसवां क्षेत्र के सांडा गन्ना तौल केंद्र के पास सड़क पर खड़े ट्रक में शनिवार को अचानक आग लगने से हड़कम्प मच गया। इसी बीच कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाकर पानी से आग बुझायी जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। आग लगने का कारण अभी तक नहीं पता चल सका है। गन्ना क्रय केंद्र सांडा पर बड़ी संख्या में गन्ने से भरी ट्रालियां तौल के इंतजार में कई दिनों से खड़ी हैं। तेज धूप के कारण किसानों का गन्ना ट्रालियों में सूख रहा है। जिससे किसानों का आर्थिक नुकसान हो रहा है। गन्ने के ट्रक में आग लगने से किसानों की समस्या और बढ़ गई है। क्योंकि इस ट्रक से सांडा गन्ना क्रय केंद्र से चीनी मिल बिसवां को गन्ना ढुलाई का कार्य होता था। ।

# अज्ञात कारणो से लगी आग साढे चार बीघा गेहूँ जलकर हुए राख



**सीतापुर।** मछरेहटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्दुवापुर में आज लगभग 03 बजे के आस पास गेहूं के खेत मे आग लग गई जिसमें कई साढे चार बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। जिसमे गांव के लोगों व अन्य गांव के लोगो द्वारा आग पर काबू पाया गया और जिसका कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। जिसमें मुन्ना लाल पुत्र मैकू लाल व अवधेश कुमार पुत्र रामासरे आदि कई लोगों के गेहूं जल कर राख हो गया। इन लोगा का काफी ज्यादा नुकसान हुआ है।

इसकी सूचना किसानों द्वारा लेखपाल को दी। लेखपाल ने गेहू की जली फसल का आकलन कर बताया कि किसान मुन्ना लाल 2 बीघा व अवधेश कुमार ढाई बीघा गेहूँ की फसल आग से राख हो गयी है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में आजाद इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम



**महमूदाबाद,सीतापुर।** तहसील महमूदाबाद क्षेत्र के सदरपुर इलाके में आजाद इंटर कॉलेज जाफरपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में छात्राओं ने लहराया परचम। छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में छात्र अवनीश कुमार ने 556 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, छात्रा शालिनी रावत ने 541 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान ,टीनू वर्मा ने 533 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसी प्रकार इंटरमीडिएट में छात्रा फरहत खातून ने 433 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान ,सौम्या पोरवाल 422 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान ,तथा अंजली वर्मा ने 404 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य वकील खान प्रबंधक सलीम खान व शिक्षकों के द्वारा माला पहनकर पुरस्कार कर बधाई दी गई जिसमें विद्यालय के प्रबंधक सलीम खान संरक्षिका कुमारी मंजू मिश्रा तथा अध्यापक गण संदीप कुमार, नंदराम ,सोनेलाल, अरविंद, बेचेलाल ,सुशील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में मारपीट, महिला घायल



**इमलिया,सीतापुर।** सीतापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसेती गांव में दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हो गया जिसमें एक महिला बुरी तरह घायल हो गई जिसे सीएचसी इमलिया सुल्तानपुर में भर्ती कराया गया जिसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बसेती निवासी नूरजहां पत्नी फिरोज की गांव के पश्चिम खाली जमीन पड़ी है जिस पर गांव के कुछ दबंग गुड्डू,मुख्तार ,इरसाद लोगों ने जबरन कब्जा कर रखा है। जिस पर दबंगों द्वारा टैक्टर ट्राली खड़ी कर रखी थी जिसे नूरजहां ने मना किया तो विपक्षियों ने खींचकर लाठी डंडों से मरना शुरू कर दिया जिससे महिला के सिर व शरीर पर काफी चोटें आई जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जिसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल भेजा गया।और विपक्षियों ने गन्दी गन्दी गालियां दी और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले।

थाना प्रभारी से इसके बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया एक ही गांव के दो पक्षों के मध्य जमीनी विवाद का प्रकरण है। दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीर पर अभियोग पंजीकृत है। दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर नियम अनुसार विधि कार्रवाई की जा रही है तथा घायल महिला को समुचित इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अनियंत्रित ट्रक ने घर के बाहर खड़ी पिकअप में मारी टक्कर एक व्यक्ति घायल

**तालगांव,सीतापुर।** लहरपुर बिसवां मार्ग पर ग्राम न्यामूपुर में अनियंत्रित ट्रक ने घर के बाहर खड़ी पिंकअप में मारी टक्कर,पिंकअप घर तोड़ती हुई अंदर घुसी एक घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम न्यामूपुर निवासी शफीक कुरैशी के घर के बाहर पिकअप खड़ी थी शनिवार देर रात बिसवां की तरफ से आ रहे एक ट्रक का अगला टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर ट्रक ने घर के बाहर खड़ी पिकअप में जोरदर ठोकर मार दी ठोकर लगने से पिकअप कमरे को नुकसान पहुंचाते हुए अंदर जा घुसी, कमरे में लेटे हफीज 65 वर्ष घायल हो गए, दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया। कोतवाली प्रभारी तालगांव वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दुर्घटना होने पर चालक को ग्रामीण द्वारा पकड़ लिया गया था जिसे हिरासत में लेकर करवाई की जा रही है कोई भी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सपनों की उड़ान को लगें पंख यूपी बोर्ड परीक्षा में महराजगंज के छात्राओं ने मारी बाजी

**रायबरेली महराजगंज-** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के 55 लाख से अधिक छात्र.छात्राओं के इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। यूपी बोर्ड ने दोपहर दो बजे 10वीं व 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। इसी के साथ टॉपर्स की लिस्ट भी बोर्ड परिषद ने जारी की है शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जैसे ही रिजल्ट की घोषणा की गई उसके बाद से छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी जिसमें



रायबरेली महाराजगंज की रहने वाली छात्रा पूजा पुत्री अनिल कुमारी ने अपने विद्यालय स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया वहीं छात्रा पूजा ने इस मेहनत का श्रेय स्कूल प्रबंधन और अपने परिवार को दिया और आगे चलकर पूजा इसी तरह से इंजीनियर और डॉक्टर बनकर देश का नाम रोशन करना चाहती है इतने अच्छे मार्क्स पानें वाली पूजा ने बोर्ड परीक्षा के पहले बिताए समय में बताया कि डर के कारण 8 घंटे तक पढ़ाई करती थी वहीं परिवार के लोग भी काफी प्रोत्साहित करते थे।

# ताबड़तोड़ विद्युत कटौती,जिम्मेदार अधिकारी मौन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विद्युत कटौती को लेकर जिले में हाहाकर मचा हुआ है पूरे जिले के शहर हो या नगर या ग्रामीणोंचल हो सब जगहों पर इन दिनो जमकर विद्युत कटौती किया जा रहा है।जिसको लेकर जिम्मेदार अधिकारी तक बेपरवाह है।समस्या का निदान करवाने में अच्छम साबित हो रहे है। लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है।चुनावी समर के बीच प्रत्येक बूथों में विद्युत व्यवस्था है या नही उसकी परख तक विद्युत कटौती के कारण नही हो पा रहा है जब अफ्सर जांच करने पहुंचते तो पता चलता है कि विद्युत गुल हो गया है।विद्युत कटौती के कारण गेहूं की फ्सल की इलेक्ट्रिक थ्रेसर से नही हो पा रहा है मजबूर होकर किसानों को ट्रैक्टर व डीजल थ्रेसर से फ्सलों को कतरवाना पड़ रहा है।खेतों की मड़ाई




के साथ साथ खेतों की धान की बेड़न तैयार करने हेतु रोपाई तक विद्युत कटौती से नही हो पा रहा है।आटा चक्की तक अधिकांश बंद होने पर चक्की व्यवसाई तक कहते है कि विद्युत बिल मनमानी आता है विद्युत समय पर मिलता नही है मोबाइल तक चार्ज करना ग्रामीणांचल मे दुस्वार हो रहा है।विद्युत कटौती के कारण मच्छर अधिक होने पर लोगों को मजबूर होकर रात जगकर गुजारना पड़ रहा है।जिसमें जिले के ऊंचाहार तहसील के अन्तर्गत जमुनापुर विद्युत उपकेन्द्र के अन्तर्गत जमकर विद्युत कटौती किया जा रहा है।जिसको लेकर उपभोक्ताओं का कहना कि विद्युत बिल सिर्फ मनमानी वसूला जाता है और विद्युत कटौती जमकर किया जा रहा है।अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग ने बताया कि जांच करवाया जाएगा क्यों विद्युत कटौती किया जा रहा है।

# छात्रों की पढ़ाई एम्स कॉन्वेंट भगवतीगंज ,नामांकन पब्लिक सिटी मोंटेसरी अगरहवा

## बिना मान्यता के संचालित स्कूल को तत्काल बंद न करने पर एफआईआर कराने का दिया निर्देश



**बलरामपुर।** बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के आंख में धूल झोंक कर जिला मुख्यालय के भगवती गंज बाजार में संचालित एम्स कान्वेंट स्कूल का फर्जीबाड़ा डीआईओएस के निरीक्षण में उजागर हुआ है निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 9तक स्कूल संचालित मिला है। मान्यता संबंधी पत्रावली प्रिंसिपल से मांगे जाने पर कुछ भी उपलब्ध नहीं कर सके कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं का नामांकन पब्लिक सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज अगरहवा में कराया जाना सामने आया है डीआईओएस ने विद्यालय को तत्काल बंद करने का निर्देश प्रधानाचार्य को दिया है उन्होंने विद्यालय प्रबंधक प्रिंसिपल अब तरीके से चल रहे विद्यालय को तत्काल बंद न करने पर माध्यमिक शिक्षा नियमावली के अंतर्गत प्रबंधक प्रधानाचार्य के खिलाफ नियम अनुसार विधि कार्रवाई कर फिर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ एक सप्ताह के भीतर माध्यमिक शिक्षा कार्यालय में उपस्थित होकर विद्यालय






संचालन के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया है। जिला विद्या निरीक्षक गोविंद राम ने भगवतीगंज बाजार के प्रथमा ग्रामीण बैंक के समीप संचालित एम्स कान्वेंट स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कक्षा एक से कक्षा 9 तक स्कूल संचालित मिला प्रधानाचार्य वीरेंद्र शुक्ला से मान्यता पत्रावली मांगे जाने पर किसी भी प्रकार की कोई कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई प्रधानाचार्य ने डीआईओएस को बताया कि नवी कक्षा में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं का नामांकन पब्लिक सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज अगरहवा में है जिला विदाई निरीक्षक में प्रधानाचार्य को निर्देशित किया है कि अगर अभय तरीके से विद्यालय संचालन किया जाता है तो माध्यमिक शिक्षा नियमावली के अंतर्गत प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक के खिलाफ नियम अनुसार विधिक कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज कराया जाए। प्रधानाचार्य को अपना पक्ष रखने एवं स्पष्टीकरण देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। जानकारों की माने तो जिला मुख्यालय पर बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के आंख में धूल झोंककर बिना मान्यता के अवैधानिक तरीके से स्कूल संचालित कर अभिभावकों के बच्चों के सुनहरे भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### मान्यता हाई स्कूल चला रहे इंटर

एम्स पब्लिक स्कूल से जुड़े प्रबंधक परिवार में बिना मान्यता के स्कूल धड़ले से संचालित किया जा रहे हैं अथवा एक मान्यता पर दो विद्यालय का संचालन किया जा रहा है एक सिटी मोंटसरी इंटर कॉलेज अगर हवा की मान्यता हाई स्कूल की है कक्षाएं इंटर तक संचालित हो रही है इन पर शिक्षा महकमा का कोई अंकुश नहीं है इतना ही नहीं इन्हीं के भाई जुवाथान पर हाई स्कूल की मान्यता पर इंटर तक आर एल शांति पब्लिक स्कूल स्कूल संचालित कर रहे हैं सरे आम बोर्ड पर हाई स्कूल की मान्यता के स्थान पर इंटरमीडिएट लेकर अभिभावकों को गुमराह करके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं इस स्कूल पर शिक्षा अधिकारियों ने जांच किया लेकिन आज तक मानक से अधिक कक्षाएं संचालन पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी इतना ही नहीं इस विद्यालय के नाम से 200 मीटर की दूरी पर न्यू आर एल शांति पब्लिक स्कूल बिना मान्यता के किराए के भवन में जुआ थान पर संचालित किया जा रहा है अभिभावकों को लोक लुभावन पंपलेट बैनर पोस्टर से गुमराह करके बच्चों का बिना मान्यता के स्कूल में दाखिला लिया जा रहा है विभागीय साठ गांठ के चलते अधिकारी जांच का कोरम पूरा करके अभय दान दिए हुए हैं समस्या तब खड़ी होती है जब अभिभावक विद्यालय से ट्रांसफर सर्टिफिकेट एवं अंक पत्र मांगते हैं तो उन्हें दूसरे स्कूल का ट्रांसफर सर्टिफिकेट अंक पत्र थमा दिया जाता है। इतना सब होने के बाद भी बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा महकमा का विद्यालय पर कार्रवाई ना किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में सदर खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक ने बताया कि बिना मान्यता के न्यू आर एल शांति पब्लिक स्कूल जुआ थान पर संचालित होने की जानकारी मिली है एक बार जांच किया गया तो विद्यालय ताला बंद करके सब फरार हो गए जल्द ही कार्रवाई की जाएगी बिना मान्यता के स्कूल संचालन नहीं होने दिया जाएगा दोबारा अवैध तरीके से स्कूल संचालित होने पर विधि कार्रवाई के साथ प्राथमि की दर्ज कराई जाएगी।